WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक **नवप्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश-विदेश 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

रायपुर, रविवार, 20 जुलाई 2025 कृष्ण पक्ष- दशमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 157 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में गूगल और मेटा को ईडी का नोटिस, 21 से पूछताछ

मामला मनी लॉन्ड्रिंग और हवाला लेनदेन जैसे गंभीर वित्तीय अपराधों से जुड़ा

नई दिल्ली (आईएएनएस)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप्स को बढ़ावा देने के आरोप में टेक दिग्गज गूगल और मेटा को नोटिस भेजा है। इन कंपनियों को 21 जुलाई को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। ईडी का कहना है कि इन प्लेटफॉर्म्स ने सट्टेबाजी ऐप्स को विज्ञापन के प्रमुख स्थान दिए और उनकी वेबसाइट्स को अपनी सेवाओं का जरिया बनाया, जिससे अवैध गतिविधियों को बढ़ावा मिला। यह जांच मनी लॉन्ड्रिंग और हवाला लेनदेन जैसे गंभीर वित्तीय अपराधों से जुड़ी है।

करोड़ों रुपये की अवैध कमाई

ईडी ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप्स के एक बड़े नेटवर्क की जांच कर रहा है। कई ऐप्स खुद को 'स्किल बेस्ड गेम्स' बताकर अवैध सट्टेबाजी को बढ़ावा दे रहे हैं। इन प्लेटफॉर्म्स के जरिए करोड़ों रुपये की अवैध कमाई की गई, जिसे हवाला चैनलों के माध्यम से छिपाया गया ताकि जांच से बचा जा सके। ईडी ने इन ऐप्स के विज्ञापनों को गूगल और मेटा के प्लेटफॉर्म्स पर प्रमुखता से प्रदर्शित होने का आरोप लगाया है, जिससे इनके यूजर्स बढ़े। पिछले हफ्ते, ईडी ने तेलुगु राज्यों में 29 मशहूर हस्तियों के खिलाफ कार्रवाई की।

इन अभिनेताओं पर लगा मनी लॉन्ड्रिंग केस

इनमें अभिनेता विजय देवरकोंडा, राणा दग्गुबाती, प्रकाश राज, निधि अग्रवाल, प्रणिता सुभाष, मंचू लक्ष्मी और अनन्या नगेला शामिल हैं। इसके अलावा, टीवी कलाकार, होस्ट और सोशल मीडिया प्रभावशाली व्यक्तियों जैसे श्रीमुखी, श्यामला, वर्षिणी सौंदर्यराजन, वसंती कृष्णन, शोभा शेट्टी, अमृता चौधरी, नयनी पावनी, शेष पृष्ठ 6 पर

5 एफआईआर के आधार पर कार्रवाई शुरू

यह जांच पब्लिक गैम्बलिंग एक्ट, 1867 और मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत हो रही है। तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में दर्ज पांच एफआईआर के आधार पर ईडी ने यह कार्रवाई शुरू की। मार्च में, साइबराबाद पुलिस ने भी विजय देवरकोंडा, राणा दग्गुबाती और प्रकाश राज सहित कई हस्तियों के खिलाफ अवैध सट्टेबाजी ऐप्स के प्रचार का मामला दर्ज किया था। हालांकि, इन हस्तियों ने सफाई दी कि वे किसी अवैध ऐप का प्रचार नहीं कर रहे थे। ईडी अब इन सभी मामलों की गहन जांच कर रहा है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी में है।

आज बेबाक

भारतीय अंतरिक्ष यात्री कैप्टन शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष स्टेशन से बीस दिनों बाद हुई कुशल वापसी से पूरा देश गर्वित है। कांग्रेस के नेता उदित राज ने भी इसपर खुशी जाहिर की है। साथ ही अपना दर्द भी बयां किया है। बकौल उदित राज अंतरिक्ष में किसी दलित या ओबीसी को भेजा जाना चाहिए कहने का मतलब कि वे अंतरिक्ष अनुसंधान क्षेत्र में भी आरक्षण चाहते हैं। नासा को उनकी भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। ऐसे ही किसी अन्य अंतरिक्ष कार्यक्रम में उदित राज को ही अंतरिक्ष में भेजना चाहिए क्योंकि वे बहुत बड़े वाले डेढ़ होशियार हैं।

मणिपुर में गोला-बारूद का बड़ा जखीरा बरामद

इंफाल (वार्ता)। मणिपुर में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने और कानून व्यवस्था में सुधार के लिए चलाए गए अभियानों के तहत पुलिस ने गोला बारुद का एक बड़ा जखीरा बरामद करने में सफलता हासिल किया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि काकचिंग जिले के अरोंग नोंग्माइखोंग पुलिस थाना अंतर्गत पुमलेन पट के चिंगजाओ द्वीप क्षेत्र से शुक्रवार को गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा बरामद किया है। उन्होंने बताया कि जब्त किए गए सामान में नौ मिमी गोला-बारूद के 1,406 राउंड, .303 कैलिबर की 125 राउंड गोलियाँ और सात खाली कारतूस शामिल थे।

कश्मीर में दस ठिकानों में सीआईके का तलाश अभियान जारी

श्रीनगर (वार्ता)। जम्मू कश्मीर पुलिस की आतंकवाद रोधी शाखा का आतंकवाद के एक मामले के सिलसिले में घाटी के कई स्थानों पर तलाश अभियान जारी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (सीआईके) का कश्मीर घाटी के चार जिलों में 10 स्थानों पर तलाश अभियान जारी है। समन्वित छापेमारी आज सुबह शुरू हुई और यह क्षेत्र में सक्रिय एक आतंकवादी स्लीपर सेल तथा भर्ती मॉड्यूल की जाँच के तहत की जा रही है। कश्मीर के जिन चार जिलों के 10 ठिकानों पर तलाशी चल रही है उनमें गंदेरबल में छह, बडगाम में दो और श्रीनगर तथा पुलवामा में एक-एक ठिकाना शामिल है। अधिकारियों ने कहा कि यह मामला आतंकवादी गतिविधियों में मदद करने के संदिग्ध व्यक्तियों से संबंधित है, जिसमें आतंकवादी समूहों में भर्ती भी शामिल है। छापेमारी से संबंधित अधिक जानकारी की प्रतीक्षा की जा रही है। अभियान अभी भी जारी है।

स्वर्ण मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी

अमृतसर (वार्ता)। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) को शनिवार को स्वर्ण मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी भरा एक और ई-मेल मिला। चौदह जुलाई के बाद से यह आठवीं ऐसी धमकी है। ऐसी धमकियों के मद्देनजर पवित्र सिख तीर्थस्थल स्वर्ण मंदिर के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। मंदिर के बाहर पुलिस बल तैनात किया गया है और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सादे कपड़ों में पुलिस अधिकारी परिसर में गश्त कर रहे हैं।

नई औद्योगिक नीति के माध्यम से रोजगार सृजन कर रही है हमारी सरकार : सीएम साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज नवा रायपुर के सेक्टर-05 स्थित एस्पायर फार्मास्यूटिकल्स की नवनिर्मित इकाई का भव्य शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रबंधन को शुभकामनाएं दीं और उत्पादन इकाई का भ्रमण कर दवा निर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया का अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि कोविड के कठिन दौर में दवाइयों की किल्लत को देखते हुए इस इकाई के निर्माण का सपना देखा गया था और आज वह साकार हुआ है। उन्होंने कहा कि जब पूरी दुनिया कोविड के संकट से जूझ रही थी, तब भारत ने स्वदेशी वैक्सीन विकसित कर एक मिसाल कायम की। श्री साय ने कहा कि फार्मास्यूटिकल्स की इकाई का शुभारंभ प्रदेश के औद्योगिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति निवेशकों को आकर्षित कर रही है और पिछले सात-आठ महीनों में 6 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें से कई परियोजनाओं पर कार्य आरंभ हो चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार औद्योगिक इकाइयों के माध्यम से अधिक से अधिक रोजगार सृजन का कार्य कर रही है और ऐसी इकाइयों को विशेष प्रोत्साहन भी दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ आज रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर चुका है, और इन 25 वर्षों में जो विकास हुआ है, उसमें पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि डॉ. सिंह ने न केवल प्रदेश से भूखमरी को दूर किया, बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में भी ठोस नींव रखी। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य क्षेत्र की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य गठन के समय प्रदेश में केवल एक मेडिकल कॉलेज था, जबकि आज प्रदेश में 15 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं। प्रदेश में आयुष्मान भारत योजना और मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के जरिए लोगों को निःशुल्क इलाज मिल रहा है। श्री साय ने बताया कि पिछले डेढ़ वर्ष की अवधि में छह से अधिक विशेषज्ञ अस्पतालों के शुभारंभ का मैं साक्षी रहा हूं, जो दर्शाता है कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री श्री मोदी का मानना है कि लोग बीमार न पड़ें, निरोगी रहें, और उनकी इसी संकल्पना के अनुरूप वेलनेस सेंटर के माध्यम से लोगों को आरोग्य प्राप्त हो रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सरकार ने 'विकसित छत्तीसगढ़ 2047' की परिकल्पना के तहत विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश की सकल राज्यीय उत्पाद 5 लाख करोड़ है, जिसे 2030 तक 10 लाख करोड़ और 2047 तक 75 लाख करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, और यह प्रदेशवासियों के सहयोग से ही संभव होगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर एस्पायर फार्मास्यूटिकल्स का भ्रमण कर उन्नत तकनीकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह इकाई पूरी तरह ऑटोमेटेड है, जहाँ टैबलेट, सिरप, ऑइंटमेंट शेष पृष्ठ 6 पर

हादसों का वार रहा शनिवार, आठ की मौत

कार सवार चार लोगों की जिंदा जलने से मौत

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर में नेशनल हाईवे 30 में बीती रात भयंकर सड़क हादसा हुआ है, हादसे में चार युवकों की मौत हो गई है, जबकि दो युवक घायल है, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हादसा रात करीब एक बजे आतुर गांव पुल पर हुआ है। कांकेर एडिशनल एसपी दिनेश सिन्हा ने बताया कि रात एक बजे कार आतुरगांव में निर्माणाधीन पुल के समीप स्तिथ पुराने पुल के किनारे कांक्रीट से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

6 में से दो बाहर निकल पाए : दुर्घटना के दौरान कार में स्पार्किंग व शार्टसर्किट से भीषण आग लग गई। कार में 6 व्यक्ति सवार थे जिसमें से दो बाहर निकल पाए और चार लोगों की कार के अंदर ही जलकर मौत हो गई। कांकेर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर नीचे नदी के पानी एवं फायर ब्रिगेड की मदद से आगकाबू पाया गया। दोनों घायलों को सामान्य चोटें आयी हैं जिन्हे तत्काल जिला अस्पताल कांकेर में भर्ती कराया गया है।

चार युवकों की मौत : जिन चारों युवकों की मौत हुई उनमें युवराज सोरी, निवासी बाड़ाटोला, हेमंत शेष पृष्ठ 6 पर

ट्रैक्टर से टकराई बाइक, दो युवकों की मौत, एक गंभीर

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। बलौदाबाजार जिले के सलौनी (भाठागांव) इलाके में बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तीन युवक बाइक पर सवार होकर गांव लौट रहे थे, तभी सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर से उनकी टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर की हेडलाइट चालू नहीं थी, जिससे अंधेरे में यह दुर्घटना हुई। हादसे में उमाशंकर ध्रुव (27) और दीपेंद्र ध्रुव (14) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि यशवंत ध्रुव (19) गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया है। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

केशकाल में सड़क हादसा, दो की मौत, एक गंभीर

कोंडागांव/नवप्रदेश। केशकाल क्षेत्र के फरसगांव थाना अंतर्गत एक भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की जान चली गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल युवक को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा उस समय हुआ जब एक तेज रफ्तार कार ने बाइक पर सवार युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक कार की छत पर फंस गया और करीब 8 किलोमीटर तक कार के साथ घसीटता चला गया। जब कार बोरगांव के पास पहुंची, तो चालक घायल युवक को वहीं उतारकर भागने की कोशिश करने लगा। उसी दौरान कार अनियंत्रित होकर एक पुल से टकरा गई, जिससे चालक की भी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, घायल युवक को शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़ के राजशेखर पैरी भरेंगे अंतरिक्ष की उड़ान

■ अमेरिका की प्राइवेट स्पेस कंपनी ने पहले मिशन के लिए किया चयन

रायपुर /नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ के छोटे से कस्बे पेंड्रा से निकलकर अब एक युवा अंतरिक्ष की ओर कदम बढ़ा रहा है। मूल रूप से बिलासपुर जिले के रहने वाले राजशेखर पैरी को अमेरिका की निजी एयरोस्पेस कंपनी टाइटन स्पेस इंडस्ट्रीज ने अपने पहले मानव अंतरिक्ष मिशन के लिए चुना है। यह न सिर्फ उनके लिए, बल्कि छत्तीसगढ़ और भारत के लिए भी गर्व की बात है। 30 वर्षीय राजशेखर इस समय यूके में रहकर एयरोस्पेस और मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे हैं और साथ ही एक स्पेस टेक्नोलॉजी कंपनी ऑर्बिटालॉकर में प्रोजेक्ट

मैनेजर (इंजीनियरिंग) के रूप में कार्यरत हैं। इससे पहले उन्होंने कम्प्यूटेशनल फ्लूइड डायनेमिक्स में इंटर्नशिप भी की है।

चुनाव से पहले हुआ कठिन प्रशिक्षण: राजशेखर को इस मिशन का हिस्सा बनने से पहले कठोर ट्रेनिंग से गुजरना पड़ा। उन्होंने नकली चंद्र मिशन में हिस्सा लिया, एनालॉग स्पेस आवासों में रहकर अलग-अलग परिस्थितियों का सामना किया और अंतरिक्ष यात्रियों के लिए तय किए जाने वाले कई मापदंडों को सफलतापूर्वक पूरा किया।

निजता और अधिकारों से समझौता नहीं

नई दिल्ली(आईएएनएस)। अमेरिका ने कहा कि उसने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा पिछले साल बनाए गए अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य नियमों (आईएचआर) में किए गए संशोधनों को खारिज कर दिया है। अमेरिका के स्वास्थ्य विभाग के मंत्री रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर और विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने मिलकर एक संयुक्त बयान जारी किया है। इसमें उन्होंने कहा कि अमेरिका डब्ल्यूएचओ द्वारा 2024 में किए गए नए स्वास्थ्य नियमों को औपचारिक रूप से खारिज करता है। इस संयुक्त बयान में डब्ल्यूएचओ के नए नियमों की जमकर आलोचना की गई है। जारी बयान में कहा गया कि ये संशोधन अस्पष्ट और बहुत व्यापक हैं, जिससे अमेरिकी नागरिकों के मौलिक अधिकारों पर असर पड़ सकता है।

प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना से 100 जिलों में बड़ा बदलाव

■ 1.7 करोड़ किसानों को प्रत्यक्ष लाभ भी तय

नई दिल्ली (आईएएनएस)। देश की कृषि व्यवस्था में व्यापक सुधार की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को मंजूरी दी। इस योजना का उद्देश्य देश के 100 निम्न-प्रदर्शन वाले कृषि जिलों में सतत विकास को सुनिश्चित करना है। योजना का वार्षिक परिव्यय 24,000 करोड़ रुपए रखा गया है और यह अगले छह वर्षों तक लागू की जाएगी। यह महत्वाकांक्षी योजना केंद्रीय बजट 2025-26 में पहली बार घोषित की गई थी। इसका फोकस केवल

कृषि ही नहीं, बल्कि इससे जुड़ी सभी गतिविधियों जैसे सिंचाई, भंडारण, प्राकृतिक खेती और ऋण सुविधा पर केंद्रित है। योजना का लक्ष्य उत्पादकता बढ़ाना, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना और किसानों को वित्तीय एवं तकनीकी मदद उपलब्ध कराना है। इस योजना की खास बात यह है कि यह केंद्र सरकार के 11 मंत्रालयों की 36 मौजूदा योजनाओं को संतृप्ति-आधारित मॉडल के तहत एकीकृत करती है। इसका उद्देश्य दोहराव से बचना और योजनाओं के समन्वित क्रियान्वयन से अधिकतम प्रभाव शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा - गरम

सोशल मीडिया वार... भूपेश बघेल ने कहा - मेरे खिलाफ हो रहा पीआर एजेंसी का इस्तेमाल, स्क्रीनशॉट किया शेयर

चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के बाद छत्तीसगढ़ की सियासत गरमाई

रायपुर/नवप्रदेश। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को शुक्रवार को गिरफ्तारी के बाद कोर्ट ने उन्हें पांच दिन की रिमांड पर ईडी को सौंप दिया। अब ईडी उनसे पूछताछ कर रही है। चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के बाद छत्तीसगढ़ की सियासत गरमाई हुई है। इस मामले को लेकर बीजेपी और कांग्रेस एक दूसरे पर हमलावर है। एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाये जा रहे हैं। इस बीच भूपेश बघेल का एक ट्वीट सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस ट्वीट के जरिये उन्होंने बीजेपी सरकार पर निशाना साधा है।

पीआर एजेंसी का इस्तेमाल : पूर्व सीएम बघेल ने एक्स पर ट्वीट

कर लिखा कि 'कुछ लोग इतने बेचारे हैं कि मेरे खिलाफ सोशल मीडिया पर लिखवाने के लिए अब पीआर एजेंसी का इस्तेमाल कर रहे हैं। ट्वीट कहाँ रचे जा रहे हैं, कहाँ भेजे जा रहे हैं, कहाँ करवाए जा रहे हैंज्. सब कुछ घूमकर मुझ तक भी पहुँच रहा है। आप पहले से बेनक़ाब हैं, नक़ाब पहनने की कोशिश न कीजिए। दरअसल,सोशल मीडिया पर कुछ स्क्रीनशॉट वायरल हो रहे हैं, जिसमें पूर्व सीएम बघेल के विरुद्ध ट्वीट करने की बात कही जा रही है। इसमें बघेल के खिलाफ एक के बाद एक आरोप प्वॉइंटवार लगाये गये हैं।

चैतन्य बघेल के वकील ने क्या कहा : कोर्ट की कार्यवाही के दौरान पूर्व सीएम भूपेश बघेल भी जिला कोर्ट रायपुर पहुंचे थे। शेष पृष्ठ 6 पर

रिपोर्ट में दावा: भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को सिंडेकेट से मिले एक हजार करोड़ रुपए!

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को ईडी ने गिरफ्तार कर 5 दिनों की रिमांड में लिया है। इस दौरान ईडी चैतन्य से छत्तीसगढ़ में हुए शराब घोटाले के मामले में पूछताछ करेगी। इस बीच एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चैतन्य बघेल को सिंडिकेट के माध्यम से करीब 1 हजार करोड़ रुपए मिले। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि शराब घोटाले में ईडी ने भूपेश बघेल के करीबियों से मिले सबूत के आधार पर उनके इकलौते बेटे चैतन्य को गिरफ्तार किया है. पांच साल तक उनके करीबी रहे कारोबारी और नेता एजेंसी के सामने टूट गए। उन्होंने उनके खिलाफ बयान दिया है. ईडी का दावा है कि दुर्ग के कारोबारी और भूपेश बघेल के करीबी लक्ष्मीनारायण उर्फ पप्पू बंसल ने कबूल किया है कि शराब घोटाले में उन्हें तीन माह के भीतर 136 करोड़ मिले. पैसा कारोबारी अनवर ढेबर और नीतेश पुरोहित ने भिजवाया था. उन्होंने चौंकाने वाला बयान दिया है कि सिंडीकेट से चैतन्य को 1000 करोड़ रुपए मिले हैं।

ईडी की कार्रवाई पर कांग्रेस का आरोप बेबुनियाद: अरुण साव

छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम अरुण साव ने शराब घोटाले मामले में ईडी की कार्रवाई पर कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं का आरोप बेबुनियाद और निराधार है। छत्तीसगढ़ में शराब घोटाले मामले में ईडी की कार्यवाही भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री रहते शुरू हुई थी। इससे पहले प्रदेश में शराब घोटाले की जानकारी आम लोगों तक पहुंच चुकी थी। प्रदेश में दो काउंटर लगाकर शराब बेची जा रही थी। ईडी की वहीं जांच की कार्रवाई क्रमशः आगे बढ़ रही है जिन लोगों के खिलाफ ईडी को साक्ष्य और तथ्य मिल रहे हैं, उन लोगों के खिलाफ ईडी कार्यवाही कर रही है।

न्यूज गैलरी

कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता चैतन्य बघेल के साथ खड़ा

रायपुर/नवप्रदेश। सांसद एवं कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपने एक्स पोस्ट पर कहा कि कांग्रेस का हर कार्यकर्ता चैतन्य बघेल के साथ खड़ा है। हमारे कार्यकर्ता किसी भी एजेंसी के दबाव के सामने झूकेंगे नहीं। राज्य में इस समय केंद्र की संवैधानिक संस्थाओं द्वारा कोयला, शराब घोटाले में कांग्रेस के कई नेताओं को जेल में डाल दिया गया है वहीं कई शराब ठेकेदारों अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई चल रही है इस समय भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल के विरुद्ध ईडी द्वारा कार्रवाई किये जाने से बवाल मच गया है।

फिर सक्रिय हुआ अमित जोश गैंग, बीएसपी कर्मी पर तलवार से हमला

भिलाई /नवप्रदेश। भिलाई शहर में कुख्यात अमित जोश गैंग एक बार फिर से सक्रिय होता नजर आ रहा है। एनकाउंटर में मारे जा चुके अमित जोश के जीजा लकी जॉर्ज और उसके साथी यशवंत नायडू पर बीएसपी (भिलाई स्टील प्लांट) कर्मी चन्द्रकान्त वर्मा पर जानलेवा हमला करने का आरोप है। जानकारी के अनुसार, चन्द्रकान्त वर्मा रात 10 बजे सेक्टर-5 मार्केट में सामान लेने गए थे, तभी नीले रंग की एक कार में सवार होकर लकी जॉर्ज और यशवंत नायडू वहां पहुंचे। दोनों ने वर्मा के साथ गाली-गलौच करते हुए तलवार से हमला कर दिया। किसी तरह जान बचाकर चन्द्रकान्त वर्मा वहां से भागे और लिफ्ट लेकर बीएसपी सेक्टर-9 अस्पताल पहुंचे, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही भिलाई नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की उम्मीद जताई जा रही है। इलाके में इस घटना के बाद दहशत का माहौल है।

तेंदुए ने किया बछड़े का शिकार

मोहला/मानपुर/अम्बागढ़ चौकी/नवप्रदेश। अंबागढ़ चौकी क्षेत्र के पांगरी गांव में बुधवार रात एक तेंदुआ आबादी क्षेत्र में घुस आया और एक बछड़े का शिकार कर लिया। घटना के बाद से गांव और आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल है। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर तेंदुए के हमले की पुष्टि की है। अधिकारियों के मुताबिक, शिकार के बाद तेंदुआ वापस पास के जंगल की ओर लौट गया और इसके बाद किसी अन्य जानवर या व्यक्ति को नुकसान नहीं पहुंचाया। गांव में इस घटना के बाद एहतियात के तौर पर वन विभाग द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कोटवारों के माध्यम से मुनादी कर लोगों को सतर्क किया जा रहा है।

जबर हरेली रैली आज

भिलाई /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति की छटा बिखेरता एवं प्रकृति रक्षा का संदेश देता हुआ हरेली का त्योहार मनाने छत्तीसगढिया क्रान्ति सेना के तत्वावधान में प्रदेश भर से हजारों लोग रविवार को भिलाई में एकत्रित होंगे । रैली के संबंध में प्रशासन अपनी चुस्त-दुरुस्त तैयारी कर चुका है । संगठन इसे बड़े पैमाने पर पिछले एक दशक से लगातार मनाते आ रहा है । छत्तीसगढ़ में किसी भी सामाजिक संस्था के आयोजनों में भिलाई के जबर हरेली रैली को प्रमुख एवं विशालतम माना जाता है । यह कार्यक्रम छत्तीसगढिया संस्कृति का आईना है क्योंकि इस एक दिवसीय कार्यक्रम में ही बस्तरिहा मांदरी, सुवा, पंथी, करमा, गेड़ी,अखाड़ा,राऊतनाचा,डंडानृत्य जैसे छत्तीसगढ़ के लगभग हर कलाविधा का रैली के रुप में प्रदर्शन करते हुए सैकड़ों लोक कलाकार दस किलोमीटर की यात्रा करते चलते हैं ।

नशे में धुत बेटे ने की पिता की हत्या

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा में नशे में धुत बेटे ने अपने ही पिता की डंडे और ईंट से पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान 60 वर्षीय परशराम रोहिदास के रूप में हुई है। आरोपी बेटा शंकर रोहिदास (27) बताया गया है। यह घटना दीपका थाना क्षेत्र के ग्राम झाबर की है। जानकारी के मुताबिक, घटना दीपका कॉलेज के पीछे टिक्कू ढाबा के पास हुई। आरोपी नशे की हालत में घर लौटा और पिता से विवाद करने लगा। बात बढ़ी तो उसने डंडे और ईंट से हमला कर दिया, जिससे मौके पर ही पिता की मौत हो गई। सूचना मिलते ही दीपका थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पूछताछ में पता चला कि पिता-पुत्र के बीच अक्सर शराब के नशे में गाली-गलौज और झगड़े होते थे।

मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त,48 लाख का था इनाम

नारायणपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के खिलाफ एक और बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। 17 और 18 जुलाई की दरमियानी रात को माड़ बचाओ अभियान के तहत चलाए जा रहे ऑपरेशन मानसून में डीआरजी,एसटीएफ और बीएसएफ की संयुक्त टीमों ने अबूझमाड़ के परिया-काकुर जंगल में भीषण मुठभेड़ के बाद 6 नक्सलियों को मार गिराया। अब सुरक्षा बलों ने मारे गए नक्सलियों की पहचान कर ली है।

बता दें कि मारे गए नक्सलियों में पीएलजीए प्लाटून क्रमांक-01 का कमांडर राहुल पुनेम उर्फ लच्छू पुनेम भी शामिल है, जिसे नक्सलियों की डिविजनल कमेटी स्तर का नेता माना जाता था। यह मुठभेड़ छत्तीसगढ़ पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बलों की संयुक्त रणनीति का परिणाम है, जिसे नक्सलियों के खिलाफ एक बड़ी रणनीतिक सफलता माना जा रहा है। नारायणपुर के पुलिस अधीक्षक रॉबिनसन गुरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि 17 जुलाई को विश्वसनीय सूचना मिलने के बाद डीआरजी की टीम (नारायणपुर, कांकेर, बस्तर, कोंडागांव), एसटीएफ और बीएसएफ की 129वीं, 133वीं और 135वीं बटालियन को लेकर एक संयुक्त सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। 18 जुलाई की दोपहर से लगातार रुक-रुक कर मुठभेड़ चलती रही, जो देर रात तक चली। इसके बाद जंगलों में गहन सर्च ऑपरेशन किया गया, जिसमें 6 नक्सलियों के शव बरामद किए गए। प्रारंभिक जांच और फील्ड इंटेलिजेंस के आधार पर मारे गए नक्सलियों की पहचान की गई है।

मारे गए नक्सलियों की पहचान

राहुल पुनेम उर्फ लच्छू पुनेम (38 वर्ष), मनीषा (25 वर्ष), टाटी मीना उर्फ सोमरी उर्फ छोटी (22 वर्ष), कुड़ाम बुधरी (21 वर्ष),

4 महिला माओवादी भी ढेर, कुल इनामी राशि 48 लाख

सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ स्थल से 6 नक्सलियों के शव बरामद किए, जिनमें 4 महिला नक्सली कैडर भी शामिल हैं। इन सभी पर कुल 48 लाख का इनाम घोषित था। मौके से एके-47, एसएलआर, 12 बोर रायफल,बीजीएल लॉन्चर, दर्जनों बीजीएल सेल, भारी मात्रा में विस्फोटक और नक्सली साहित्य बरामद किया गया है।

2025 में अब तक 204 नक्सली ढेर: गौरतलब है कि परिया-काकुर मुठभेड़ के साथ ही वर्ष 2025 में अब तक बस्तर क्षेत्र में कुल 204 नक्सली मारे जा चुके हैं। यह आंकड़ा बताता है कि सुरक्षा बलों द्वारा चलाए जा रहे अभियान कितने प्रभावी साबित हो रहे हैं। आईजी बस्तर रेंज सुंदरराज पट्टलिंगम ने बताया कि छत्तीसगढ़ पुलिस प्रतिबंधित सीपीएम के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई लड़ रही है। मानसून जैसी विषम परिस्थिति में भी हमारी टीमों ने यह सफलता प्राप्त की है, जो इस बात का संकेत है कि बस्तर में अब स्थायी शांति और समृद्धि की नींव मजबूत हो रही है।

एसपी नारायणपुर रॉबिनसन गुरिया ने कहा बस्तर से नक्सलवाद को समाप्त करने के निर्णायक चरण में हम प्रवेश कर चुके हैं। जो लोग इसकी खोखली विचारधारा से भ्रमित हैं और विकास की राह में बाधा बन रहे हैं, उन्हें आत्मसमर्पण कर सम्मानपूर्वक जीवन अपनाना चाहिए। अन्यथा उन्हें इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

कांकेर-कोंडागांव समेत 7 जिलों में अलर्ट

बस्तर में होगी बारिश, सेंट्रल-नॉर्थ के कुछ हिस्से भीगेंगे

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में दो दिन बाद शनिवार दोपहर को मौसम बदला और तेज बारिश हुई। इस दौरान बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो घायल हैं। तीनों युवक छत पर गेम खेलने बैठे थे। इसी दौरान अचानक बिजली गिरी। घायलों का इलाज जारी है। घटना खम्हारडीह के भावना नगर की है। मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ में अगले 5 दिन बस्तर संभाग के जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया था। नारायणपुर, कोंडागांव, कांकेर समेत 7 जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा बाकी अन्य जिलों में मौसम सामान्य रहेगा।

मध्य और उत्तर छत्तीसगढ़ के कुछ ही स्थानों पर बारिश की एक्टिविटी दिखेगी। पिछले 24 घंटे की बात करें तो प्रदेश के सभी पांच संभाग के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश रिकॉर्ड की गई है। तापमान की बात करें तो शुक्रवार को सबसे अधिक टेंपरेचर 34 डिग्री सेल्सियस राजनांदगांव और सबसे कम न्यूनतम तापमान 20.8 डिग्री सेल्सियस दुर्ग में दर्ज किया गया। मौसम विभाग से जारी आंकड़ों के मुताबिक छत्तीसगढ़ में 1 जून से 18 जुलाई 2025 तक 424.4 मिलीमीटर पानी बरस चुका है। जो औसत से 4 फीसदी ज्यादा है। बलरामपुर में सबसे ज्यादा 709.1 मिमी पानी बरसा है।

जानिए इसलिए गिरती है बिजली : दरअसल, आसमान में विपरीत एनर्जी के बादल हवा से उमड़ते-घुमड़ते रहते हैं। ये विपरीत दिशा में जाते हुए आपस में टकराते हैं। इससे होने वाले घर्षण से बिजली पैदा होती है और वह धरती पर गिरती है। आकाशीय बिजली पृथ्वी पर पहुंचने के बाद ऐसे माध्यम को तलाशती है जहां से वह गुजर सके। अगर यह आकाशीय बिजली, बिजली के खंभों के संपर्क में आती है तो वह उसके लिए कंडक्टर (संचालक) का काम करता है, लेकिन उस समय कोई व्यक्ति इसकी परिधि में आ जाता है तो वह उस चार्ज के लिए सबसे बढ़िया कंडक्टर का काम करता है। जयपुर में आमेर महल के वॉच टावर पर हुए हादसे में भी कुछ ऐसा ही हुआ।

आकाशीय बिजली से जुड़े कुछ तथ्य जो आपके लिए जानना जरूरी : आकाशीय बिजली का तापमान सूर्य के ऊपरी सतह से भी ज्यादा होता है। इसकी क्षमता तीन सौ किलोवॉट मतलब 12.5 करोड़ वॉट से ज्यादा चार्ज की होती है। यह बिजली मिली सेकेंड से भी कम समय के लिए ठहरती है। यह मनुष्य के सिर, गले और कंधों को सबसे ज्यादा प्रभावित करती है। दोपहर के वक्त इसके गिरने की आशंका ज्यादा होती है।

लंबा रह सकता है मानसून

मानसून के केरल पहुंचने की सामान्य तारीख 1 जून है। इस साल 8 दिन पहले यानी 24 मई को ही केरल पहुंच गया था। मानसून के लौटने की सामान्य तारीख 15 अक्टूबर है। अगर इस साल अपने नियमित समय पर ही लौटता है तो मानसून की अवधि 145 दिन रहेगी। इस बीच मानसून ब्रेक की स्थिति ना हो तो जल्दी आने का फायदा मिलता सकता है।

आकाशीय बिजली से जुड़े मिथ

- आकाशीय बिजली के एक चीज पर 2 बार नहीं गिरती।
- रबर, टायर या फोम इससे बचाव कर सकते हैं।
- अगर कोई नाव चला रहा हो तो बाहर आ जाना चाहिए।
- लम्बी चीजें आकाशीय बिजली से बचाव करती हैं।

हत्या के प्रयास में आरोपी पति को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर दबोचा

पत्नी को चाकू मारकर भागने की फिराक में था पति

बालोद/नवप्रदेश। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक द्वारा दिनांक 16.07.25 को ग्राम साल्हेटोला की महिला श्रीमति त्रिवेणी साहू कि चोटील होने की सूचना जिला अस्पताल बालोद से प्राप्त होने पर जांच करने का निर्देश दिया गया था। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर एवम् एसडीओपी बालोद देवांश राठौर के दिशा निर्देश पर थाना प्रभारी बालोद को बारिकी से विवेचना कार्यवाही किया गया। कोतवाली थाना पुलिस द्वारा मौके पर पहुचकर पिड़िता से पूछताछ कर मौके पर जांच कर प्रकरण में पिड़िता का पति लीलाधर साहू के द्वारा अपनी पत्नि को घरेलू विवाद के कारण आक्रोश में आकर उसकी हत्या करने की नियत से उसे चाकू से वार करने से नाभि के नीचे चोट से अतड़ी बाहर आ गया था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए बालोद थाना व सायबर सेल की टीम द्वारा आरोपी लीलाधर साहू का पतातलाश कर रहा था। सूचना मिला कि आरोपी बाहर भागने की तैयारी में है। टीम ने तत्परता दिखाकर अलग-अलग दिशा में जाकर आरोपी लीलाधर साहू को घेराबंदी कर पकड़ लिया। आरोपी लीलाधर साहू निवासी हीरापुर थाना बालोद जिला बालोद को पूछताछ करने पर उक्त अपराध घटना करना स्वीकार करने से घटना में प्रयुक्त चाकू को बरामद कर जप्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जिसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी बालोद उपनिरीक्षक कमला यादव प्र.आर. दूर्योधन यादव सायबर सेल बालोद सउनि धरम भुआर्य , प्र.आर. भुनेष्वर मरकाम, प्र.आर. रूमलाल चुरेन्द्र, आर. राहुल मनहरे ,आकाश दुबे, विपिन, भोप, पुरन, गुलझारी, मिथलेश यादव का योगदान रहा।

गुम हुए 90 मोबाइल किए गए परिजनों के सुपुर्द

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिले के थाना/चौकी क्षेत्रों में गुम हुए मोबाईलों को अर्पण एक आस आपकी अमानत आपके पास अभियान के तहत, पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज श्री राम गोपाल गर्ग (भा.पु.से.) एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री रामकृष्ण साहू (भा पु से) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, साइबर नोडल एवं एसडीओपी बेरला विनय कुमार, एसडीओपी बेमेतरा श्री मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा के मार्गदर्शन में में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत खोए हुए मोबाइलों की पतासाजी एवं बरामदगी हेतु CEIR (Central Equipment Identity Register) पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों एवं गुम मोबाईल का विश्लेषण कर कार्रवाई की गई।

इस अभियान के अंतर्गत CEIR पोर्टल के 60 मोबाईल एवं गुम मोबाईल रिपोर्ट के 30 मोबाईल इस प्रकार कुल 90 मोबाइल फोन विभिन्न स्थानों से रिकवर किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 1350000 रुपए आंकी गई है। बरामद किए गए मोबाइल फोनों को सत्यापन उपरांत विधिवत रूप से संबंधित प्रार्थियों को सुपुर्द किया गया।

राष्ट्रीय राजमार्ग की जर्जर स्थिति, ग्रामीणों में सड़क पर रोपा धान

रामानुजगंज/नवप्रदेश। राष्ट्रीय राजमार्ग की जर्जर स्थिति को लेकर दिन प्रतिदिन लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है आज किसान कांग्रेस से जिला अध्यक्ष विकास दुबे के नेतृत्व में जर्जर सड़क के प्रतीकात्मक विरोध स्वरूप बीच सड़क पर धान रोपा गया एवं जल्द सड़क मरम्मत कराने की मांग की गई।

किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विकास दुबे ने कहा कि राष्ट्रीय राज्य मार्ग की स्थिति अत्यंत जर्जर हो गई है लोगों का आक्रोश धीरे-धीरे बढ़ते जा रहा है परंतु राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी सड़क के गड्डो को भरवाने में ध्यान नहीं दे रहे हैं। श्री दुबे ने कहा कि जिन बड़े गड्डो को कुछ घंटे में भरवा देना चाहिए वह महीना बाद भी नहीं भर पा रहे हैं प्रतिदिन दुर्घटनाएं हो रही है जाम लग रहा है परंतु उसके बाद भी राष्ट्रीय राज्य मार्ग के अधिकारी नहीं सुन रहे हैं। सड़क पर अनगिनत गड्ढे हो गए हैं आज हम लोगों के द्वारा प्रतीकात्मक विरोध स्वरूप राष्ट्रीय राज्य मार्ग में धान का पौधा रोपा गया। इस दौरान सुनील कन्हरे, कार्तिक माझी, ज्वाला गुप्ता, संजय रवानी, नरेंद्र सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ में वित्तीय समावेशन अभियान जोरों पर, सितम्बर तक चलेगा व्यापक कवरेज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के अंतर्गत बीते 18 दिनों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। 1 जुलाई से प्रारंभ इस राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत राज्य में अब तक कुल 1843 शिविरों का सफल आयोजन किया गया है, जिनके माध्यम से 5487 नए प्रधानमंत्री जनधन खाते खोले गए हैं, 7681 नागरिकों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में तथा 10706 नागरिकों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में पंजीकृत किया गया है। इसके साथ ही 2222 नागरिकों को अटल पेंशन योजना से जोड़ा गया है, 3877 निष्क्रिय जनधन खातों का पुनः केवाईसी कर उन्हें सक्रिय किया गया है तथा 1889 खातों में नामांकन (नॉमिनेशन) दर्ज किए गए हैं।

यह जानकारी भारतीय स्टेट बैंक के उप महाप्रबंधक एवं राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, छत्तीसगढ़ के संयोजक श्री राकेश कुमार सिन्हा ने एक प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग द्वारा शुरू किए गए इस राष्ट्रव्यापी अभियान का उद्देश्य सभी पात्र व्यक्तियों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना का लाभ पहुँचाना है, साथ ही बैंकिंग सेवा से वंचित वयस्कों को प्रधानमंत्री जनधन योजना से जोड़कर उन्हें वित्तीय रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने यह भी बताया कि यह संतृप्ति अभियान 30 सितम्बर 2025 तक लगातार जारी रहेगा।

उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान मुख्य रूप से जिन बिंदुओं पर कार्य किया जा रहा है, उनमें नए जनधन खातों का खुलवाना, निष्क्रिय खातों को केवाईसी के माध्यम से सक्रिय करना, डिजिटल बैंकिंग एवं साइबर धोखाधड़ी की रोकथाम के लिए जनजागरूकता बढ़ाना, पात्र व्यक्तियों का प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना में पंजीकरण करवाना, 10 वर्ष से अधिक पुराने खातों में केवाईसी करवाना, बैंक खातों में नॉमिनेशन दर्ज कराना, तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से संबंधित दावों की जानकारी व पंजीकरण शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ के उज्जवल भविष्य की साझीदार बनीं कल्पना योगेश तिवारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के विकास की दिशा तय करने वाला ऐतिहासिक दस्तावेज़ 'अंजोर विजन 2047' राजधानी नवा रायपुर के मेफेयर लेक रिसॉर्ट में आयोजित एक भव्य समारोह में विमोचित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, नीति आयोग के सदस्य प्रो. रमेश चंद, उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी, एवं अन्य कैबिनेट मंत्रियों समेत देशभर के नीति निर्धारक, अधिकारी, जनप्रतिनिधि और विशेषज्ञ मौजूद रहे।

इस गरिमामयी आयोजन में बेमेतरा ज़िला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी ने अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराते हुए छत्तीसगढ़ के उज्जवल भविष्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। उन्होंने कार्यक्रम उपरांत प्रदेश के वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी जी से भेंट कर उन्हें इस महत्वाकांक्षी दस्तावेज़ के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

साउथ इस्टर्न रेलवे के कोचों में अब लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

रायपुर/नवप्रदेश। यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अब तकनीकी उन्नयन की दिशा में बड़ा कदम उठा रहा है। इसी कड़ी में रेलवे ने अपने 1052 यात्री डिब्बों में अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य शुरू कर दिया है। इसका उद्देश्य रेलयात्रा को न केवल सुरक्षित बनाना है, बल्कि लोगों का भरोसा भी बढ़ाना है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश से गुजरने वाली कई ट्रेनें शामिल हैं। यह पहल प्रधानमंत्री के सुरक्षित और स्मार्ट रेलवे मिशन के अनुरूप है, जिसके तहत पूरे भारतीय रेलवे में तेज़ी से आधुनिकीकरण किया जा रहा है। रेलवे बोर्ड ने हाल ही में घोषणा की थी कि देशभर में लगभग 74,000 यात्री कोच और 15,000 इंजनों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसी योजना के तहत स्श्वष्टक्र ज़ोन में शुरू किया गया यह काम यात्रियों के लिए एक अहम सुविधा है। कैमरों को डिब्बों के प्रमुख स्थानों – जैसे कि प्रवेश और निकास द्वारों के पास पर लगाया जा रहा है ताकि गतिविधियों पर सटीक निगरानी रखी जा सके। आरक्षित डिब्बों में 4 और अनारक्षित डिब्बों में 6 कैमरे लगाए जा रहे हैं। इंस्टॉलेशन के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि यात्रियों की निजता से कोई समझौता न हो, जबकि सुरक्षा मानकों को भी मजबूत किया गया है। रेल मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे उच्च गुणवत्ता वाले ऐसे कैमरे चुनें जो स्पष्ट वीडियो रिकॉर्ड कर सकें, चाहे रोशनी कम ही क्यों न हो। इसके अलावा, 'इंडिया एआई मिशन के अंतर्गत इन कैमरों से मिलने वाले डाटा का विश्लेषण करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग की संभावनाओं पर भी विचार किया जा रहा है। यह कदम भारतीय रेलवे की सुरक्षा और स्मार्ट तकनीक के मेल की दिशा में एक अहम प्रयास माना जा रहा है।

संक्षिप्त खबरें

हरचरण सिंह साहनी ट्रांसपोर्ट चेम्बर के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने बताया कि ट्रांसपोर्ट संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिये चेम्बर द्वारा ट्रांसपोर्ट चेम्बर रायपुर का गठन कर हरचरण सिंह साहनी को ट्रांसपोर्ट चेम्बर के प्रदेश अध्यक्ष पद पर मनोनयन किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने हरचरण सिंह साहनी को बधाई देते हुए यह उम्मीद की है कि वे प्रदेश के व्यापार एवं उद्योग के हित में कार्य करते हुए छत्तीसगढ़ चेम्बर को एक नई ऊंचाईयों पर लेकर जायेंगे।इस अवसर पर चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, कार्यकारी अध्यक्ष -राधाकिशन सुन्दरानी, राजेश वासवानी, जसप्रीत सिंह सलूजा, उपाध्यक्ष-जितेन्द्र शादीजा, दिलीप इसरानी, मुकेश अग्रवाल अध्यक्ष बरमकेला इकाई, पुरूषोत्तम अग्रवाल बरमकेला, रवि सचदेव, भोलानाथ सेठ एवं महिला चेम्बर अध्यक्ष डॉ. ईला गुप्ता एवं टीम प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

जरूरतमंदों को भविष्य निर्माण में मिलेगी मदद

रायपुर /नवप्रदेश। जिले में ज्ञान और शिक्षा के प्रसार की दिशा में एक नई पहल स्मृति पुस्तकालय योजना को जनता का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन और कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देशन में 15 जुलाई से शुरू हुई इस योजना के तहत प्रतिदिन पुस्तक प्रेमी आगे आकर किताबें दान कर रहे हैं। योजना के तहत आज भी 8 दानदाताओं ने विभिन्न विषयों की 42 पुस्तकें दान की जिनमें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, करियर गाइडेंस और साहित्यिक रचनाएं शामिल थी। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने सभी दानदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और कहा, विद्यार्थियों के पास यदि संसाधन हों, तो वे किसी भी ऊँचाई तक पहुँच सकते हैं। यह योजना उनके सपनों को नई उड़ान देने का माध्यम है। पुस्तक दान करने वाले प्रमुख नामों में शामिल हैं नीरज कुर्रे, अमित कुमार आनंद, आर्य कुमार भोई, अर्जुन जांगड़े, प्रेमचंद साहू, कामदेव बंजारे, तोषणलाल साहू और तोरणदास मानिकपुरी। तोरणदास मानिकपुरी ने स्वरचित करियर मार्गदर्शन पुस्तिका भी दान की, जो योजना की उपयोगिता और व्यक्तिगत योगदान को दर्शाता है। आर्य कुमार भोई ने कहा,यह योजना उन छात्रों के लिए वरदान है जो किताबें खरीद नहीं सकते। मैंने प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित 6 पुस्तकें दान कीं ताकि उन्हें मदद मिल सके। गौरतलब है कि जिला प्रशासन द्वारा 15 जुलाई 2025 से स्मृति पुस्तकालय योजना की शुरुआत की गई थी ताकि जरूरतमंदों को छोटी सी मदद मिल जाए, जिनसे उनके मुकाम मिलने में आसानी हो। इस योजना के तहत अब 41 दानदाताओं द्वारा 846 से अधिक पुस्तकें दान की जा चुकी हैं। जिला प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे इस पहल में भाग लें और पुस्तक दान करके समाज के निर्माण में सहभागी बनें।

कलिंगा विवि में छात्रों और शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य पर व्याख्यान

रायपुर /नवप्रदेश। कलिंगा विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय ने 16 जुलाई को छात्रों और शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर एक अतिथि व्याख्यान का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह कार्यक्रम शिक्षा संकाय की डीन डॉ. श्रद्धा वर्मा और शिक्षा संकाय की सहायक प्रोफेसर डॉ. सरोज नैयर के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिन्होंने सत्र की योजना बनाने और समन्वय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

व्याख्यान में चंदूलाल चंद्राकर महाविद्यालय, धमधा और नवीन महाविद्यालय, पेंड्रावन की प्राचार्य प्रो. उषा किरण अग्रवाल, सम्मानित संसाधन व्यक्ति के रूप में उपस्थित थीं। एक प्रसिद्ध शिक्षाविद् और मानसिक स्वास्थ्य अधिवक्ता, प्रो. अग्रवाल ने छात्रों और शिक्षकों के सामने आने वाली मनोवैज्ञानिक चुनौतियों और शैक्षणिक वातावरण में भावनात्मक लचीलापन और कल्याण को बढ़ावा देने के महत्व पर अपनी गहरी अंतर्दृष्टि साझा की। विभिन्न कॉलेजों के प्रतिभागियों - जिनमें छात्र और संकाय सदस्य दोनों शामिल थे ने उत्साह के साथ सत्र में भाग लिया।

निधन

कमला सकरिया

रायपुर /नवप्रदेश। शनिवार 19 जुलाई को कमला सकरिया का निधन हो गया है शोक सभा 20जुलाई को निज निवास स्थान पार्थिव प्रोविन्स पीपी 43 सरोना में रखा गया है ।जिनका अंतिम संस्कार 2.00 बजे से 3.00 तक टिकरापारा कब्रिस्तान में होगा । इष्ट मित्र रिश्तेदार परिवार प्रार्थना में याद रखें। आत्मा की शांति प्रदान करे ईश्वर आने का संदेश प्राप्त करें। - सजी सकरिया, पुत्री एलिसा सकरिया एवं परिवार जकरिया।

22 जुलाई को छत्तीसगढ़ में आर्थिक नाकेबंदी का ऐलान

■ **चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस की बड़ी बैठक**

रायपुर।नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेस की एक बड़ी बैठक कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में हुई. इसी बैठक में सरकार, उद्योगपति और केंद्रीय एजेंसियों के खिलाफ कांग्रेस ने 22 जुलाई को पूरे प्रदेश में आर्थिक नाकेबंदी करते हुए चक्काजाम करने का फैसला लिया गया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रेसवार्ता में कांग्रेस पार्टी के फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि पेड़ कटाई को लेकर नेता प्रतिपक्ष के द्वारा विधानसभा में स्थगन प्रस्ताव लाया गया था. इससे ध्यान भटकाने के लिए सुबह छह बजे रेड पड़ी. पिछली बार भी रेड मारी गई थी, लेकिन इस बार मैं विधानसभा पहुंचने में सफल रहा। भूपेश बघेल ने बताया कि विधानसभा में मुझे सूचना आई की मेरे बेटे को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है. दस मार्च के बाद कल सीधे गिरफ्तारी कर ली गई. इस बीच कोई नोटिस नहीं दिया गया. ईडी की इस अवैधानिक कार्रवाई का सभी कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने विरोध किया है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बीजेपी के सोची-समझी रणनीति है. चाहे देवेंद्र यादव हों, सतनामी समाज के नेता हों, उन्हें एक केस में फंसाया. आदिवासी की आवाज खत्म हो इसलिए कवासी लखमा को जेल में डाला. मेरा बेटा जो राजनीति में भी नहीं उसे भी टारगेट किया है।

बेनकाब हो चुकी है भाजपा सरकार

छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रेस वार्ता में कहा कि बीजेपी की सरकार जनता के सामने बेनकाब हो चुकी है. बस्तर से लेकर सरगुजा तक जल, जंगल, जमीन लूट रही है. छत्तीसगढ़ में लॉ एंड ऑर्डर खत्म हो चुका है. सभी मुद्दों पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी सरकार के खिलाफ मज़बूती से लड़ रही है. जनता के बीच सरकार की नाकामी स्थापित करने में हम सफल रहे हैं।

एक जग, एक चप्पल और एक टीवी की कीमत क्या - बैज ने कहा कि एक जग, एक चप्पल और एक टीवी की कीमत क्या है, ये पूरी जनता ने देख लिया. पूर्व सीएम को महादेव सट्टा एप के नाम से बदनाम किया. क्या महादेव एप बंद हुआ? क्या अब तक सौरभ और रवि को सरकार ने गिरफ्तार किया? नया एप शुरू हो चुका है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सिर्फ आरोप लगाया और सत्ता पर बैठे, कुछ सुधार नहीं हुआ। स्कूल बंद हुए, नए शराब दुकान खुले। यूपीएससी के जगह नया जशपुर मॉडल इवेंट हुआ। लोग वॉकी-टॉकी से चिटिंग कर रहे है। मोदी की गारंटी के नाम से सिर्फ झूठ बोला है.

पेड़ कटाई का विरोध

उन्होंने कहा कि पेड़ कटाई का विरोध कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व ने किया। कांग्रेस के नेताओं पर चुन-चुन कर कार्रवाई कर रहे हैं. दूसरी तरफ अदानी को छत्तीसगढ़ सौंप देना चाहते हैं. कल विधानसभा में नारा लगा 'एक पेड़ माँ के नाम, बाक़ी सब बाप के नाम'. ये किसी एक नहीं पूरे प्रदेश की लड़ाई है।

कांग्रेस की आर्थिक नाकेबंदी पर सीएम साय का तंज

■ **कहा- अभी तो जांच जारी है, न जाने और कितनों का नंबर लगेगा**

रायपुर /नवप्रदेश। ईडी की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस के 22 जुलाई को प्रदेशव्यापी आर्थिक नाकेबंदी पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तंज कसा है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस तो जनता के लिए परेशानी खड़ा करती ही है। 5 साल सरकार चलाए तो जनता को धोखा दिए. पांच सालों में अनेक घोटाले हुए इसलिए जेल जा रहे हैं. अभी तो जांच जारी है, न जाने और कितने लोगों का नंबर लगेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मीडिया से चर्चा में कहा कि श्रेष्ठ केंद्रीय एजेंसी है, देश की प्रतिष्ठित संस्थान है।

ईडी ने सोच समझकर ही कोई कार्रवाई की है. कांग्रेस के लोग जो करना है, उसके लिए स्वतंत्र हैं। बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को ईडी ने शुक्रवार को जन्मदिन के अवसर पर शराब घोटाले में गिरफ्तार किया था. इस पर आज कांग्रेस की बैठक हुई, और सर्वसम्मति से ईडी की कार्रवाई के साथ सरकार और उद्योगपति के विरोध में 22 जुलाई को प्रदेश व्यापी आर्थिक नाकेबंदी का ऐलान किया।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांग्रेस की आर्थिक नाकेबंदी की घोषणा करते हुए कहा कि (ईडी की कार्रवाई) यह बीजेपी के सोची-समझी रणनीति है. मेरा बेटा जो राजनीति में भी नहीं उसे भी टारगेट किया है.

ईडी की इस अवैधानिक कार्रवाई का सभी कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने विरोध किया है।

कौशल प्रतियोगिताओं के जरिए युवाओं को मिलेगा मंच

■ **रायपुर में 21 से 23 जुलाई तक होगा कौशल तिहार 2025 का आयोजन**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण द्वारा 21 जुलाई से 23 जुलाइ तक कौशल तिहार 2025 का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य कौशल प्रशिक्षित एवं प्रशिक्षणरत युवाओं को प्रोत्साहित करना तथा प्रतियोगिताओं के माध्यम से उनके कौशल का प्रदर्शन करना है।

विभागीय अधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिताओं का आयोजन राज्य एवं जिला स्तर पर दो आयु वर्गों में किया जाएगा - 22 वर्ष से कम आयु वर्ग एवं 22 से 45 वर्ष के मध्य आयु वर्ग में आयोजित किया जाएगा 7 जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयनित किया जाएगा। राज्य स्तर पर प्रतियोगिता में विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं मेडल प्रदान किए जाएंगे। साथ ही, उन्हें विश्व कौशल प्रतियोगिता, शंघाई 2026 में देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर भी मिल सकता है।

जिले स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन निम्नानुसार किया जाएगा :- ग्रीन एनर्जी सेक्टर - 21 जुलाई को लाइवलीहुड कॉलेज, जोरा में होगा।

व्यापम ने जारी किए आवश्यक दिशा-निर्देश

कड़ी सुरक्षा में आयोजित की जाएगी व्यापमं की परीक्षाएं

✱ **सुचारु परीक्षा आयोजन अभ्यर्थी दिशा-निर्देश का पूर्णत: करें पालन**

रायपुर / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) रायपुर द्वारा समय-समय पर आयोजित किए जाने वाली परीक्षाओं हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने परीक्षाओं की समुचित तैयारी सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा संचालन और अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु मूलभूत आवश्यकताओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है। व्यापम द्वारा परीक्षा केंद्रों के लिए कड़े दिशा-निर्देश लागू किए गए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनियमितता से बचा जा सके। व्यापम द्वारा परीक्षा केन्द्र में अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए है- परीक्षार्थी, परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं पहचान पत्र का सत्यापन किया जा सके।परीक्षा के समय से 15 मिनट पूर्व मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा, समय का विशेष ध्यान रखे। अभ्यर्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आये, फुटवियर में चप्पल पहनें, कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है, परीक्षा प्रारंभ होने के पहले आधे घंटे एवं परीक्षा समाप्ति के आखिरी आधे घंटे में, परीक्षा कक्ष से बाहर जाना वर्जित है 7 परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रानिक उपकरण, इलेक्ट्रानिक घडी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है, परीक्षार्थी प्रवेश पत्र के सभी पेज का प्रिंट आउट निकलवाएं और पेज के केवल एक तरफ प्रिंट करें, क्योंकि प्रत्येक परीक्षा हेतु व्यापम की प्रति परीक्षा केंद्र में जमा हो जाएगी। परीक्षार्थी को परीक्षा में प्रवेश हेतु प्रवेश पत्र के अलावा मतदाता परिचय पत्र/ड्राइविंग लाइसेंस /पेन कार्ड / आधार कार्ड, इसमें से कोई भी एक मूल पहचान पत्र जिसमें अभ्यर्थी का फोटो हो, परीक्षा केंद्र में लाना अनिवार्य होगा।

ईडी की दुर्भावनापूर्वक कार्यवाही के विरोध में कांग्रेस ने दिया धरना

रायपुर /नवप्रदेश। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल के खिलाफ ईडी के द्वारा की गई दुर्भावना पूर्वक कार्यवाही और गिरफ्तारी के विरोध में राजीव गांधी चौक पर मोदी सरकार और ईडी के खिलाफ कांग्रेस के विधायक एवं वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं ने धरना देकर विरोध जताया। धरना प्रदर्शन में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे, पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर, पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया, पूर्व मंत्री उमेश पटेल, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, पूर्व राज्यसभा सदस्य छाया वर्मा, लखेश्वर बघेल, भोलाराम साहू, राष्ट्रीय सचिव एवं विधायक देवेंद्र यादव, विक्रम मंडावी, रामकुमार यादव, यशोदा वर्मा, अंबिका मरकाम, सावित्री मंडावी, बालेश्वर साहू, अटल श्रीवास्तव, चतुरी नंद, हर्षिता बघेल, संगीता सिन्हा, कविता प्राण लहरे राघवेंद्र सिंह, विद्यावती सिदार, उत्तरी जांग?, संदीप साहू, द्वारकाधीश यादव, जनकराम ध्रुव, फूल सिंह राठिया, व्यास कश्यप, शेषराज हरबंस, इंद्र साव मंडावी, ओंकार साहू, दिलीप लहरिया, कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, गिरीश देवांगन, महेन्द्र छाबड़ा, वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, सुरेन्द्र वर्मा, अजय साहू, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, प्रमोद दुबे, एनएसयुआई अध्यक्ष नीरज पांडे, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, गिरीश दुबे, उधो वर्मा, राजेश ठाकुर, प्रवक्ता सत्यप्रकाश सिंह, अजय गंगवानी, ऋषभ चंद्राकर, श्रीवास एवं कांग्रेसजन उपस्थित थे।

5 दिवसीय नि :शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श शिविर

बिलासपुर/नवप्रदेश। वैद्यशाला आयुर्वेद चिकित्सा एवं पंचकर्म संस्थान, अरपा पुल के पास मेन रोड, नेहरु चौक बिलासपुर में दिनांक 16 जुलाई 2025 से दिनांक 20 जुलाई 2025 तक 5 दिवसोय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

इस शिविर में सभी प्रकार के वातरोग जिनमें लकवा, गठियावात, कंधे, घुटने, गर्दन, कमर दर्द आदि मधुमेह स्त्रियों के मासिक धर्म संबंधित रोग जैसे महीना का समय से न आना, बार-बार आना, गर्भाशय में गांठ पी.सी.आ.डी. सूजन, महांसे, बाल झड़ना, बच्चों को बार-बार होने वाली सर्दी-खांसी, बुखार, भुख न लगना, वजन न बढ़ना एवं मलद्वार के रोग जैसे पाईल्स (बवासीर), फिशर (मलद्वार) का छिलना, फिस्टुला (भगंदर) की निःशुल्क जाँच एवं चिकित्सा की जा रही है। शिविर में सभी जरुरमंद रोगियों को निःशुल्क औषधि भी प्रदान की जावेगी।

इस शिविर में चिकित्सा सेवा हेतु सेवा निवृत्ति जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. मनोहर जी टेकचंदानी, डॉ. विमल शर्मा आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ, डॉ. किरण वर्मा शिशु रोग विशेषज्ञ (आयु.), डॉ. मोनिष्का शर्मा शल्यतंत्र विशेषज्ञ (आयु.), डॉ. चंचला तिवारी एवं वैद्यशाला चिकित्सा के संचालक डॉ. मनोज चौकसे अपनी सेवायें समय-समय पर देंगे। शिविर का लाभ समस्त पेंशनधारी नगर के एवं समीप ग्रामों के समस्त नागरीक, विद्यार्थीगण, वृद्धजन आदि प्राप्त कर रहे है। शिविर में पंजीयन करने हेतु फोन नं. 07752.412224, 455551, 455552 या मो. नं. 86028 11002 में करा सकते है। दिनांक 19.07.2025 तक 4 दिन में लगभग 455 रोगियों ने जाँच कराई एवं चिकित्सा प्राप्त की है।

तहसीलदार संघ को राजस्व मंत्री ने दिया आश्वासन

रायपुर/नवप्रदेश। तहसीलदार संघ ने अपनी 17 सूत्रीय मांगों को लेकर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपकर मांगों के संबंध में चर्चा की. राजस्व मंत्री ने सभी मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया. संघ की मांग में तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर पद पर पदोन्नति, नायब तहसीलदार को राजपत्रित अधिकारी घोषित करने और शासकीय मोबाइल प्रदान करने जैसे कई प्रमुख मांगें शामिल हैं।

ये है 17 सूत्रीय मांगें

सभी तहसीलों में स्वीकृत सेटअप की पदस्थापना-सभी तहसीलों में कंप्यूटर ऑपरेटर, ड्ढक्क्ह, चतह्ल, नायब नाज़रि, माल जमादार, भृत्य, वाहन चालक, आदेशिका वाहक, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों की पदस्थापना की जाए। यदि संभव न हो तो संबंधित तहसील को लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित समय-सीमा की बाध्यता से मुक्त किया जाए।

तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर पद पर पदोन्नति प्रक्रिया

सीधी भर्ती और पदोन्नति का अनुपात पूर्व की भांति 50-50 रखा जाए और पूर्व में की गई घोषणा का तत्काल क्रियान्वयन किया जाए।

नायब तहसीलदार पद को राजपत्रित करने की मांग-इस आशय की पूर्व घोषणा का तत्काल क्रियान्वयन किया जाए।

ग्रेड पे में शीघ्र सुधार- तहसीलदार और नायब तहसीलदार के लंबित ग्रेड पे सुधार को शीघ्र किया जाए।

शासकीय वाहन की उपलब्धता-सभी तहसीलों में कार्यवाही, प्रोटोकॉल एवं लॉ एंड ऑर्डर ड्यूटी हेतु शासकीय वाहन व चालक की व्यवस्था हो या वाहन भत्ता प्रदान किया जाए।

निलंबन से बहाली-बिना वैध प्रक्रिया, नियमित आदेश या अभियोजन कार्रवाई से प्रभावित तहसीलदारों/नायब तहसीलदारों को 15 दिवस में जांच पूर्ण कर बहाल किया जाए।

न्यायालयीन प्रकरणों में आदेशों का पालन-न्यायालयीन मामलों को जनशिकायत/ जनशिकायत प्रणाली में स्वीकार न किया जाए।

न्यायालयीन आदेशों पर एफआईआर नहीं -न्यायाधीश प्रोटेक्शन एक्ट1985 के सन्दर्भ मे शासन द्वारा जारी आदेश 2024 का कड़ाई से पालन किया जाए। हर वो मामला जिसमे अपील का प्रावधान सहिता में निहित हैं तो किसी भी अन्य न्यायालय में परिवाद पेश ना कि जा सके। जिससे FIR कि स्थिति ना बने (केवल न्यायालयीन प्रकरण के सन्दर्भ में)।

कोर्ट में उपस्थिति व्यवस्था- यायालयीन कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु प्रोटोकॉल ड्यूटी से पृथक व्यवस्था की जाए। लैबोरेटरी भुगतान एवं ऑफर आउटसोर्सिंग के माध्यम से स्टाफ की नियुक्ति के लिए तहसीलदार को अधिकृत किया जाए। प्रशिक्षित ऑपरेटर की नियुक्ति Agristack, स्वामित्व योजना, e-Court, भू-अभिलेख जैसे तकनीकी कार्यों के लिए प्रशिक्षित ऑपरेटर नियुक्त किए जाए। SLR/ASLR की बहाली तहसीलदारों की पर्याप्त संख्या को देखते हुए SLR/ASLR को पुनः भू- अभिलेखीय कार्यों हेतु बहाल किया जाए व्यक्तिगत मोबाइल नंबर की गोपनीयता आईटी की भांति पदेन शासकीय मोबाइल नंबर और डिवाइस प्रदान किया जाए। राजस्व न्यायालयों की सुरक्षा हेतु सुरक्षाकर्मी जाए. प्रत्येक तहसील में सुरक्षा कर्मी की तैनाती एवं फील्ड भ्रमण हेतु वाहन उपलब्ध कराया।

मेंटल हेल्थ चेकअप और अवेयरनेस कैंप 27 को

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील यादव महासंघ रायपुर समाज के लोगों की दिनचर्या में भागदौड़ और तनाव भरी जीवन शैली में सुधारने के लिए 27 जुलाई को आशीर्वाद भवन, महिला थाना के पीछे बैरन बाजार में प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक निःशुल्क मेंटल हेल्थ और अवेयरनेस कैंप आयोजित कर रहा है। यह कैंप पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर स्वास्थ्य शिविर का लाभ उटाने के लिए पंजीयन अनिवार्य किया है। इस कैंप में डा. अभिषेक गुप्ता, एमबीबीएस,(एआईआई एमएस -आर) और डा. गीतेश अमरोहित एमपीटी न्यूरो (रिटायर्ड मेकाहारा) सेवाएं देंगे। रजिस्ट्रेशन के लिए निरंजन यादव 98271-11960, रामलाल यादव 98263-45369, सोमेंद्र यादव 83478-99585, लक्ष्मी यादव 62604-87649, अरूणा यादव 76972-7896, दीपा यादव 62640-30043 से संपर्क कर सकते है। इस कैंप में जीवन शैली में आ रहे तनाव अनिद्रा, धैर्य की कमी, नशे की आदत, सिगरेट -शराब की लत तथा बच्चों में गुस्सा एवं चिड़चिड़ीपन आदि का समाधान किया जाएगा। यह कैंप पूरी तरह निःशुल्क है। छग प्रगतिशील यादव महासंघ ने समाजजनों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन करवा कर कैंप का लाभ उटाने ऐर डाक्टरी परामर्श प्राप्त करें।

सुनो भाई उधो

गिरवी मं गोसइन

परमानंद वर्मा

का नहीं पावक जर सकही,
का न समुद्र समाय।
का नहीं अबला कर सकही,
काल हूं का नहीं खाय।।

पत्नियां आजकल रणचंडियों का रुप धारण कर पतियों को मौत के घाट उतारने में जरा भी नहीं हिचकिचा रहीं हैं वहीं एक उसका दूसरा रुप भी सामने आया है, वह कम आश्चर्यचकित नहीं है।

लाखों रुपयों के कर्ज में डूबे पति को मुक्त कराने के लिए एक पत्नी अपनी आबरु को दांव पर लगा दिया। समझौते के मुताबिक निर्धारित दिनों अथवा महीनों तक. वह युवती उस साहूकार की रातें रंगीन करती रहीं। इसी संदर्भ में पढिये छत्तीसगढ़ी रचना गोसइन गिरवी म।

अभांग भइगे, का अलकरहा समे आगे, बरपेली झपाय असन, आ बइला मोला मार कस चरित्तर होय ले धर ले हे? जउन ला नइ देखबे, नइ सुनबे, नइ गोठियाबे, बताबे ,कहिबे तउने हा आगू-आगू मं झपाय परत हे।

- 'का होगे बबा, का बड़े बिहनिया ले तोला बिच्छी मार दिस, कुकुर काट दिस ते सांप सूंघ दिस ते अपने-अपन बड़बड़ावत हस?

भकाडू के सवाल ला सुनके चंदराम गउंटिया बगिया जथे अउ कहिथे- 'अरे तोला देस-दुनिया के कांही खबर नइहे बुज्जेरी के अउ फुटानी मारे असन लपर-लपर गोठियावत रहिथस?

- 'अरे का बात होगे तउन ला तो पहिली बताबे मोर बबा?

- 'अरे का नइ होगे, का नइ होवत हे तेन ला पूछ? दुनिया रसातल मं जात हे बेटा, बस चारे दिन के जिनगानी हे तहां ले ये धरती खपलइया हे।

- 'तोर तीर वायरलेस संदेश आय हे का, धरती खपलाय के? लगथे ये बुढ़वा हा कुकुर मांस खा ले हे, सठियागे हे, एकर मगज खराब होगे हे, एला पागलखाना मं भरती कर देना चाही।

- 'हां... हां... बेटा, मोर मगज खराब होगे हे, पागलखाना मं भरती करे के लइक होगे हौं? जब सही बात ला बकरहूं, बताहूं ना तब सब के आंखी बग-बग ले बर जाही?

भकाडू गुनथे, जरूर कुछ न कुछ बात हे ए डोकरा बबा करा, तभे बगिया हे, नइते अइसन कभू गोठिअइया-बतइया नोहय? पूछथे- 'हां ता का बात हे बबा, काबर आज अतेक रोसियाय हस?

चंदराम गउंटिया बताथे- का बतावौं बेटा, मोर छाती फटत हे रे बेटा भकाडू। रोना चाहत हौं तब रो नइ सकत हौं, गोठियाना-बताना चाहत हौं तब उहू नइ कर सकत हौं। मोर जीव होवत हे के कब ये धरती फटय अउ ओमा मय सीता महारानी असन भकरस ले कूदके समा जावौं?

- 'कथा ला जादा मत लमा न बबा, तुलसीदास अउ बाल्किमी मन रमायन मं जइसन 'घोर-घोर चंदन घोर-घोर पानी असन कथा ला लमा-लमा के बताय हे, थोरे मं फेर सार ला बता। आज टीवी, मोबाइल अउ इंटरनेट के जमाना हे, एक बटन दबा सब कथा ला जान-सुन लेथे वइसने कस बता।

भकाडू के बात ला सुनके गउंटिया बताथे- 'बेटा, कलजुग के नांव सुने हस?

- 'हां सुने हौं।

- 'तब ओहर का कर दिस, ककरो बेटी,बहू, गोसइन ला लेके उढ़रिया भाग गे ते कहूं हतिया, खून-खराबा, डकैती, लूटपाट, भ्रष्टाचार, अनाचार करत हे या करावत हे?

- 'पइंती ला पा ले हस तइसे लागथे, कोनो मेर ले अइसन खबर सुने हस का बेटा?

- 'का खबर?

- 'जइसन गोठियावत हस।

- 'का गोठियावत हौं?

- 'अरे उही अनीति, अनाचार, बलात्कार!

- 'कोन करथे अइसन?

- 'तब तंय कइसे जाने असन गोठियावत हस?

- 'कइसे-कइसे गोठियावत हस बबा, साफ-साफ बता ना, तंय कहना अउ बताना का चाहत हस?

- 'का बतावौं भकाडू बेटा तोला रे, जइसन चरित्तर ये गांव मं नइ होय रिहिसे तइसन होगे? ओ रामलाल हे ना, ओहर अपन गोसइन ला एक महीना बर चुन्नीलाल सेठ करा गिरवी रख दे हे रे।

- 'काकी ला गिरवी रख दिस रामलाल कका हा। माइलोगिन मन ला घला गिरवी रखथे गा?

अब तक सोना-चांदी, खेत-खार, घर-द्वार ला गिरवी रखे के बात सुने हौं, फेर ये तो अलकरहा खबर हे।

ओहर गउंटिया ला पूछथे- 'अइसे काबर करिसे? तब भकाडू ला बताथे- 'बीस लाख के करजा होगे रिहिसे। बियाज ऊपर बियाज बाढ़त रिहिसे। छूटे नइ सकत रिहिसे, तब इही निरनय आखिरी मं लिस।

भकाडू पूछथे- तब काकी एकर विरोध नइ करिस गा?

गउंटिया बताथे- 'तोर काकी के चतवारे रस्दा हे, ओहर कहूं मना कर देतिस तब अइसन होतिस भला?

भकाडू कहिथे- 'राम... राम..., वाजिब मं घोर कलिजुग खपलागे हे बबा। तब, अब काकी कहां रइही? गउंटिया बताथे- कहां रइही, सेठ करा रइही, अउ कहां रइही?

- 'तब गांव वाले मन, ओकर समाज वाले मन कोनो विरोध नइ करिन।

गउंटिया कहिथे- 'जेकर खेत हे, धन हे, सोना-चांदी हे ओहर अपन पूंजी ला कांही करय, ओमा दूसर ला बोले के का हक हे? कहूं कोनो बात उठावत हे तब मालधनी कइही- मोर बीस लाख के करजा हे छूट दौ, तब का जवाब हे एकर कोनो करा?

आही कोनो आगू करजा छूटे बर? जेकर घर के लफड़ा, बोजहा हे तउने जानथे, चटकारे मं बात नइ बनय

ये तो अंधेर नगरी चउपट राजा कस हाल हे बबा, 'देख रे आंखी सुन रे कान कस बाली सुग्रीव के कथा हे।

तहूं हा गा कोनो तुलसी दास ले कम नइ हस, कहां ले खोज के कथा ला गढ़े हस, अउ मोही ला सुनाय बर रिहिसे। जय सीताराम, सियाबर रामचंद की जय कहत भकाडू मुड़ी ला रमजत तरिया कोती नहाय धोये पर रेंग देथे।

संस्कृति को जीवंत रखने में हरेली तिहार का महत्वपूर्ण योगदान

हरेली तिहार छत्तीसगढ़ का एक महत्वपूर्ण और प्राचीन त्यौहार है, जिसे वहां के लोग बड़े धूमधाम से मनाते हैं। 'हरेली' शब्द का अर्थ हरियाली से है, और इस त्यौहार का मुख्य उद्देश्य हरियाली और खेती का महत्व उजागर करना है। यह त्यौहार मुख्यतः कृषि प्रधान समाज के लिए समर्पित है, जहां किसान अपने खेतों की अच्छी फसल और समृद्धि की कामना करते हैं। पूरे छत्तीसगढ़ सहित बेमेतरा ज़िले में कल रविवार को हरेली तिहार उत्साह के साथ मनाया गया। ग्रामीणों व किसानों ने खेती-किसानी से जुड़े औजारों की पूजा की। इस मौके लोग एक पेड़ माँ के नाम से भी लगायेंगे।

छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा को जीवंत रखने में हरेली तिहार का महत्वपूर्ण योगदान है। यह त्यौहार न केवल कृषि और हरियाली का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का भी प्रतीक है। इसके माध्यम से लोग अपने पूर्वजों की धरोहर और परंपराओं को संजोए रखते हैं और आने वाली पीढ़ियों को भी इससे अवगत कराते हैं। इस प्रकार, हरेली तिहार छत्तीसगढ़ की संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है और इसे बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाता है। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस बार हरेली पर्व पर लोगों से एक पेड़ माँ के नाम लगाने की अपील की है।

त्यौहार की तैयारी : -

हरेली तिहार का आरंभ सावन महीने की अमावस्या से होता है। यह त्योहार मानसून के मौसम के आगमन का प्रतीक है, जो खेती के लिए सबसे अनुकूल समय माना जाता है। इस दिन गांवों में विशेष सफाई और सजावट की जाती है। घरों के आंगनों और खेतों में नीम के पत्तों, आम की पत्तियों और गोबर से अल्पना बनाई जाती है, जो शुभता और समृद्धि का प्रतीक है।

पारंपरिक पकवान

हरेली तिहार के अवसर पर विभिन्न पारंपरिक पकवान भी बनाए जाते हैं। चावल, दाल, सब्जियों और विभिन्न प्रकार की मिठाइयों का विशेष महत्व होता है। सबसे प्रमुख पकवान 'चीला' है, जिसे चावल के आटे और उरद दाल से बनाया जाता है। इसके अलावा 'फरहा', 'ठेठरी', 'खुरमी' और 'बबरा' भी प्रमुख पकवानों में शामिल हैं। यह पकवान घर की महिलाओं द्वारा बड़े प्रेम और लगन से बनाए जाते हैं और सभी परिवार के सदस्य मिलकर इन्हें खाते हैं।

खेल और मनोरंजन

हरेली तिहार के दौरान विभिन्न खेल और मनोरंजन के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। सबसे लोकप्रिय खेल 'गेंड़ी' है, जिसमें बच्चे और युवा लकड़ी की लंबी डंडियों पर चलकर खेलते हैं। यह खेल विशेष रूप से गांवों में बहुत उत्साह और उमंग के साथ खेला जाता है। इसके अलावा कबड्डी, खो-खो, और अन्य पारंपरिक खेल भी खेले जाते हैं, जो त्यौहार की रौनक को और बढ़ा देते हैं।

धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियां

हरेली तिहार के दौरान लोग पारंपरिक वेशभूषा पहनते हैं और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेते हैं। सबसे प्रमुख अनुष्ठान 'हल पूजा' है, जिसमें किसान अपने हल और कृषि उपकरणों की पूजा करते हैं। वे अपने खेतों में हल चलाते हैं और भगवान से अच्छी फसल की प्रार्थना करते हैं। इस पूजा के दौरान हल, बैल और अन्य कृषि उपकरणों को सजाया जाता है और उन पर हल्दी, कुमकुम और फूल चढ़ाए जाते हैं। हरेली तिहार के अवसर पर लोग गौरी-गौरा की पूजा भी करते हैं। यह पूजा मुख्यतः महिलाएं करती हैं, जो गौरी-गौरा की मूर्तियों को सजाकर उन्हें विभिन्न प्रकार की मिठाइयों और पकवानों का भोग लगाती हैं। इसके बाद इन मूर्तियों को गांव के तालाब या नदी में विसर्जित किया जाता है।

हरेली तिहार का सामाजिक महत्व भी बहुत अधिक है। इस दिन गांव के लोग एक साथ मिलकर त्यौहार मनाते हैं, जिससे आपसी भाईचारा और सामुदायिक भावना को बल मिलता है। यह त्यौहार सभी जाति, धर्म और वर्ग के लोगों को एकजुट करता है और समाज में एकता और समरसता का संदेश फैलाता है।

व्यंग्य रचनाः मौज चाहिये तो जेल हो आओ



डॉ. किशोर अग्रवाल

कोर्ट का सिद्धांत है "जमानत नियम है और जेल अपवाद"। भोग विलास के लिए सात सितारा होटल ,गोवा ,बाली और बैंकाक तो पैसे खर्च के करके जाया ही जा सकता है पर मजा तो तब है कि अपने कुकर्मों से पकड़े जाकर जेल जाओ और वहां सश्रम कारावास पाकर पहली श्रेणी के कैदी का मर्तबा हासिल करो ।

तिहाड़ जेल के जेलर सुनील गुप्ता की किताब "ब्लैक वारंट" अगर पढ़ी हो तो जेल के भीतर के घाल-मेल की साफ झलक पा सकते हैं । आजादी के पहले पैंसठ प्रतिशत अंडर ट्रायल और पैंतिस प्रतिशत कनविक्टेड कैदी एक साथ जेल में बंद थे । क्या इसे सभ्य समाज कहा जा सकता है ? अब तो यह अनुपात छिहत्तर प्रतिशत विचाराधीन और चौबिस प्रतिशत सजायाफ्ता का हो गया है । तिहाड़ की तो छठा ही निराली है जहां बयासी प्रतिशत विचाराधीन और अठारह प्रतिशत सजायाफ्ता कैदी एक साथ रहते हैं । पर कहलाते हम सभ्य ही हैं। समाजवाद का इससे अच्छा उदाहरण कहां मिलेगा। अपना समाज तो देखें कि यहां जिसने किया है वह भी और जिनका पता नहीं वह भी आज हमारे आसपास साथ साथ ही रह रहे हैं , बस वे पकड़े नहीं गए हैं या जमानत पर छूटे हुए हैं।

जहां विचाराधीन कैदी ज्यादा हों वहां की ज्यूडिशरी के काम पर प्रश्न चिन्ह लगता ही है पर मीलार्ड को कुछ भी नहीं बोल सकते बोलते ही मीलार्ड के कुपित हो जाने का डर है ।

सश्रम कारावास बड़े मजे की चीज है। विशेष भत्ता मिलता है, स्पेशल भोजन मिलता है ,सजा में छूट मिलती है । जो काम ना कर सको तो भी बैठे-बैठे वेतन लो । बंदियों को काम देना जेल की जिम्मेदारी है ,वह निभाती भी है , काम न दे सके तो भत्ता देती है। सरकार तो यह भी नहीं निभाती , ना भत्ता देती है । तो जेल है न मजे की जगह । काम करते हुए अगर जेल में कोई सामान बनाते हैं तो जेलर ब्रांड जैसी ब्रांडिंग और कहां संभव है ? ब्रांड बनाने का सुख भी यहां उपलब्ध है । अंडर ट्रायल से काम लेना जरूरी नहीं होता पर यदि वह चाहे तो जेल उसे काम करने की अनुमति दे सकती है । मन किया तब काम करो न मन करे मौज में रहो।



कैदी बड़ी जरूरी चीज है , कैदी मदद ना करें तो जेल का कारोबार ना चले । खाना बनाना ,खाने का वितरण, प्लंबर, बिजली रिपेयर, ताले लगाने खोलने का काम , सभी कुछ तो कैदी करते हैं। अगर पढ़ना लिखना आता हो तो जेल की लिखित पढ़त के काम में जेल कर्मचारी भी इज्जत से बैठाते हैं । जेलर का बगीचा भी कैदी ही हरा रखते हैं । बाहर भला कहीं है इतनी इज्जत?

अगर पहुंच हो तो कैदी को स्टूडियो अपार्टमेंट भी मिल सकता है जिसमें सेपरेट बाथरूम मिलता है । न मिले तो बैरेकें तो होती ही हैं। अंडर ट्रायल बंदी सारा दिन टीवी देखते हैं । गपशप करते रहते हैं। खुली जगह में घूमते रहते हैं । सारे वेलफेयर के नियम जेल में कैदियों के लिये ही तो बनाए गये हैं ,बाहर ये मजा कहां। कैदियों के स्वास्थ्य और भोजन का बड़ा ध्यान रखा जाता है । सारे ह्यूमन राइट्स इन्हीं के लिए तो तैयार किये गए हैं । बीड़ी सिगरेट और दाल में घी का भी प्रावधान है । कभी बाहर किसी गरीब की दाल में घी देखा है आपने? यहां तो चेक होता है कि दाल में घी कम तो नही? बाहर जाकर बेचारा फिर ताले कैसे तोड़ पाएगा ,अगर कमजोर हो गया तो ? यहां अस्पताल की सुविधाएं अलग से हैं । बाहर के मजे लेने हो तो बड़े अस्पताल रेफर कराकर पिकनिक पर घूम आने की भी सुविधा है।

गंभीर अपराध का मजा ही कुछ और है । नए-नए आओ तो मीडियम सिक्योरिटी में रखते हैं पर हाई सिक्योरिटी वार्ड में रखें तो श्रेणी माननीय की हो जाती है । इनोसेंट पकड़े जाकर जेल आए बंदियों को तो निरा बगलोल ही समझा जाता है । कन्विक्शन रेट तो चौबिस प्रतिशत ही है । बाकी केस या तो कानूनन स्ट्रांग नहीं होते या तो झूठे बने होते हैं तो दाखिल हों तो दमदार अपराध करके । बलात्कार करने वालों को तो कैदी तक हिकारत की नजरों से देखते हैं । इसलिए जेलर उन्हें इन बाकी कैदियों से बचाकर रखते हैं ,जेलर सुरक्षा देता है जी ।

विचाराधीन कैदी तो सालों साल जेल में पड़े रह सकते हैं। क्योंकि हमारे न्यायालयों में सुनवाई की कोई समयसीमा नहीं है बाहरी देशों में यह भले ही निर्धारित होती है। अपने यहां यह सुविधा है कि जितने दिन चाहे विचाराधीन होकर मौज करो । चालान की तो समयसीमा बना दी गई है ताकि जमानत की मौज मिल सके। पर विचाराधीन को तारीख पर तारीख मिलने के कारण कोई समयसीमा नहीं है । यही तो मौज है सरकारी खाना व सरकारी छत के नीचे रहना एकदम मुफ्त। एक चोरी के प्रकरण की सुनवाई में चौबिस साल लगे , है किसी और जगह इतने दिन मुफ्त मजे में मौज काटने की सुविधा? जितनी ज्यादा तारीख पड़ें वकीलों को उतना ही पैसा ।

और तो और आप अपनी पसंदीदा जेल भी ढूंढ सकते हो। नशे, पते ,बिरयानी आदि के सारे इंतजाम है । तिहाड़ के जस्सा जैसा कैदी बन सको तो जेल के भीतर अपनी जेल चला लो बंदियों से वसूली करो ,जेलर को भी दो ,अपने भी नोट बनाओ । बाहर से भीतर खाना मस्त है ,रोजगार की गारंटी है ,जुगत लगाकर अंदर अंडर ट्रायल दाखिल भर हो जाओ तो मजे ही मजे हैं । इज्जत-विज्जत बाहर वालों के लिए है एक बार अंदर हो जाओ फिर तो ठाठ ही ठाठ हैं । एक बार तुम आओ तो सही ।

आज का इतिहास

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज आपको अपने कार्यो के साथ ही किसी परिचित के कार्य से भी भागदौड़ करनी पड़ेगी।

वृषः आज के दिन आप अधिकांश समय असमंजस की स्थिति में रहेंगे जिस कार्य को करने के लिये लोग परामर्श देंगे आप उसका उल्टा ही करेंगे।

मिथुनः आज भी दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज कार्य क्षेत्र पर अन्य लोगो की गलती का लाभ आपको मिलेगा।

कर्कः आज का दिन आपको व्यावसायिक कार्यो के साथ ही कानूनी मामलों में भी विजय दिलाएगा।

सिंहः आज आप धर्म-कर्म के प्रति कुछ ज्यादा ही उत्साहित रहेंगे घरेलू अथवा अन्य महत्त्वपूर्ण कार्य इस वजह से लंबित हो सकते है।

कन्या : आज का दिन भी शारीरिक दृष्टिकोण से उतार-चढ़ाव वाला रहेगा शरीर मे कुछ ना कुछ व्याधि लगी रहेगी।

तुलाः आज के दिन आप पूर्व में की गई मेहनत का फल मिलने से उत्साहित रहेंगे। कार्य क्षेत्र पर आज आप अपने मनकी करेंगे।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए मानसिक रूप से परेशानी वाला रहेगा स्वयं गलती करेंगे और डरेंगे भी।

धनुः आज के दिन आपको पारिवारिक अथवा व्यावहारिक दबाव के चलते कोई नापसंद कार्य करना पड़ेगा परन्तु इससे बाद में संतुष्टि ही होगी।

मकरः आज के दिन आपकी दिनचार्य अस्त व्यस्त रहेगी। आज आपका मन जल्द से किसी कार्य को करने का नही करेगा।

कुंभः आज का दिन काफी व्यस्तता भरा रहेगा आप काम की आपाधापी में शरीर की अवहेलना करेंगे लेकिन परिणाम अनुकूल मिलने से सभी परेशानियां भुला देंगे।

मीनः आज के दिन आप कार्यो के प्रति आरम्भ में गंभीर नही रहेंगे लेकिन घरवालो अथवा अन्य स्नेहीजन के ताने सुनकर जबरन कार्य करेंगे।

सूर्योदय : 05:48, सूर्यास्त : 07:17, चन्द्रोदय : 24:39, चन्द्रास्त : 14:00, अयन : दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : वर्षा, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत : 2082 (सिद्धार्थी), मास : श्रावण, पक्ष : कृष्ण, तिथि : दशमी, नक्षत्र : कृत्तिका, योग : गण्ड, प्रथम करण : गर (14:41 तक), द्वितीय करण : वणिज (25:28 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कर्क, चंद्र : मेष, मंगल : सिंह (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कर्क (अस्त, पश्चिम, वक्री), गुरु : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, वक्री), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) सिलिकोसिस रोग मुख्य रूप से किस पदार्थ के लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण होता है?

2) किस संगठन ने फ्यूचर ऑफजॉब्स रिपोर्ट 2025 जारी की?

3) कालिदास ने किस ग्रंथ में सती प्रथा का उल्लेख किया था ?

4) पगड़ी संभाल जट्टा आंदोलन 1907 में किस भारतीय क्रांतिकारी ने शुरू किया था?

5) हाल ही में दिवंगत के. एस. मणिलाल किस क्षेत्र से संबंधित थे?

उत्तरमाला- (1) सिलिका डस्ट (2) वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (3) कुमारसंभव (4) अजीत सिंह (5) वनस्पति विज्ञान

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -114

ओम बाई भूख हड़ताल पर बैठने मजबूर

छुरा/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले में लगातार जमीन के मामलों पर पिड़ित पक्ष लगातार पिछले कुछ दिनों से भुख हड़ताल पर बैठने का मामला सामने आ रहा है कि आखिरि इन मामलों में लोगों को सही न्याय नहीं मिल पाता है या तारीख के ऊपर तारीख से लोग परेशान होकर मजबूर हो जाते हैं यह एक बड़ा सवाल है।

पिछले सप्ताह देवभोग क्षेत्र से यह मामला आया था तो दुसरा मामला मैनपुर से और वहीं तीसरा मामला छुरा नगर का है जहां 70 वर्षीय वृद्ध महिला ओम बाई बघेल पिछले दो दिनों से अपने परिवार के साथ भुख हड़ताल पर बैठी है उनका आरोप है कि उनकी जमीन को किसी दूसरे व्यक्ति द्वारा तहसीलदार का आदेश बताते हुए उनके पूर्वजों के मठ को तोड़कर काबिज कर लिया गया। पिड़ित की मानें तो वे 2012-13 वह एक बार इस मामले में जीत उनके पक्ष में आया था लेकिन दोबारा फिर से यह मामला चला और मामले के सुनवाई के दौरान ही यह कार्यवाही की गई। जिसके बाद वे अनुविभागीय अधिकारी छुरा के पास यह मामला को दर्ज कराया गया लेकिन सही रूप से सुनवाई ही नहीं हुआ और ये मामला खारिज कर दिया गया जिससे क्षुब्ध होकर ये पुरा परिवार बस स्टैंड छुरा के सामने भुख हड़ताल पर बैठ गए हैं अब आने वाले दिनों देखना होगा कि प्रशासन इस मामले को किस प्रकार सुलझाएगी। लेकिन इस प्रकार से लगातार मामला सामने आना राजस्व विभाग के कार्य प्रणाली पर भी प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर नगरी कॉलेज में कार्यशाला

नगरी/नवप्रदेश। उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा विगत वर्ष में छत्तीसगढ़ के समस्त महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू किया गया है, जिसके समस्त प्रक्रियाओं को सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। इस शैक्षणिक सत्र 2025-26 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आगे की प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा राज्य पर, विश्वविद्यालय स्तर पर एवं महाविद्यालय स्तर पर विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक अधिकारीध् कर्मचारियों के साथ ही छात्र ब्रांड एम्बेसडरों के लिए दिनांक 09 जुलाई 2025 को एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के महत्व पर चर्चा की गई, तत्पश्चात एनईपी क्रियान्वयन समिति के सदस्य प्रो. मोहित कुमार ने इस शैक्षणिक सत्र में तृतीय सेमेस्टर के लिए लागू विषयों, मूल्यांकन पद्धतियों, क्रेडिट सिस्टम आदि की विस्तृत जानकारी समस्त उपस्थित जनों को प्रदान किया। नोडल अधिकारी

डॉ रमेश कुमार देवांगन ने कार्यक्रम के संचालन करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के समस्त पहलुओं को छात्र-छात्राओं एवं पालकों को अवगत कराने हेतु इस कार्यशाला के उद्देश्य को बताएं। इस कार्यशाला में महाविद्यालय स्टाफ में डॉ. अश्वनी ध्रुव, प्रो.राजाराम मेहरा, प्रो. जयराम कुर्रे, प्रो. कौशल नायक, प्रो. लालमन बेरवंश, प्रो. हितेशानंद ठाकुर, प्रो. लोकेश्वरी राठिया, डॉ. कविता, सागर मंडावी, अविरल तिवारी, सुश्री सीता नेताम, सुश्री नेहा राजन सुश्री डिलेश्वरी पटेल, कृष्ण कुमार सिन्हा, रविकांत कोसरे, त्रिलोचन ठाकुर, गंगाधर साहू तथा छात्र एंबेसडर के रूप में मनीष साहू, डिगेश्वर देवांगन, रिषिता पटेल, हिमेश्वरी साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम की विस्तृत कवरेज के लिए कंप्यूटर शिक्षक सौरभ पांडे का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रमेश कुमार देवांगन ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. कविता नारंग ने किया।

आदिवासी ग्रामीणों को घुटने तक कीचड़ में चलना मजबूरी

ओड़िशा सीमा पर बसे कोदोमाली के ग्रामीणों को किसी मसीहा का इंतजार

■ सड़क, पुल पुलिया, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षक जैसे बुनियादी सुविधाओ के लिए तरस रहा यह गांव

गरियाबंद/नवप्रदेश। कहने को इस क्षेत्र की धरती कीमती रत्न हीरा एलेक्जेंडर उगलती है और यहां वन संपदा से भरा क्षेत्र है बावजूद इसके छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 साल बाद भी विकास की रौशनी नही पहुंच पायी है और तो और गांव में पहुंचने के लिए न तो पक्की सड़क है और न ही पुल पुलिया। 21वीं सदी में जब हम चांद पर जीवन तलाश करने की बात कर रहे है देश और प्रदेश विकास के कई बड़े सौपानो को तय कर चुका है ऐसे समय में आज भी इस क्षेत्र के गांव के लोग रात के अंधेरे दूर करने के लिए लकड़ी के अलाव जलाते है। भले ही शासन प्रशासन लाख विकास के दावे करते न थके लेकिन गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर के बीहड़ जंगल के अंदर बसे ग्राम पंचायत साहेबिनकछार के आश्रित ग्राम कोदोमाली जो ओड़िशा सीमा पर बसा है यहां के मुल निवासी आदिवासी बुनियादी सुविधाओ के लिए तरस रहे है। ग्राम कोदोमाली ओड़िशा सीमा पर बसा है और इस गांव से महज आधा किलोमीटर की दूरी पर ओड़िशा का प्रथम गांव पड़ता है कोदोमाली की जनसंख्या लगभग 530 के आसपास है और यहां आदिवासी समाज के लोग बड़ी संख्या में निवास करते है। कोदोमाली पहुंचने के लिए दो रास्ते है एक नेशनल हाइवे 130 सी मैनपुर देवभोग मार्ग बम्हनीझोला से 22 किमी दूर तो दूसरा मार्ग भुतबेड़ा से 11 किमी दूर जंगली रास्तो से होकर जाना पड़ता है। वनांचल में बसे ग्राम कोदोमाली के ग्रामीण मूलभूत सुविधाओ सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली के लिए तरस रहे है, और तो और छत्तीसगढ राज्य के निर्माण के 25 वर्षो के भीतर आज तक किसी भी पार्टी के विधायक, सांसद और तो और आला अधिकारी भी इस गांव में नही पहुचे है।

गर्भवती महिलाओं को अस्पताल तक खाट में ले जाने मजबूरी

ग्राम कोदोमाली पहुंचने के लिए आज तक पक्की सड़क का निर्माण नही किया गया है बारिश के इन दिनो में कीचड़ और दलदल इतना ज्यादा है कि इस गांव में पहुंचने के लिए मोटर साइकिल भी नही चल पा रही है बारिश के कारण घुटने तक कीचड़ और दलदल के कारण ग्रामीणों को मीलो पैदल दूरी तय करना पड़ रहा है। इस मार्ग के नदी नालो में पुल पुलिया का निर्माण नही हुआ है गांव में स्वास्थ्य की कोई सुविधा नही है बीमार और गर्भवती माताओ को कांवर और खाट में उठाकर अस्पताल मैनपुर लाना पड़ता है।

ग्राम कोदोमाली प्राथमिक शाला में दर्ज संख्या 60 छात्र -छात्राओ की है पूर्व माध्यमिक शाला में 31 छात्र अध्यनरत है मीडिल स्कूल के एक शिक्षक शिवकुमार साहू को नियम विरूद्ध मूल शाला कोदोमाली को छोड़कर मैनपुर बीईओ बीआरसीसी कार्यालय में अटेचमेन करके रखा गया है जबकि यहां एक शिक्षक होने के कारण पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कई बार हमारे शिक्षक को स्कूल भेजने की मांग कर चुके है

बिजली नही सौर ऊर्जा प्लांट खराब, पेयजल की गंभीर समस्या

दूरस्थ वनांचल में बसे ग्राम कोदोमाली में आज तक बिजली नहीं पहुंची है जबकि इस गांव से महज आधा किलोमीटर ओड़िशा राज्य के प्रथम गांव में चकाचक बिजली की रौशनी चमकते नजर आती है इस गांव में सौर ऊर्जा लगाया गया है लेकिन प्लेट खराब होने के कारण इसका लाभ नही मिल पा रहा है। आज भी रात के अंधेरे दूर करने ग्रामीणों को लकड़ी जलाना पड़ता है वनांचल में बसे इस गांव में पेयजल की गंभीर समस्या है पानी टंकी खराब हो गई है और ग्रामीण दो हैंडपंप से आयरनयुक्त लाल पानी से खाना नही बनने के कारण आज भी झरिया का पानी पीने मजबूर हो रहे है।

लेकिन ब्लॉक स्तर के अधिकारी ध्यान नही दे रहे है। ग्रामीणों ने जिले के कलेक्टर उईके एवं नया डीईओ से मांग किया है कि कोदोमाली के शिक्षक शिवकुमार साहू को तत्काल उनके मूल शाला कोदोमाली भेजा जाये अन्यथा ग्रामीण आंदोलन करने बाध्य होंगे।

सफाई कर्मचारियों को नपाध्यक्ष ने किया पीपीई किट का वितरण

महासमुंद/नवप्रेश। नगर पालिका कार्यालय में नमस्ते दिवस के अवसर पर सीवर और सेप्टिक टैंक में कार्य करने वाले सफाई कर्मचारियों को पीपीई किट और रैनकोट का वितरण नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पालिका क्षेत्र के स्वच्छता कर्मियों को उनके अधिकार, स्वास्थ्य सुरक्षा और सामाजिक सम्मान के प्रति जागरूक करना था।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि स्वच्छता कर्मी नगर के असली नायक हैं। इनकी मेहनत और समर्पण के बिना स्वच्छ और स्वस्थ समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। नगर पालिका प्रशासन इनकी सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री साहू ने आगे कहा कि इन कर्मचारियों की मेहनत को प्रणाम करने का इससे अच्छा अवसर हमें नहीं मिल सकता। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पार्षद धनेंद्र चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, सभापति ज्योति रिन्कू चंद्राकर, उप अभियंता दिलीप कश्यप, स्वच्छता प्रभारी दिलीप चंद्राकर, सीताराम तेलक, स्वच्छ भारत मिशन के समन्वयक नीतू प्रधान, प्रभारी नौशाद बख्श, रमा महानंद आदि कर्मचारी उपस्थित थे।

वेडनर स्कूल में छात्रों का फुटबॉल टूर्नामेंट

महासमुंद/नवप्रदेश। वेडनर मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल में दो दिवसीय फुटबाल मैच का आयोजन किया गया। खेल में चार हाऊसों की टीम ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। ब्लू, ग्रीन, रेड, येलो हाऊस की टीम ने फुटबॉल मैच के इस आयोजन को काफी रोचक बना दिया। इस आयोजन में सर्वप्रथम बालिका वर्ग में ब्लू हाऊस एवं रेड हाऊस सेमी फाइनल में पहुंचे। जिसमें ब्लू हाऊस ने रेड हाऊस को मात दे दी। जूनियर बालक वर्ग में रेड हाऊस एवं यलो हाऊस के बीच खेले गए मैच में रेड हाऊस की टीम ने यलो हाऊस की टीम को हराकर शानदार जीत हासिल की। इसी प्रकार सीनियर बालक वर्ग में ब्लू हाऊस एवं यलो हाऊस के बीच खेले जाने वाले इस मैच में यलो हाउस ने ब्लू हाऊस को परास्त कर दिया। यह मैच अत्यंत मनोरंजक एवं उत्साहवर्धक रहा जिसका भरपूर लाभ विद्यार्थियों व शिक्षकों ने उठाया। इस खेल को प्रभावशाली बनाने में क्रीड़ा प्रभारी छन्नू लाल साहू का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा।

भाजपा सरकार में चौथी बार बिजली बिल में बढ़ोतरी

सिमगा/नवप्रदेश। बहुजन आंदोलन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली ने बिजली के मुदद‌े पर भाजपा सरकार को घेरते हुए। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतुत्व में भाजपा सरकार ने डेढ़ साल के कार्यकाल में चार बार बिजली बिल बढ़ाया है साढ़े तीन साल में और कितनी बार बिजली बिल बढ़ाएगी। अली ने बताया कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार डेढ़ साल में चौथी बार बिजली के दामों में वृद्धि कर रही है। दस से बीस पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि कर प्रदेश की गरीब जनता की जेब को फिर लूटने जा रही है। बिजली उपभोक्ताओं को एक बार फिर लूटने का काम भाजपा सरकार ने किया है।

महराजी परिवृत में जल -जंगल यात्रा का आयोजन

विद्यार्थियों को वन सुरक्षा से जुड़ाव व कैरियर सम्बन्धी दी गई जानकारी

कसडोल/नवप्रदेश। वन परिक्षेत्र अर्जुनी अंतर्गत महराजी परिवृत में शुक्रवार को जल -जंगल यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील सहित परिक्षेत्र के अधिकारी हायर सेकेंडरी स्कूल गिरौदपुरी के विद्यार्थी और ग्राम महराजी के ग्रामीण शामिल हुए। विद्यार्थियों और ग्रामीणों को वनमण्डलाधिकारी द्वारा वन भ्रमण कराया गया जिसमें वनों से आने वाले नालों से कैसे भूजल को संरक्षित किया जाए ,विभिन्न प्रकार के वन्य वृक्ष प्रजातियों , वन्यप्राणियों के बारे में जानकारी दिया गया और तितलियों के विकास के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों को भविष्य में वन सुरक्षा से जुड़ने एवं पढ़ाई के दिशा में सही विषय चुनने हेतु करियर गाइडेंस किया गया।

कार्यक्रम में हायर सेकेंडरी स्कूल गिरौदपुरी के शिक्षकगण ,वन प्रबंधन समिति महराजी के अध्यक्ष, समिति सदस्य,ग्रामवासी,वन परिक्षेत्र अधिकारी अर्जुनी,प्रशिक्षु वन क्षेत्रपाल मीनाक्षी साहू,रूपेश्वरी दीवान एवं वन परिक्षेत्र अर्जुनी के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

जनपद सदस्य ने किया अरहर बीज का वितरण

धमतरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत भोथली में कृषि विभाग में संचालित योजना राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन अंतर्गत जनपद सदस्य श्री दिलीप सेन के द्वारा अरहर मिनीकिट का वितरण किया गया ,जनपद सदस्य श्री दिलीप सेन के द्वारा कृषकों को कहा गया कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ ले,कृषि विभाग द्वारा प्रददत उन्नत किस्म फसल लगाए,जिससे कीट बीमारी कम हो और फसल की पैदावार ज्यादा हो, इस अवसर पर सरपंच शिवरात्रि ध्रुव,उपसरपंच कुबेर, पंच गण, कृषक गण हुलास राम , अमृतदास आदि कृषक उपस्थित रहे।

भवन विस्तार के लिए पच्चीस लाख मंजूर समाज ने रंजना साहू का जताया आभार

धमतरी/नवप्रदेश। पूज्य पंचायत सिंधी समाज द्वारा पूर्व विधायक रंजना साहू के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मिलकर भवन विस्तार हेतु पच्चीस लाख रुपए की माँग की गई थी, जिसपर मुहर लगाते हुए नगरीय प्रशासन द्वारा इसकी स्वीकृति प्रदान की गई जिससे समाज में हर्ष का माहौल है, इस विषय की माँग को लेकर पूर्व विधायक रंजना साहू के साथ भाजपा कोषाध्यक्ष चेतन हिंदुजा, नगर निगम एमआईसी सदस्य विजय मोटवानी, भाजयुमो जिला महामंत्री जय हिंदुजा लगातार प्रयासरत थे, जिनकी सामूहिक भूमिका सार्थक सिद्ध हुई और समाज को भवन विस्तार हेतु उक्त शासकीय सहयोग मिल सका,समाज के अध्यक्ष चन्द्रलाल जैसवानी सहित समाज के डेलिगेशन ने उक्त स्वीकृति मिलने के पश्चात पूर्व विधायक रंजना साहू का आभार करने उनसे मिलने पहुंचे और मुंह मीठा कराते हुए उनका धन्यवाद किया,उक्त अवसर पर समाज के अध्यक्ष चन्द्रलाल जैसवानी ने कहा भाजपा सरकार हर वर्ग हर समाज की सरकार है,आज हम प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, धमतरी की सक्रिय नेता पूर्व विधायक रंजना साहू का आभार करते हैं जिनके प्रयासों से समाज को यह सौगात राज्य शासन द्वारा मिली। उक्त अवसर पर पूज्य पंचायत सिंधी समाज के अध्यक्ष चन्द्रलाल जैसवानी, उपाध्यक्ष रामचंद वाधवानी, कार्यकारी अध्यक्ष अशोक वाधवानी, महेश रामरख्यानी, अशोक डुम्बानी, अमर पिंजानी, अमित बजाज, रिक्की गनवानी, विशाल रामरख्यानी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

कार को ठोकर मारने की बात पर पीटा

महासमुंद/नवप्रदेश। पिथौरा पुलिस ने मारपीट के मामले में आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि इंदिरा गांधी वार्ड नंबर 8 पिथौरा निवासी खीरसागर निषाद 16 जुलाई को अपनी स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक सीजी 06 जीवी 1218 से अपने दोस्त दशरथ ध्रुव, जितेंद्र कुमार डड़सेना, पंचराम निषाद और मंगल निषाद के साथ ग्राम टप्पा से पिथौरा की ओर आ रहा था। शाम करीब 7 बजे थाना चौक के आगे प्रवेश द्वार के पास पिथौरा में आर्टिगा कार सीजी 04 एमई 3192 के चालक हीरसेन निषाद उनकी कार को ठोकर मारकर सांकरा की ओर भागने लगा। जिसका पीछा कर वाहन चालक हीरसेन निषाद से दुर्घटना को लेकर बातचीत कर रहा था, तभी वासुदेव भोई, नरेंद्र सिन्हा, हीरसेन निषाद, मीतू भोई, मुकेश पटेल, महेंद्र सिंह राजपूत व अन्य ने एक राय होकर मारपीट की।

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली हेतु कुरुद में शिविर का आयोजन

कुरूद/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री सूर्यधर मुफ्त बिजली योजना के तहत कुरुद संभाग में अब तक 37 रुफ्टॉप सोलर प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं। इस योजना के तहत शहरी और ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं को अपने घर की छत पर 3 किलोवाट तक सोलर प्लांट लगाने पर केन्द्र सरकार की ओर से 30 हजार से 78 हजार रुपये एवं राज्य सरकार की ओर से 15 हजार से 30 हजार रुपये तक कुल 1 लाख 8 हजार रुपये तक की सब्सिडी दी जा रही है।

कुरुद संभाग के अंतर्गत नगर पंचायत कुरुद एवं विद्युत विभाग कुरुद के संयुक्त तत्वाधान में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदाय करने के लिए दिनांक 21.07.2025 (सोमवार) को दुर्गा मंच, संजय नगर, कुरुद एवं दिनांक 23.07.2025 (बुधवार) को इनडोर स्टेडियम कुरुद में विशेष शिविर (समय प्रात: 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक) का आयोजन किया जा रहा है। जी के बंजारे ने विद्युत उपभोक्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में आकर योजना का लाभ प्राप्त करें।

यातायात सुरक्षा | रंगोली एवं पोस्टर के माध्यम से लोगों को दी यातायात नियमों की जानकारी

स्कूली छात्र-छात्राओं को यातायात सुरक्षा, अभिव्यक्ति ऐप, साइबर फ्रॉड के संबंध में किया जागरूक

गरियाबंद/नवप्रदेश। दिनांक 19.07.2025 को स्वावलंबी महिला विकास समिति गरियाबंद के द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में यातायात सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के दौरान निशा सिन्हा अनुविभागीय अधिकारी गरियाबंद, ओम प्रकाश यादव निरीक्षक थाना प्रभारी गरियाबंद, रामाधार मरकाम सउनि यातायात प्रभारी गरियाबंद, रिखि राम यादव नगरपालिका अध्यक्ष, आशिफमेमन नगर पालिका उपाध्यक्ष गरियाबंद, जिला परिवहन विभाग, स्कूल प्राचार्य, शिक्षकगण, स्वावलंबी महिला विकास समिति के महिलाएं उपस्थिति रही। इस दौरान

एस.डी.ओ.पी. गरियाबंद के द्वारा यातायात जागरूकता के संबंध में स्कली बच्चों को यातायात नियमों का पालन कर, अपने परिवार के सदस्यों को बिना हेलमेट, सीट बेल्ट के वाहन न चलाने देना, शराब सेवन एवं मोबाइल का उपयोग करते वाहन न चलाने के संबंध में अपने-अपने परिवार के सदस्यों को जागरूक करने के संबंध में जागरूक किया गया। यातायात के साथ ही साथ वर्तमान में हो रहे साइबर फ्रॉड के संबंध में समझाईश दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं एवं स्कूली छात्रों को अभिव्यक्ति ऐप का रजिस्ट्रेशन के साथ अभिव्यक्ति ऐप का उपयोग एवं उन से जुडे लाभ के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया। इस दौरान सभी बच्चों से प्रश्न भी पुछा गया। जिसका संतोषजनक जवाब दिया गया। स्कूली छात्र/छात्रों के द्वारा यातायात सुरक्षा एवं नियम के संबंध में रंगोली एवं पोस्टर बनाया गया। जो अपने रंगोली एवं पोस्टर के माध्यम से हम सभी लोगों को यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दे रहा था। हम सभी का अन्य कर्तव्यों के साथ यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। जिससे प्रति-दिन हो रहे सड़क दुर्घटनाओं में कमी ला सकते है। गरियाबंद पुलिस का आमजन से अपील आप सभी यातायात नियमों का पालन कर हमारा सहयोग करें।

गरियाबंद पुलिस द्वारा 442 ग्राम अवैध गांजा के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा समस्त थाना प्रभारी को अपने अपने थाना क्षेत्र में अवैध गांजा के परिवहन एवं बिक्री पर रोक लगाकर कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। इसके परिपालन में समस्त थाना प्रभारी अपने अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत मुखबीर एवं पेट्रोलिंग के माध्यम से संदिग्ध आरोपियों पर सतत निगाह रखी जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 18/07/2025 को मुखबीर की सूचना पर एक व्यक्ति अपने मोटर साइकिल क्रमांक एच एफडीलक्स क्रमांक ष्ट्त05-रू-5575 मैं अवैध रूप से गांजा मादक पदार्थ लेकर बिक्री हेतु परिवहन कर रहा था। मुखबिर की सूचना पर थाना से पुलिस टीम गठित कर मुखबीर द्वारा बताए गए घटना स्थल पहुंचकर संदिग्ध वाहन को रोक कर वाहन चालक का नाम पता पूछने पर अपना नाम खेलावन देवांगन पिता स्व लक्ष्मण राम देवांगन उम्र 26 वर्ष सा0 फुलकर्रा थाना पीपरछेड़ी जिला गरियाबंद का रहने वाला बताया। जिसके पास से एक थैला में रखें अवैध रूप से 442 ग्राम गांजा मादक पदार्थ बरामद किया गया जिसे समक्ष गवाहन के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट का पाए जाने से आरोपी खेलावन देवांगन पिता स्व लक्ष्मण राम देवांगन उम्र 26 वर्ष साकिन ग्राम फुलझर के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

न्यूज गैलरी

शिव की लीलाओं का रसपान

कवर्धा। जोराताल में श्री शिव महापुराण कथा के सातवें दिन छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम विजय शर्मा, जिपं अध्यक्ष ईश्वरी साहू सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कथा का आयोजन 13 से प्रारंभ है। 20 तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से संध्या 7 बजे तक कथा हो रही है। कथा वाचक वैष्णवाचार्य सुरेन्द्र दास (वृंदावन धाम) द्वारा भगवान शिव की लीलाओं का रसपान कराया जा रहा है। आज की कथा में भगवान शिव के द्वादश ज्योतिर्लिंग की महिमा का वर्णन किया गया। हनुमान जी के जन्म की कथा भी भक्तों को सुनाई गई, जिससे वातावरण भक्तिरस में सराबोर हो गया। कथा के माध्यम से श्रोताओं को अध्यात्म, भक्ति, सेवा और संकल्प का गहन संदेश प्राप्त हो रहा है।

अवैध कच्ची महुआ शराब बिक्री करने वाले तीन गिरफ्तार

बालोद। गुरुर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम पेटेचुवा के अलग-अलग स्थानों पर छापा मारकर अवैध कच्ची महुआ शराब बेचने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से 60 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त की गई है। पकड़े गए आरोपियों में टेमन लाल कोमरे उम्र 34 वर्ष के कब्जे से 35 लीटर, इंदल सिंह गावडे उम्र 58 वर्ष के कब्जे से 10 लीटर और प्रीतराम गोड उम्र 40 वर्ष निवासी पेटेचुवा से 15 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त किया गया है। सभी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्यवाही में निरीक्षक सुनील तिर्की, हरखराम बघेल, संतोष शर्मा, लैनी रावटे, नमिता यादव, कोमल साहू, गेवेन्द्र नेताम, टोकेश्वर देवांगन पिताम्बर निषाद, दिनेश नेताम सुरेश पटेल व समस्त थाना स्टॉफ गुरूर की सराहनीय भूमिका रही।

चैतन्य की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस ने ईडी का पुतला फूंका

खैरागढ़। ईडी द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेसियों ने विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने केन्द्र सरकार की तानाशाही, हताशा-निराशा करार देते हुए ईडी का पुतला फूंका। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार की मनमानी और तानाशाही के विरोध में अंबेडकर चौक पर भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए ईडी का पुतला जलाया। कांग्रेसियों ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं को निशाना बना रही है। कार्यकर्ताओं ने चैतन्य बघेल को रिहा करने की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी की। पुतला दहन के दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हल्की झूमाझटकी भी हुई। पुतला दहन के दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष रज्जाक खान, पार्षद पुरुषोत्तम वर्मा, दिलीप लहरे, यतेंद्र जीत सिंह राजा सोलंकी, दयाराम पटेल, रत्नेश सारथी, शिवम यादव, सत्यम सारथी, रतन सिंघी, कोमल वर्मा, लक्की सारथी, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

विजय शर्मा ने जन्मदिवस के मौके पर 131 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति पत्र बांटे

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा वीर सावरकर भवन कवर्धा में आयोजित कार्यक्रम में करपात्री स्कूल से लेकर, जिला पंचायत होते हुए बीएसएनएल कार्यालय से होते हुए पीजी कॉलेज तक, पीजी कॉलेज से होते हुए करपात्री स्कूल तक 1 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले वॉकिंग टेऊक्र निर्माण का भूमिपूजन किया। साथ ही प्रधानमंत्री मंत्री आवास योजना के 131 लाभान्वित हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्रक का वितरण एवं स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले नगर पालिका कवर्धा के 23 कर्मचारियों का सम्मान किया। उन्होनें जन्म दिवस के अवसर पर स्वच्छता दीदीयों के साथ केक काटकर खुशी जाहिर की तथा उपस्थित सभी जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी, कर्मचारी व स्वच्छता दीदीयों का आभार माना।

पात्र परिवारों को मिलेगा पक्का आवास-विजय शर्मा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सभी उपस्थित हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजनाओं की जानकारी दी तथा सरकार द्वारा किस्तों में दी जाने वाले स्वीकृति राशि के बारे में भी अवगत कराया। गरीबों को ''मोर आवास मोर अधिकार'' का लाभ दिलाने छत्तीसगढ़ स्तर पर रायपुर से आंदोलन की शुरूवात का भी जिक्र किया। उन्होनें कहा कि सभी गरीब परिवार को उनका पक्का आवास प्रदान किया जायेगा। उन्होनें निर्देशित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृति सभी हितग्राहियों को समय-सीमा में कार्य प्रारंभ कराना सुनिश्चित करें। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण होने वाले कार्यो की गुणवत्ता पर भी ध्यान रखे। प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को समय-सीमा अनुसार किस्तों की राशि जारी किये जाने व हितग्राहियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसका पूर्ण ध्यान रखे। उन्होनें कहा कि किसी मकान के उपर बिजली तार गुजरे होगें उसका भी चिन्हांकित करते हुए हटाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

केक काटकर मनाया जन्मदिन-चंद्रप्रकाश : नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के जन्म दिवस के अवसर पर वीर सावरकर भवन में आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका में कार्यरत स्वच्छता दीदीयों के हाथों केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र 131 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्रक, नगर पालिका में स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणि कार्य करने वाले 23 कर्मचारियों का सम्मान किया गया। उन्होनें बताया कि अपने जन्म दिवस के अवसर पर विजय शर्मा ने 1 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले वॉकिंग टेऊक्र निर्माण का भूमिपूजन किया।

विपक्षियों की आवाज को दबाने भाजपा कर रही है एजेंसियों का दुरुपयोग: आशीष छाबड़ा

जिला कांग्रेस कमेटी ने फूंका ईडी का पुतला चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी पर जताया विरोध

बेमेतरा/नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल को ईडी द्वारा दुर्भावनापूर्वक गिरफ्तार किये जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा द्वारा भाजपा सरकार और ईडी का पुतला दहन किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा के नेतृत्व में पुराना बस स्टैंड चौक पर पुतला दहन के दौरान छाबड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार दुर्भावनापूर्वक विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए ईडी, सीबीआई व अन्य एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। छाबड़ा ने कहा कि चैतन्य बघेल का कुसूर सिर्फ इतना है कि वे पूर्व मुख्यमंत्री के सुपुत्र हैं। उन्हें जबरन बिना किसी साक्ष्य के प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किया गया है। जिस दिन चैतन्य को गिरफ्तार किया गया, उसी दिन पूर्व मुख्यमंत्री

भूपेश बघेल हसदेव के जंगलों को अडानी समूह द्वारा काटने का मुद्दा विधानसभा में उठाने वाले थे। जानबूझकर उन्हें मुद्दा उठाने से रोकने की नियत से पुत्र चैतन्य की गिरफ्तारी की गई। भाजपा द्वारा दुर्भावनावश विपक्षियों की आवाज को दबाने के लिए लगातार एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। इस लड़ाई में भूपेश बघेल अकेले नहीं है। पूरा कांग्रेस परिवार उनके साथ खड़ा है।

इस दौरान ललित विश्वकर्मा, सुमन गोस्वामी, लुकेश वर्मा, टीआर जनार्दन, शकुंतला मंगत साहू, रवि परगनिहा, जोगिंदर छाबड़ा, कविता साहू, रीता पांडेय, अविनाश तिवारी, मनोज शर्मा, मिथलेश वर्मा, नवीन ताम्रकार, राजू साहू, शत्रुघ्न साहू, रवि रजक, हरीश साहू शशि प्रभा गायकवाड मिनटा नामदेव राजू साहू दयासिंह वर्मा अजय राज सेन सनत धर दीवान सुनील नामदेव प्रांजल तिवारी प्रकाश ठाकुर राम ठाकुर रोमन वर्मा चंद्र प्रकाश शीतलानी सिद्दीक खान बिनु मानिकपुरी जनता साहू प्रशांत तिवारी बहल वर्मा पप्पू साहब नारायण छाबड़ा विकास चौबे भीखम साहू वाहिद रवानी सिद्धांत दीवान दिलहरन साहू लक्ष्मण साहू शेख लल्लू कुरैशी हेमिन यादव निन्नी देवांगन सीताराम यदु राजकुमार बंजारे भाव सिंह राज प्रतीक दुबे धर्म वर्मा ऋतिक तिवारी रूप सिंह कमल साहू जयप्रकाश राज राघवेंद्र मनु कौनेन अली नरेश सिंह गुरेंद्र वर्मा वर्मा गोलू वर्मा राजेंद्र साहू सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

डॉ. रमन ने दिलाई 63.65 करोड़ की मंजूरी : शिव वर्मा

राजनांदगांव में होंगे कई विकास निर्माण कार्य

राजनांदगांव/नवप्रदेश। वरिष्ठ भाजपा पार्षद शिव वर्मा ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक व छग विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव के विकास के लिए 63 करोड़ 65 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति दिलाई है। डॉ. सिंह ने विधानसभा क्षेत्र का समग्र विकास करने निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की है। इससे क्षेत्र की अधोसंरचना सुदृढ़ होगी और नागरिकों को बेहतर शहरी सुविधाएं मिलेगी। स्वीकृत योजनाओं में 19 करोड़ 96 लाख की लागत से स्टेट स्कूल परिसर में 2000 सीटर ऑडिटोरियम निर्माण, 14 करोड़ 69 लाख की लागत से गंज चौक से कन्हापुरी तक सड़क चौड़ीकरण, 11 करोड़ 42 लाख की लागत से सेंट्रल लाइब्रेरी वं रीडिंग जोन परिसर (500 सीटर) निर्माण, 6 करोड़ 58 लाख की लागत से मोहरा फिल्टर प्लांट से गंज चौक और नंदई चौक से इंदिरा टंकी तक 600 एमएम राईजिंग मेन पाइपलाइन विस्तार कार्य, 5 करोड़ की लागत से ट्रांसपोर्ट नगर में नाली, रोड, लाइट और पानी की व्यवस्था, 2 करोड़ की लागत से पेंड्री मुक्तिधाम से अस्पताल तक सड़क, 3.50 करोड़ की लागत से नारकन्धर नाला से जिला अस्पताल तक नाला निर्माण,50 लाख की लागत से ऑडिटोरियम की मरम्मत का काम शामिल है। डॉ. रमन ने मुख्यमंत्री साय और उपमुख्यमंत्री साव के प्रति आभार व्यक्त किया।

युवक से मारपीट, पुलिस ने 4 बदमाशों को किया गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। युवक से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित बीती रात अपने दोस्त के साथ मोटर सायकल से आवाना होटल के पास अपने साथियों से मिलने जा रहा था। इसी दौरान शीतला मंदिर के आगे जमातपारा के पास अज्ञात लोगों ने डण्डे से पीटा। पीड़ित की बांई ऑख के पास व कंधे में चोट लगी है। उसके साथी के पीठ व दाहिने पैर में चोट लगी है। इस मामले में थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद थाना बसंतपुर में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया। निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी

के नेतृत्व में अज्ञात आरोपियों की पतासाजी के लिये टीम गठित की गई। मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी टाकेश्वर पाल, मयंक धर्मी, युगल कुमार सागरवंशी व 3 अन्य बालकों से पूछताछ की गई। उन्होंने जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त डण्डा जप्त कर आरोपीगणों को गिरफ्तार कर जमानत मुलचका पर रिहा किया गया। आरोपियों ने जमानत पर छूटने के बाद दोबारा हुड़दंग करने पर पुलिस ने मौके पर पहुँचकर विनोद यादव को मौके पर गिरफ्तार कर लिया। चारों आरोपियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धारा के तहत कार्यवाही कर एसडीएम न्यायायल पेश किया गया। कार्यवाही में निरीक्षक एमन साहू, उप निरीक्षक नरेश सार्वा, किशोर यादव, व अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही है।

सामुदायिक भवन बनाने महापौर ने किया भूमिपूजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। महापौर मधुसूदन यादव ने आज कौरिनभाठा शीतला मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और सांसद संतोष पाण्डे की अनुशंसा पर शासन द्वारा मूलभूत सुविधा रोड नाली निर्माण सहित अधोसंरचना मद एवं पर्यावरण निधि अंतर्गत रोड-नाली के अलावा सामुदायिक भवन, मंच, उद्यान आदि निर्माण कार्यों के लिये राशि उपलब्ध कराई गई है। सभी वार्डों में विकास कार्य कराये जा रहे हैं।

वार्ड 45 के कौरिनभाठा शीतला मंदिर के पास अधोसंरचना मद से 10 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा।

सामुदायिक भवन बनने पर शीतला पारा के निवासियों को विभिन्न आयोजनों के लिये बेहतर सुविधा मिलेगी। कार्य अतिशीघ्र प्रारंभ कराया जाएगा।

भूमिपूजन कार्यक्रम में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह, पारस वर्मा, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य शैकी बग्गा, राजा माखीजा, दिलेश्वर साहू, वार्ड पार्षद डुरेन्द्र साहू, पार्षद कमलेश बंधे, मनोहर यादव, सेवक उईके, सतीश साहू, समाजिक कार्यकर्ता सुमित भाटिया, पूर्व पार्षद शरद सिन्हा, पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद साहू, राजेश यादव, पंकज कुरंजेकर, जीवन चतुर्वेदी, रिद्धी सिद्धी कालोनी के अध्यक्ष नरेश साहू उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैक के अध्यक्ष सचिन बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय प्रदेश में विकास कार्यो के साथ-साथ हर वर्ग के विकास की सोच को लेकर कार्य कर रहे हैं।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की अनुशंसा पर शहर में 63 करोड़ के विकास कार्य कराने स्वीकृति प्राप्त हुई है।

अमरकंटक से भोरमदेव मंदिर तक 151 किमी की कांवड़ यात्रा करेंगी विधायक भावना

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार एक महिला जनप्रतिनिधि 151 किलोमीटर की कठिन कांवड़ यात्रा करेंगी। प्रदेश व प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि के लिए पंडरिया विधायक भावना बोहरा सावन के दूसरे सोमवार यानी 21 जुलाई को सुबह 7 बजे कांवड़ यात्रा प्रारंभ करेंगी। वे कुल 151 किलोमीटर की कांवड़ यात्रा करेंगी। शिवजी के प्रति अटूट आस्था और विश्वास के साथ ही जनसेवा और हर व्यक्ति के जीवन में सुख-समृद्धि की कामना करते हुए विधायक भावना बोहरा छत्तीसगढ़ और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना के साथ यात्रा करेंगी। विधायक भावना बोहरा माँ नर्मदा मंदिर से कांवड़ में

जल लेकर पद यात्रा करते हुए डोंगरिया महादेव का जलाभिषेक करने के बाद भोरमदेव मंदिर में शिवजी का जलाभिषेक कर अपनी यात्रा समाप्त करेंगी। इस दौरान भावना बोहरा माँ नर्मदा मंदिर अमरकंटक से लहनी, खुडिया, पंडरिया, मोहतरा से डोंगरिया महादेव पहुंचेगी, जहाँ शिवजी का जलाभिषेक किया जाएगा। इसके बाद डोंगरिया महादेव से बोड़ला होते हुए भोरमदेव मंदिर में पूजा-अर्चना व शिवजी का जलाभिषेक कर अपनी यात्रा का समापन करेंगी।

यात्रा के पूर्व शनिवार को भावना बोहरा ने कवर्धा में माँ महामाया मंदिर, बूढ़ा महादेव मंदिर, श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर और शनिदेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ की समृद्धि व प्रदेशवासियों की खुशहाली के लिये कामना की। ग्राम रणवीरपुर में श्री हनुमान मंदिर और माँ महामाया मंदिर में आयोजित झंडा पूजा में शामिल होकर मंदिर में दर्शन-पूजन कर सर्वमंगल की कामना की। भावना ने अपनी सुखद व सफल यात्रा के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक भावना बोहरा ने बताया कि हमारी सनातन संस्कृति में श्रावण मास और शिव उपासना की पौराणिक मान्यता है। छत्तीसगढ़ में भी अमरकंटक के नर्मदेश्वर महादेव के निकट मां नर्मदा का पावन जल लेकर बाबा भोरमदेव को अर्पित करने की प्राचीन आस्था है और प्रतिवर्ष कबीरधाम जिले से हजारों की संख्या में कांवड़ यात्री जल लेकर कठिन कांवड़ यात्रा करके भोरमदेव मंदिर में शिवजी का जलाभिषेक करते हैं। उसी आस्था के प्रति भगवान भोलेनाथ व माँ नर्मदा के आशीर्वाद और कांवड़ यात्रियों से प्रेरणा लेकर इस वर्ष सावन माह के द्वितीय सोमवार को माँ नर्मदा मंदिर प्रांगण से डोंगरिया महादेव एवं भोरमदेव मंदिर तक छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए वे 151 किलोमीटर की कांवड़ यात्रा करेंगी। भावना ने कबीरधाम जिला के सभी शिवभक्तों से सहयोग और गरिमामयी उपस्थिति का आग्रह किया है। उन्होंने आम जनता से आग्रह करते हुए कहा कि 21 जुलाई को सुबह 7 बजे अमरकंटक में भगवान नर्मदेश्वर महादेव की पूजा अर्चना कर माँ नर्मदा मंदिर से कांवड़ में जल लेकर डोंगरिया महादेव और भोरमदेव मंदिर में जलाभिषेक करने प्रस्थान होगा।

स्वदेशी जागरण मंच की प्रांतीय विचार वर्ग कार्यशाला में शामिल हुए जागरण मंच के सदस्य

राजनांदगांव/नवप्रदेश। स्वदेशी जागरण मंच की प्रांतीय विचार वर्ग कार्यशाला झूलेलाल मंगलम भवन तिफरा बिलासपुर में आयोजित की गई, जिसमें राजनांदगांव जिले की स्वदेशी जागरण मंच के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रांतीय विचार वर्ग की दो दिवसीय कार्यशाला में स्वदेशी जागरण मंच के संरक्षक सतीश कुमार (हरियाणा) मुख्य वक्ता व अध्यक्ष के रूप में उद्घाटन अवसर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने की। कार्यक्रम में सतीश कुमार ने स्वदेशी जागरण मंच के उद्देश्यों व आयामों को समझाया। स्वदेशी जागरण मंच के प्रवक्ताओं व प्रान्त स्तरीय सदस्यों ने स्वदेशी जागरण मंच के बारे में सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। स्वदेशी की मूल भावनाओं से अवगत कराते हुए बताया कि विदेशी वस्तुओं के उपयोग से भारत का भविष्य अंधकारमय हो सकता है। सभी को दैनिक जीवन

में कम से कम विदेशी वस्तुओं का प्रयोग करना चाहिये। पूर्णतः स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सभी संभाग व जिलों से कार्यकर्ता शामिल हुए। राजनांदगांव की टीम का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा। जिला संयोजक एडवोकेट राजकुमार शर्मा, राकेश इंदु भूषण ठाकुर, राकेश दुबे, भगवान झा, अनिमेष रॉय, सुनील बाजपेई, हकीम खान, दिग्विजय मिश्रा, सुधा पवार, संगीता शुक्ला, फातिमा सोलंकी, आयुषी, प्रतिभा साहू, कमलेश्वरी साहू, जमुना साहू, मंजू साहू शामिल हुए।

शेष खबरो के लिए

ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले ...

नेहा पठान, पांडु, पद्मावती, हर्षा साय और बय्या सनी यादव के नाम भी जांच में हैं। इन पर जंगली रम्मी, ए23, जीतविन, परिमैच और लोटस365 जैसे प्लेटफॉर्म्स के प्रचार का आरोप है, जो मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल हैं।

नई औद्योगिक नीति के माध्यम ...

और क्रीम जैसे विभिन्न प्रकार की दवाइयों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस इकाई के विस्तार से बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा।विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि प्रदेश के फार्मास्यूटिकल सेक्टर में यह एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक शुरुआत है। उन्होंने कहा कि भारत ने इस क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाई है और कोविड काल के दौरान पूरी दुनिया को यह एहसास हुआ कि दवाइयों और चिकित्सा संसाधनों का क्या महत्व है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और यूरोप जैसे विकसित देशों ने भी उस दौर में भारत की फार्मा क्षमता पर विश्वास जताया। उन्होंने आगे कहा कि हाल ही में विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना को साकार करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए विजन डॉक्यूमेंट जारी किया गया है, जो आने वाले वर्षों में प्रदेश को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के औद्योगिक विकास में नवा रायपुर की केंद्रीय भूमिका है। यह क्षेत्र न केवल औद्योगिक निवेश के लिए उपयुक्त है, बल्कि सभी प्रमुख मार्गों से जुड़ाव के कारण लॉजिस्टिक्स की दृष्टि से भी अत्यंत सुविधाजनक है। डॉ. सिंह ने एस्पायर फार्मास्यूटिकल्स की टीम को इस नई शुरुआत के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह इकाई नवा रायपुर के विकास को नई गति देगी।

इस अवसर पर वन मंत्री श्री केदार कश्यप, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, श्री पवन साय, विधायक गुरु खुशवंत साहेब, विधायक श्री मोतीलाल साहू, विधायक श्री ललित चंद्राकर, विधायक श्री संपत अग्रवाल, विधायक श्री अनुज शर्मा, सीजीएमएससी के अध्यक्ष श्री दीपक म्हस्के, सीएसआईडीसी के अध्यक्ष श्री राजीव अग्रवाल, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष श्री अमरजीत छाबड़ा, नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव, एस्पायर फार्मास्यूटिकल्स से श्री कोमलचंद चोपड़ा, श्री अनिल देशलहरा और श्री उज्ज्वल दीपक सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

हादसों का वार रहा शनिवार...

शोरी, निवासी सिंघनपुर, सूरज उइके और दीपक, निवासी ग्राम डुंडेरापाल केशकाल के निवासी हैं वहीं प्रीतम नेताम और पृथ्वीराज सलाम दोनों घायल हो गए हैं। फिलहाल पुलिस और फॉरेंसिक की टीम मौके पर मौजूद है और शवों को निकालकर जिला अस्पताल लाया जा रहा है। मृतकों के परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी गई।

डिवाइडर से टकराई बस, एक की मौत -कांकेर जिले से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। चारामा थाना क्षेत्र अंतर्गत कंडेल चौक के समीप तेज रफ्तार यात्री बस अनियंत्रित होकर नैनी नदी पुल के डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में बस हेल्पर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि बस में सवार अन्य यात्रियों को राहत और बचाव दल की मदद से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई, स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से तत्काल रेस्क्यू अभियान चलाया गया। चारामा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। बस की तेज रफ्तार और चालक का नियंत्रण खोना इस हादसे का कारण माना जा रहा है।

केशकाल में सड़क ...

इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया और दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। मामले की जांच जारी है।

प्रधानमंत्री धन-धान्य...

सुनिश्चित करना है। इस योजना से अनुमानतः 1.7 करोड़ किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। इस परिवर्तनकारी पहल में राज्यों की योजनाओं और निजी क्षेत्र की भागीदारी को भी महत्व दिया गया है। प्रत्येक चयनित जिले में 'जिला धन-धान्य कृषि योजना समिति बनाई जाएगी, जिसकी अध्यक्षता जिला अधिकारी या ग्राम पंचायत प्रमुख करेंगे। समिति में प्रगतिशील किसान, विशेषज्ञ और विभागीय अधिकारी शामिल होंगे। यह समिति जिला कृषि योजना तैयार करेगी, जो स्थानीय कृषि पारिस्थितिकी, फसल पैटर्न और किसानों की जरूरतों के अनुरूप होगी।

चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी...

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि वे बीजेपी सरकार की इस कार्रवाई के खिलाफ न डरेंगे ना झुकेंगे लड़ाई जारी रहेगी। चैतन्य बघेल के वकील फैजल रिजवी ने बताया कि ईडी की ओर से पांच दिन की रिमांड मांगी गई थी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है।

पार्टी भूपेश बघेल के साथः प्रियंका गांधी वाड्रा

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार सुबह एक्स पर पोस्ट साझा कर छत्तीगढ़ की भाजपा सरकार पर निशाना साधा और लिखा कि भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ के सारे जंगल अदाणी को दे दिए हैं। पेसा कानून और एनजीटी के निर्देशों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। जंगलों को बर्बाद किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विधानसभा में यह मुद्दा उठाने वाले थे। लेकिन उन्हें रोकने के लिए सुबह-सुबह ईडी ने छापा मार दिया। इतना ही नहीं उनके बेटे को भी गिरफ्तार कर लिया। आगे लिखा कि बीते 11 वर्षों में देश अच्छी तरह समझ चुका है कि ये जनता की आवाज को कुचलने और विपक्ष को दबाने के तरीके हैं। लेकिन ऐसे हथकंडों से सच को दबाना और विपक्ष को डराना नामुमकिन है।

बीएसपी ने किया 'कनेक्टकॉन' पीआर कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन

■ संचार, संबंध और रचनात्मकता पर केंद्रित एक दिवसीय सार्थक मंथन

भिलाई/नवप्रदेश। विश्व जनसंपर्क दिवस के उपलक्ष्य में 18 जुलाई को सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा भिलाई निवास के बहुउद्देशीय सभागार में राष्ट्र स्तरीय पीआर कॉन्क्लेव 'कनेक्टकॉन' का आयोजन भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी चितरंजन महापात्रा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कनेक्ट, कम्युनिकेट, क्रिएट थीम पर आधारित एक दिवसीय कॉन्क्लेव का उद्देश्य जनसंपर्क के क्षेत्र में नवीनतम प्रवृत्तियों, चुनौतियों, अवसरों और बदलते रुझान पर गहन विचार-विमर्श करना था। चितरंजन महापात्रा ने संयंत्र के कार्यपालक निदेशकों के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

कॉन्क्लेव में सेल के राउरकेला, बोकारो, कार्पोरेट ऑफिस, वीआईएसएल, सीएसपी सहित जनसंपर्क पेशेवरों, उद्योग विशेषज्ञों और विभिन्न प्रतिष्ठित संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर प्रभावी संचार रणनीतियों एवं सम्बंधित विषयों पर अपने विचार साझा किये। इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएं) एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) एके चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक (खदान) बिपिन कुमार गिरी, कार्यपालक निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ एम रवींद्रनाथ सहित मुख्य महाप्रबंधक प्रभारीगण, मुख्य महाप्रबंधक तथा विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष व अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में बीएसपी के विभिन्न विभागों के 30 इंटर्नल रिसोर्स पर्सन्स ने भी भाग लिया।

बीएसपी के निदेशक प्रभारी चितरंजन महापात्रा ने कनेक्टकॉन-2025 के आयोजन के लिये जनसंपर्क विभाग को बधाई देते हुए कहा कि जनसंपर्क की भूमिका अब केवल मीडिया प्रबंधन तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह किसी भी संगठन के संस्थागत विकास का एक रणनीतिक आधार बन चुका है। उन्होंने बताया कि देश में इस्पात की मांग 150 मिलियन टन से बढ़कर वर्ष 2030 तक 300 मिलियन टन और वर्ष 2047 तक 500 मिलियन टन होने की संभावना है। सेल ने भी वर्ष 2030 तक 15 मिलियन टन और 2047 तक 50 मिलियन टन उत्पादन का लक्ष्य बनाया है। महापात्रा ने कहा कि ऐसा विस्तार केवल अवसंरचना पर नहीं, बल्कि स्टेकहोल्डर्स के बीच विश्वास-वृद्धि पर भी निर्भर करता है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में महाप्रबंधक (संपर्क प्रशासन एवं जनसंपर्क) अमूल्य प्रियदर्शी ने स्वागत उद्बोधन दिया गया, जिसमें उन्होंने 'कनेक्टकॉन पीआर कॉन्क्लेव' की थीम, महत्व और विभिन्न सत्रों की संक्षिप्त जानकारी प्रस्तुत की। कॉन्क्लेव के पहले सत्र में सेल की विभिन्न इकाइयों से आए प्रतिनिधियों ने अपने-अपने स्टील प्लांट्स में जनसंपर्क विभाग की कार्यप्रणाली, प्रमुख गतिविधियों, रणनीतिक दृष्टिकोण और नवाचारों पर विस्तृत जानकारी दी।

वक्ताओं में उप प्रबंधक (जनसंपर्क), सेल-राउरकेला इस्पात संयंत्र के एसएस पटनायक महाप्रबंधक (एचआर एवं जनसंपर्क), सेल-वीआईएसल, भद्रावती के एल. प्रवीण कुमार; सहायक प्रबंधक एचआर, सेल-सीएफ्पी, चंद्रपुर की श्यामली लोखंडे वरिष्ठ प्रबंधक जनसंपर्क, सेल-बीएसएल, बोकारो के अभिनव शंकर शामिल थे। सेल कॉरपोरेट अफेयर्स डिवीजन, नई दिल्ली की ओर से उप महाप्रबंधक मानिक भार्गव, सहायक महाप्रबंधक समन्विता घोष ने प्रतिनिधित्व किया और प्रस्तुति दी। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक (सीएसआर), सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र, अपर्णा चंद्रा द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र में अपनाई जा रही जनसंपर्क नीतियों एवं रणनीतिक संप्रेषण पहलों पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी।

प्रस्तुति सत्र की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (सिंटर प्लांट्स-बीएसपी) अनूप कुमार दत्ता ने की। इस अवसर पर पूर्व विभाग प्रमुख (जनसंपर्क-बीएसपी) विजय मैराल और महाप्रबंधक (संपर्क, प्रशासन एवं जनसंपर्क) अमुल्य प्रियदर्शी भी उपस्थित रहे।

प्रस्तुति सत्र के बाद जनसंपर्क प्रथाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग विषय पर एक पैनल चर्चा आयोजित की गई। इस चर्चा का नेतृत्व मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी बीआरएम योगेश शास्त्री और पूर्व मुख्य महाप्रबंधक, सेल-बीएसपी, सौरभ सिन्हा ने किया। सत्र का संचालन महाप्रबंधक (परियोजनाएं) बोन्या मुखर्जी ने किया। चर्चा के दौरान जनसंपर्क गतिविधियों में एआई उपकरणों के लाभ और संभावित चुनौतियों पर विचार-विमर्श हुआ।

■ न्यूज गैलरी

हिस्ट्रीशीटर जोश के जीजा ने बीएसपी कर्मचारी पर किया हमला

भिलाई। सेक्टर-5 इलाके में बीएसपी कर्मचारी पर दो बदमाशों ने तलवार से जानलेवा हमला कर दिया। घटना के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए, लेकिन पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर दोनों का जुलूस भी निकाला। दोनों आरोपियों में एक कुख्यात बदमाश अमित जोश का जीजा है। पिछले साल दुर्ग पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर अमित जोश को एनकाउंटर में मार गिराया था। मामला भिलाई नगर थाना क्षेत्र के सेक्टर-5 का है। घटना रात करीब 10:15 बजे की है। चंद्रकांत वर्मा (35) बीएसपी के कर्मचारी हैं। वो सेक्टर-5 मार्केट में सामान लेने पहुंचे थे। दुकानें बंद हो चुकी थीं, इसलिए वे पास की पान दुकान पर खड़े थे। तभी नशे में धुत दो बदमाश वहां आए और दुकान बंद होने पर गाली-गलौज करने लगे। वे लोग बेवजह चंद्रकांत से भी गाली गलौज करने लगे। चंद्रकांत के विरोध करने पर दोनों बदमाशों ने तलवार से हमला कर दिया।

गबन का आरोपी पूर्व प्रभारी सहायक प्रबंधक गिरफ्तार

भिलाई। कृषक सेवा सहकारी समिति कोहका में वित्तीय अनियमितता के मामले में पूर्व प्रभारी सहायक प्रबंधक डाकवर धुर्वे को पुलिस ने महज 12 घंटे में गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने समिति के भुगतान पत्रकों में प्राधिकृत अधिकारी एवं प्राप्तकर्ता के नकली हस्ताक्षर कर 588202 की राशि अपने निजी उपयोग के लिए निकालकर गबन कर लिया था। प्राधिकृत अधिकारी ध्रुव कुमार गुप्ता द्वारा दर्ज शिकायत के अनुसार आरोपी ने दिपावली उपहार, ऑडिटर शुल्क, डीमो, सिलक अंतरण और अन्य फर्जी मदों में रकम निकाल कर गबन किया। इस पर सुपेला थाना अंतर्गत स्मृति नगर चौकी में धारा 409 भादंवि के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर तत्काल जांच प्रारंभ की गई। पुलिस ने थाना प्रभारी विजय यादव व चौकी प्रभारी गुरुविंदर सिंह संधु के निर्देशन में एक विशेष टीम गठित की। आरोपी के दुर्ग रेलवे स्टेशन से भागने की कोशिश की जानकारी पर टीम ने स्टेशन में दबिश देकर उसे पकड़ लिया।

आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु आवेदन 29 तक आमंत्रित

दुर्ग। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग-शहरी के अंतर्गत पचरी पारा वार्ड क्रमांक 28 आंगनबाड़ी केन्द्र बांसपारा क्र-4 दुर्ग में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिये आवेदन 15 से 29 जुलाई तक एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय दुर्ग-शहरी (पांच बिल्डिंग बाल संरक्षण गृह परिसर महिला एवं बाल विकास विभाग) में सीधे अथवा पंजीकृत डॉक द्वारा सुबह 10 से 5.30 बजे तक जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकार नही किए जाएंगे। आवेदिका की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु 8वीं बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण। गरीबी रेखा परिवार, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति परिवार की महिला होने पर तथा विधवा, परित्यक्ता अथवा तलाकशुदा महिला होने पर अतिरिक्त अंक दिए जाएंगे।

ईडी की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस का हल्लाबोल

■ जांच एजेंसियों के सहारे चल रही भाजपा की राजनीति -मुकेश

भिलाई/नवप्रदेश। केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र के खिलाफ द्वेषपूर्ण कार्यवाही के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर आज जिला कांग्रेस कमेटी के सभी सात ब्लॉकों में राज्य सरकार और केंद्र सरकार का पुतला दहन किया गया।

भिलाई जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल सहित कांग्रेस नेताओं के निवास पर ईडी की कार्यवाही से भाजपा की हताशा का पता चलता है। भाजपा के नेता कांग्रेस और भूपेश बघेल से डरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने बौखलाहट में ईडी को भेजा है। भाजपा की राजनीति अब जांच एजेंसियों के सहारे चल रही है। कांग्रेस को डराया या रोका नहीं जा सकता है। कांग्रेस न झुकी है, न झुकेगी। अब हर षड्यंत्र का जवाब और भी दमदार तरीके से दिया जाएगा।

पूर्व मंत्री बीडी कुरैशी ने कहा कि अपनी राजनैतिक विफलता और देश के मूल मुद्दों से जनता का ध्यान हटाने के लिये भाजपा ने कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और कांग्रेस के नेताओं के घर ईडी को भेजा है। साफदिख रहा है कि यह जांच नहीं है, बल्कि राजनीतिक प्रतिशोध हैं। पुतला दहन के दौरान महापौर नीरज पाल, धर्मेंद्र यादव, जिला युकां अध्यक्ष विभोर दुरगकर, अर्जुन शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष नंदकुमार कश्यप, रामा विश्वकर्मा, प्रमोद प्रभाकर, गौरव श्रीवास्तव, मुकुंद भाऊ, मो रफीक, आनंद डोंगरे, सलमान खान, अली हुसैन सिद्दीकी, जोहन सिन्हा, प्रभाकर जगबन्धु, नईम खान, अब्दुल तहूर पवार, मेरिक सिंह, लादू राम सिन्हा, उषा शर्मा, नेहा साहू, अमीर अहमद, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष शोएब मोहम्मद खान, रविंद्र सिंह, समयलाल साहू, दिनेश गुप्ता, कीर्ति सिंह, अनसुइया मरकाम, पिंकी वर्मा, बलदाऊ पिपरिया, दुर्गा प्रसाद साहू, निरंजन बिसाई, बद्री बघेल सहित सैकड़ों कांग्रेसजन उपस्थित थे।

कुम्हारी में भी विरोध प्रदर्शन, फूंका ईडी का पुतला

कुम्हारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में स्टेशन चौक में बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकताओं द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के विरोध में ईडी का पुतला फूंका गया। विरोध प्रदर्शन करते हुए कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने एक सुर में ईडी के कार्यप्रणाली पर संदेह जताते हुए भारी रोष जताया। इस मौके पर प्रदर्शन में उपस्थित खैरागढ़ की विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि प्रदेश में जिस तरह से जंगलों की कटाई की जा रही है, संस्थानों को निजी हाथों में सौंपा जा रहा है, यह चिंता का विषय है। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र सरकार ईडी का दुरुपयोग कर कांग्रेस के नेताओं को परेशान कर रही है। विगत वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री बघेल के घर पर छापा मारा लेकिन कुछ भी हाथ नही आया और अब उनके पुत्र चैतन्य के जन्मदिन पर ईडी द्वारा गिरफ्तारी की गई। प्रदेश की भाजपा सरकार बदले की राजनीति कर रही है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत ने भी कड़ी निंदा की है। विरोध प्रदर्शन करने वालों में अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी प्रमोद सिंह राजपूत पूर्व पालिका अध्यक्ष स्वप्निल उपाध्याय, राजेश्वर सोनकर, नेता प्रतिपक्ष जानकी ध्रुव, विधायक प्रतिनिधि रामकुमार चक्रधारी, विनोद साहू, गिरीश देवांगन, पार्षद डिकेन्द्र साहू, लेखराम साहू, विकास सोनकर, राकेश कुर्रे, मनहरण यादव थनेश पटेल एवं प्रमोद चन्द्राकर, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष के. रविकुमार किशोर सोनकर, रीना साहू, कमला मौर्या सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

इस्पात नगर रिसाली में बीएसपी की भूमि से हटाया अवैध कब्जा

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग ने 19 जुलाई को इस्पात नगरी, रिसाली में अवैध कब्जा हटाने की कार्यवाही की। जेसीबी मशीनों के माध्यम से स्थायी कब्जे को तोड़ा गया। संपदा न्यायालय के आदेश के आधार पर यह कार्यवाही की गई। वार्ड नम्बर 29, इस्पात नगर, रिसाली, भिलाई स्थित बीएसपी की भूमि से अवैध कब्जाधारियों के विरूध्द संपदा न्यायालय द्वारा डिक्री आदेश जारी कर अवैध कब्जाधारियो की बेदखली के लिये निर्देश जारी किया गया था। आदेश का क्रियान्वयन करते हुए यह बेदखली कार्यवाही की गई। संपदा न्यायालय के आदेश के अनुपालन में प्रवर्तन अनुभाग की टीम द्वारा पुलिस बल व सुरक्षाकर्मियों के सहयोग से भूमि से बेदखली कार्यवाही की गई। इस दौरान नेवई, थाना प्रभारी कमल सिंह सेंगर सहित महिला पुलिस व पुलिस बल की उपस्थिति और कार्यपालक मजिस्ट्रेट दिलेश्वर साहू, महाप्रबंधक (प्रवर्तन और पीएचडी), नगर सेवाएं केके यादव भी उपस्थित रहे। बेदखली कार्यवाही के दौरान कब्जाधारियों द्वारा बनाए पक्के स्ट्रक्चर को 2 जेसीबी मशीन से ढहाया गया।

छठवें चक्र में प्रभमान, देवांश, आलोक और ऋषित की शानदार जीत

■ छग राज्य सब-जूनियर (अंडर-15) शतरंज प्रतियोगिता

भिलाई/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य सब-जूनियर अंडर-15 शतरंज प्रतियोगिता 2025 के छठवें चक्र में कई रोमांचक मुकाबले हुए। राज्य के युवा खिलाडियों ने शानदार खेल प्रदर्शन किया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन व अग्रसेन जन कल्याण समिति और अग्रसेन महिला समिति भिलाई के सहयोग से सेक्टर 6 भिलाई स्थित अग्रसेन भवन में आयोजित प्रतियोगिता में प्रभमान, देवांश आलोक और ऋषित की शानदार जीत हुई। प्रतियोगिता का आयोजन ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के निर्देशन में छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के मार्गदर्शन में जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा किया जा रहा है। जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत और सचिव तुलसी सोनी ने बताया कि प्रथम बोर्ड पर कोरबा के प्रभमान सिंह मल्होत्रा ने लंदन सिस्टम ओपनिंग खेलते हुए रायपुर के अद्वित पांडेय की होरविट्ज़ डिफेंस को मात देकर निर्णायक जीत दर्ज की। मुंगेली के अंशुल शर्मा और रायपुर के देवांश जैन के बीच खेले गए मैच में गेम ऑफ फोर नाइट्स ओपनिंग के तहत मुकाबला हुआ, जिसमें देवांश ने सधे हुए खेल से बाजी मारी। तनीषा ड्रोलिया बनाम आलोक कनोजे के मैच में डच ओपनिंग बनाम एंटी निमजो इंडियन डिफेंस के बीच संघर्ष देखने को मिला, जहाँ आलोक ने ठोस रणनीति से विजय हासिल की। एक अन्य महत्वपूर्ण मुकाबले में रायगढ़ के ऋषित अग्रवाल ने प्रतिष्ठा अहिरवार (रायपुर) को इंग्लिश वेरिएशन पानोव के तहत हराया। छह चक्रों की समाप्ति के बाद प्रतियोगिता की अंकतालिका में कोरबा के प्रभमान सिंह मल्होत्रा 6 में से 6 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर हैं। रायपुर के देवांश जैन 6 अंकों के साथ ही टाई ब्रेकर के तहत दूसरे स्थान पर और रायपुर के आलोक कनौजे 5.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। प्रतियोगिता का संचालन अंतरराष्ट्रीय निर्णायक अलंकार भिवगड़े के निर्देशन में, डिप्टी चीफ आर्बिटर रॉकी देवांगन और शुभम बसोने की देखरेख में कुशलतापूर्वक किया जा रहा है।

चुनाव वाहन मालिकों के भुगतान की प्रक्रिया जारी

दुर्ग। जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव 2025 में संलग्न निजी बसों और छोटे वाहनों के भुगतान की प्रक्रिया चल रही है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन वाहन मालिकों के वाहनों का अधिग्रहण निर्वाचन कार्य के लिए किया गया था, वे 21 से 25 जुलाई तक आरटीओ कार्यालय में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर अपने देयकों/अन्य जानकारियों का अवलोकन कर सकते है।

साइंस कॉलेज मेगा जॉब फेयर में 114 विद्यार्थियों का चयन

दुर्ग/नवप्रदेश। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में आयोजित मेगा जॉब फेयर में 114 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। महाविद्यालय के इतिहास में कैम्पस इंटरव्यू के द्वारा इतनी बड़ी संख्या में प्रथम बार चयन हुआ है। महाविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल की संयोजक और गणित विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. पद्मावती ने बताया कि मेगा जॉब फेयर में विभिन्न महाविद्यालयों से 230 विद्यार्थी प्रविष्ट हुए थे। 12 विभिन्न प्रतिष्ठानों में विभिन्न पदों पर चयन के लिये मेगा जॉब फेयर आयोजित किया था। सभी विद्यार्थियों को इसी माह जॉब ज्वाइन करना है। मेगा जॉब फेयर में साईंस कालेज, दुर्ग के अलावा शासकीय नवीन महाविद्यालय रिसाली, शासकीय वा.वा. पाटणकर कन्या महाविद्यालय दुर्ग, भिलाई महिला महाविद्यालय सेक्टर-9 के स्टूडेंट्स शामिल हुए थे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान शिक्षण सत्र में इस प्रकार के जॉब फेयर आयोजित किए जायेंगे। ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल की सदस्य डॉ. एचपी सिंह सलूजा, डॉ. अलका मिश्रा, डॉ. अंशुमाला चन्दनगर, डॉ. कल्पना अग्रवाल, डॉ. मोतीराम साहू, डॉ. विनोद अहिरवार, डॉ. लतिका ताम्रकार ने बताया कि महाविद्यालय के टैगोर हॉल में आयोजित जॉब फेयर में शामिल होने के लिये आवश्यक योग्यता 12वीं, आईटीआई, स्नातक और स्नातकोत्तर रखी गई थी।

संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव, सांसद ने किया सोलर वाटर सिस्टम का लोकार्पण

भिलाई/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीएमवाई चरौदा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे रोपे गए। 250 एलपीडी सोलर संचालित वाटर सिस्टम का लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता व सरस्वती माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। अतिथियों का स्वागत शाल और श्रीफल भेंटकर किया गया। सांसद विजय बघेल ने बच्चों को मिठाई खिलाकर स्वागत करते हुए उन्हें स्कूल ड्रेस और पुस्तकें भेंट कीं। उन्होंने कहा कि जब बच्चा शाला में प्रवेश करता है, तो हम उनका स्वागत मिठाई से करते हैं, ताकि शिक्षा का पहला दिन हमेशा मीठी यादों के साथ शुरू हो। सांसद ने नरोत्तम साहू के 38 वर्षों की शिक्षा सेवा को नमन करते हुए उनका सम्मान भी किया। उन्होंने अपने बचपन की स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि जब हम पढ़ते थे, तब मिट्टी की स्कूल होती थी। उस पुराने स्कूल में दस गाँवों के बच्चे शिक्षा लेने आते थे। आज यह सब देखकर मन भावुक हो गया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डोमनलाल कोर्सेवाडा, विधायक अहिवारा ने की। विशेष अतिथियों में निर्मल कोसरे महापौर, नगर निगम भिलाई चरौदा, शशिकांत बघेल, खिलावन साहू, संजय बघेल, गौरीशंकर, मंडल अध्यक्ष, सोहन लाल साहू व रोमनाथ वर्मा, और पूर्व पालिकाध्यक्ष सीता साहू, प्रेमलाल साहू उपस्थित रहे। इस अवसर पर ओएनजीसी के सीएसआर मद से संचालित 250 एलपीडी सोलर वाटर सिस्टम का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम में विधायक निधि से 19 लाख की स्वीकृति की घोषणा भी की।

सेवा कार्य | सरकारी स्कूलों के लिए नई पहल की घोषणा

रोटरी क्लब दुर्ग ने मनाया 41 वां इंस्टॉलेशन समारोह

भिलाई/नवप्रदेश। रोटरी क्लब ऑफ दुर्ग ने अपना 41 वां इंस्टॉलेशन समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों, सदस्यों और शुभचिंतकों की उपस्थिति में नए कार्यकारिणी बोर्ड को औपचारिक रूप से जिम्मेदारी सौंपी गई और आगामी वर्ष के सेवा कार्यों की दिशा तय की गई। मुख्य अतिथि रोटेरियन अमित जायसवाल (डिस्ट्रिक्ट गवर्नर), विशिष्ट अतिथि रोटेरियन डॉ. शशांक रस्तोगी (पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर) और एजी रोटेरियन मयंक रोजिंदर मौजूद रहे।

समारोह की शुरुआत निवर्तमान अध्यक्ष रोटेरियन विनीत अग्रवाल और रोटेरियन परिक्षित सिंह गुप्ता के संबोधन से हुई। उन्होंने पिछले वर्ष की प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। बोरी के शासकीय स्कूल में क्लास रूम निर्माण के लिए की गई बड़ी फंड रेजिंग उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम में डीएसजी रोटेरियन सोम अग्रवाल और रोटेरियन नवीन भावसार (डिस्ट्रिक्ट मैनेजमेंट टीम) भी मौजूद रहे।

सरकारी स्कूलों के लिए होगी नई पहल

नव-निर्वाचित अध्यक्ष रोटेरियन पंकज कोठारी ने आगामी वर्ष के लिए क्लब की महत्वाकांक्षी योजना साझा करते हुए कहा कि स्मार्ट क्लासरूम, स्वच्छता सुविधाएं और जरूरतमंद बच्चों के लिए जागरूकता अभियान जैसी पहल कर सरकारी स्कूलों में सकारात्मक बदलाव लाना चाहते हैं।

पीडीजी डॉ. शशांक रस्तोगी ने रोटरी इंटरनेशनल के माध्यम से शैक्षिक प्रोजेक्ट्स के लिए फंड जुटाने का आश्वासन दिया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अमित जायसवाल ने नई समिति को शुभकामनाएं दीं और रोटरी के क्षेत्रीय नेटवर्क में सहयोग को और मजबूत करने की बात कही। समारोह का संचालन रोटेरियन प्रतीक पिथलिया ने किया। रोटेरियन राहुल भंडारी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

रोटरी क्लब ऑफ दुर्ग में दुर्ग और भिलाई के प्रबुद्ध व्यवसायी, शिक्षाविद और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े सदस्य शामिल हैं, जो सामुदायिक विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।

क्लब के कई सदस्य फ्रीडम थ्रू एजुकेशन पहल के लिए प्रसिद्ध भिलाई राउंड टेबल से भी सक्रिय रूप से जुड़े हैं, जिसका उद्देश्य सरकारी स्कूलों में कक्ष निर्माण कर बच्चों को शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। समारोह में क्लब के पूर्व और वर्तमान पदाधिकारियों के साथ-साथ भिलाई राउंड टेबल के सदस्य भी शामिल हुए।

जिपं सीईओ ने की पीएम आवास निर्माण कार्यों की समीक्षा

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला पंचायत सीईओ बजरंग कुमार दुबे की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला समन्वयक, सहायक अभियंता, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा, जपं दुर्ग एवं पाटन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जपं, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, विकासखंड समन्वयक, समस्त नोडल अधिकारी, सचिव एवं आवास मित्र उपस्थित रहे। जिला पंचायत सीईओ ने कहा आवास निर्माण में लापरवाही बरतने पर त्वरित कार्यवाही की जाएगी। बैठक में आवास के नोडल, ग्राम पंचायत सचिव, आवास मित्र सप्ताह में दो दिन आवश्यक रूप से भ्रमण करें। रूचि न लेने वाले हितग्राहियों को निर्माण कार्य के लिए प्रोत्सहित करें और पीएम आवास ग्रामीण वित्तीय वर्ष 2024-25 राज्य कार्यालय से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप 31 जुलाई तक जपं धमधा के 488 किश्त प्राप्त अप्रारंभ आवासों को प्रारंभ कराने और 20 सितम्बर 2025 के 1945 द्वितीय किश्त प्राप्त अपूर्ण आवासों को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। शासन से प्राप्त आवास राशि का उपयोग करते हुए निर्माण कार्य को पूर्ण कराने को कहा। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण में शासन द्वारा लगातार किश्त की राशि प्रदाय की जा रही है, वर्तमान स्थिति में जनपद पंचायत धमधा के प्रथम किश्त अप्रारंभ 178 आवास एवं द्वितीय किश्त प्राप्त अपूर्ण 358 आवास जिन्हें शीघ्र प्रारंभ/पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। वित्तीय वर्ष 2016 से 2023 तक ऐसे अपूर्ण आवास जिन्हें तृतीय किश्त की राशि प्रदाय की जा चुकी है, उन सभी आवासों को ग्राम पंचायत से समन्वय कर पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। जिन हितग्राही द्वारा रूचि नही लिया जा रहा हैं, ऐसे आवासों को ग्राम सभा के माध्यम से 15 जुलाई तक निरस्त हेतु प्रस्तावित करने कहा गया।

बोल बम सेवा समिति की रजत जयंती वर्ष में ऐतिहासिक कांवड़ यात्रा

■ 250 कांवरियों ने किया बाबा बैद्यनाथ व बासुकीनाथ में जलार्पण

कुरूद/नवप्रदेश। सावन माह के पहले सोमवार से प्रारंभ हुई बोल बम सेवा समिति, कुरूद की ऐतिहासिक रजत जयंती वर्ष (25वां वर्ष) की कांवड़ यात्रा इस वर्ष विशेष पुण्य अवसर बन गई। समिति के 250 काँवरिया सदस्यों ने सुल्तानगंज की गंगा नदी से गंगाजल लेकर 105 किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए बाबा बैद्यनाथ धाम (देवघर) व बाबा बासुकीनाथ धाम (दुमका) में विधिवत जलार्पण कर शिवभक्ति का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। यात्रा की शुरुआत 14 जुलाई को सावन के पहले सोमवार से हुई, जब काँवरियों ने सुल्तानगंज से जल लेकर विभिन्न टोलियों में अनवरत यात्रा करते हुए रास्ते भर ÷बोल बम÷ के जयघोष से वातावरण को शिवमय बनाए रखा। आज 17 जुलाई को सभी काँवरिया साथी पंडा महाराज जयकृष्ण झा जी के निवास पर संकल्प लेकर बाबा बैद्यनाथ जी के मंदिर में जल चढ़ाकर आशीर्वाद प्राप्त किए। इसके पश्चात गुरुवार को बाबा बासुकीनाथ धाम में भी जलार्पण कर सभी ने अपने परिवार, नगर और प्रदेश की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की।

संस्था ने कांवरियों को सुविधाजनक व्यवस्था देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

इस अवसर पर बोल बम सेवा समिति के संयोजकों ने बताया कि "25 वर्षों से लगातार हमारी समिति द्वारा कांवड़ यात्रा का सफल आयोजन किया जा रहा है। यह वर्ष हमारे लिए विशेष गौरव का विषय है। सभी काँवरिया साथियों ने एक सप्ताह तक निस्वार्थ सेवा, समर्पण और श्रद्धा के साथ हिन्दू सनातन परंपरा को जीवंत किया। संस्था के सभी सदस्यों ने यात्रा के दौरान अपने साथी काँवरियों को सुविधाजनक व्यवस्था देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।" समिति ने आगे बताया कि 3 और 4 अगस्त को रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत सांस्कृतिक संध्या, सम्मान समारोह एवं भव्य भंडारा का आयोजन कुरूद में किया जाएगा। इस भक्ति आयोजन में सभी सदस्यगणों एवं नगरवासियों को सादर आमंत्रित किया गया है।

■ यह यात्रा समाज को एकता, अनुशासन और सेवा का संदेश भी देती है

समिति के पदाधिकारियों ने समस्त काँवरिया साथियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि "बोल बम सेवा समिति के 25 वर्षों के इस सेवायात्रा में जो समर्पण, त्याग और श्रम दिखा, वह अनुकरणीय है। हम सभी के लिए यह यात्रा न केवल आस्था का विषय है, बल्कि समाज को एकता, अनुशासन और सेवा का संदेश भी देती है।"

देव संस्कृति विद्यालय में आत्मरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन

महासमुंद/नवप्रदेश। देव संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विगत दिनों किशोरी बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोर बालिकाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाना है, ताकि वे संभावित खतरों से खुद को बचा सकें और अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. एकता लगेह, समाजसेविका और देव संस्कृति शिक्षण समिति अध्यक्ष शशि प्रभा थीटे उपस्थित थीं। इस अवसर पर डॉ. एकता ने कहा कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण का प्रथम उद्देश्य बच्चियों को शारीरिक हमले से खुद को बचाने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि आत्मरक्षा न केवल शारीरिक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह मानसिक मजबूती और आत्मविश्वास को भी बढ़ावा देती है। शशि प्रभा ने बताया कि यह हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है और हम सबको एकजुट होकर बच्चियों की आत्मरक्षा और अन्य कौशल पर कार्य करने के लिए जोर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण के माध्यम से हम बच्चियों को सशक्त बना सकते हैं और उन्हें अपने जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। आत्मरक्षा प्रशिक्षक नीलकंठ साहू ने बताया कि मार्शल आर्ट अनुशासन और एकाग्रता की ओर ले जाता है और यह गुण बच्चों में व्यवस्थित अभ्यास और दोहराव के माध्यम से विकसित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण न केवल शारीरिक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह मानसिक मजबूती और आत्मविश्वास को भी बढ़ावा देती है। तारिणी चंद्राकर ने बताया कि कराटे अकादमी और सामाजिक संस्था के सहयोग से सभी बड़े स्कूलों में आत्मरक्षा हेतु निशुल्क मार्शल आर्ट, योग और मेडिटेशन की क्लास दी जाएगी।

हत्या का साक्ष्य छिपाने बहू ने ससुर के साइकिल से गिरने की झूठी कहानी बनाई

बहू ने प्लानिंग कर करंट लगाकर ससुर की हत्या को दिया अंजाम

■ बहू सहित पड़ोसी गांव का ग्रामीण हत्या के आरोप में गिरफ्तार

बालोद/नवप्रदेश। डौंडीलोहारा ब्लॉक के ग्राम खड़ेनाडीह में एक 65 वर्षीय ग्रामीण मनोहर निर्मलकर की हत्या उनके बहू गीता निर्मलकर उम्र 30 वर्ष और पड़ोसी गांव बडगांव के ग्रामीण लेखराम पिता फकीर राम निषाद उम्र 45 वर्ष द्वारा मिलकर करंट लगाकर की गई थी। हत्या का राज चंद घंटे में खुल गया। हत्या का साक्ष्य छिपाने के लिए बहु द्वारा ससुर के साइकिल से गिरकर घायल होने की झूठी कहानी बनाई गई थी। जिसे ग्रामीण भी पहले तो सच मानकर चल रहे थे लेकिन अंतिम संस्कार करने के लिए शव को मुक्तिधाम तक ले गए। वहां फिर शव को नहलाने के दौरान कई जगह चोट के निशान देखने और जलने का निशान पाए जाने पर लोगों ने फिर पुलिस को सूचना दी और मामला संदेहप्रद हो गया। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया। जिसमें पुष्टि हुई की करंट लगने से मृतक की मौत हुई है। इससे मामला हत्या का प्रतीत होने लगा। संदेह के आधार पर मृतक की बहू से पूछताछ की गई तो सारे राज सामने आ गए। बहू द्वारा पड़ोसी गांव के ग्रामीण लेखराम के सहारे अपने ससुर को योजनाबद्ध तरीके से करंट लगाकर मार डाला गया। करंट लगवाने वाला आरोपी भी गांव में वाद्य यंत्र हारमोनियम आदि बजाता है और उसे करंट से कैसे मार सकते हैं, इसकी अच्छी खासी जानकारी थी और उसी के योजना के अनुसार बहू ने मिलकर अपने ससुर को मरवा दिया। लेकिन सच्चाई ज्यादा देर तक छिप ना सकी और हत्या के आरोप में बहू और पड़ोसी गांव के ग्रामीण को पुलिस ने जेल भेजा। अपने ससुर को मरवाने वाली बहू ने हत्या का कारण पुलिस को बताया है कि उनका ससुर आए दिन शराब पीकर गाली गलौज करता था और उसके प्रति बुरी नियत रखता था। इसलिए उसने उसकी हत्या करवाई। हालांकि गांव में इस घटना को लेकर और भी कई तरह की चर्चाएं हैं। मृतक मनोहर निर्मलकर की हत्या उसकी बहु एवं वाद्ययंत्र हारमोनियम आदि सिखाने वाले लेखराम निषाद के द्वारा बिजली करेंट लगाकर घटना को अंजाम दिया गया था। मृतक के अंतिम संस्कार की तैयारी की जा रही थी। उसके पहले ही पुलिस ने शव अपने कब्जे में लिया। थाना डौण्डीलोहारा में आरोपियों के विरूध्द धारा 103 (1), 3(5) बीएनएस का मामला पंजीबध्द किया गया।

पूछताछ में बहू ने बताया कैसे की हत्या

विवेचना के दौरान मृतक की बहु गीता निर्मलकर से पूछताछ करने पर बतायी कि मृतक मनोहर निर्मलकर शराब पीकर घर आने पर शराब के नशे में गाली गलौज कर मारपीट करता था, और मुझ पर बुरी नियत रखता था। जिससे तंग आकर वाद्य यंत्र सिखाने वाले लेखराम निषाद निवासी ग्राम बड़गांव को अपने ससुर को रास्ते से हटाना है, कहकर कुछ उपाय बताओ बोली। तब लेखराम निषाद अपने घर में तैयार किया हुआ बिजली वायर, प्लास्टिक ग्लब्स को दिनांक 16 जुलाई को रात्रि करीबन 11 से 12 बजे के मध्य मृतक के घर पहुंचा और योजनाबध्द तरीके से मृतक जब अपने घर के परछी में सो रहा था, गीता एक लोके के सब्बल को पकड़कर खड़ी थी तथा लेखराम निषाद बिजली के वायर को बोर्ड में लगाकर मृतक मनोहर के गला, चेहरा, माथा में लगाकर बिजली का बटन चालू कर करेंट लगाकर उसकी हत्या कर दिया, तथा गीता निर्मलकर को मृतक के चेहरे पर हल्दी तेल, गुलाल लगाने बताया और अपने घर परिवार में मनोहर निर्मलकर की मृत्यु सायकल से गिरकर चोट लगने से मृत्यु होना बताकर अपने घर ग्राम बड़गांव भाग गया था। प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी गीता निर्मलकर तथा लेखराम निषाद को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया व आरोपी गीता निर्मलकर के घर से लोहे का सब्बल, गमछा व अन्य समाग्री जप्त किया गया तथा आरोपी लेखराम निषाद के घर से प्लास्टिक का ग्लब्स, बिजली का वायर, प्लग, सायकल, मोबाईल को जप्त किया गया है।

उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिस कर्मियों को दिया गया प्रशस्ति पत्र

■ पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों के उत्साहवर्धन के लिए कॉप ऑफद मंथ चुना गया

गरियाबंद/नवप्रदेश। इस पहल के तहत पुलिसकर्मियों द्वारा ड्यूटी के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारियों को कॉप ऑफद मंथ का चुना किया जाता है। माह जून 2025 में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी/कर्मचारी प्रधान आरक्षक 455 तुलसी निषाद थाना राजिम एवं आरक्षक 699 आलम बेग (साइबर सेल) के द्वारा थाना राजिम क्षेत्र में हुए सोने की चोरी के मामले एवं 55 किलो ग्राम गांजा के आरोपी को गिरफ्तार करवाने में विशेष भूमिका, आरक्षक क्रमांक 441 डिगेश्वर साहू थाना छुरा के द्वारा मोटर साइकिल गिरोह से 9 मोटर साइकिल बरामद करवाने के साथ पांच आरोपियों की गिरफ्तारी करवाने में विशेष भूमिका, प्रधान आरक्षक 456 प्रहलाद थानापति थाना मैनपुर के द्वारा 840 नग नशीली टैबलेट के साथ आरोपी को गिरफ्तार करवाने में विशेष भूमिका, आरक्षक 606 लेखन पटेल थाना देवभोग के द्वारा माह जून में 230 लीटर अवैध शराब के साथ-साथ आरोपियों की गिरफ्तारी करवाने में विशेष भूमिका, आरक्षक 71 लक्ष्मीकांत साहू थाना देवभोग के द्वारा प्रार्थी का मार्केट में गुमा हुआ 52000 रुपए को सीसीटीवी फुटेज की माध्यम से ढूंढ कर प्रार्थी को पैसा लौटाने में विशेष भूमिका रही इस माह 06 अधिकारी कर्मचारियों कॉप ऑफद मंथ रहे। इस पहल के माध्यम से माह में सराहनी एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। जिससे अधिकारी/कर्मचारियों में उत्साह बनी रहती है। यह पहल आगे भी जारी रहेगा।

विद्युत दरों में वृद्धि किए जाने के विरोध में कांग्रेसजनों ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

भाटापारा/नवप्रदेश। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमगा के द्वारा पुरे प्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा विद्युत दरों में लगातार वृद्धि किए जाने का विरोध करते हुए कांग्रेस भवन से रैली निकालकर कनिष्ठ यंत्री विद्युत मंडल को राज्यपाल के नाम बढी हुई विद्युत दरों को वापस लेने के लिए ज्ञापन सौंपा गया।

कार्यक्रम प्रभारी तुलसीराम वर्मा ने कांग्रेस भवन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने हाल ही में सभी श्रेणियों के उपभोक्ताओं के लिए बिजली दरों में औसतन 1.89त्न की वृद्धि को मंजूरी दी है यह नई दरें 1 जुलाई से प्रभावित हो चुकी है इस निर्णय का असर सीधे तौर पर राज्य के लाखों उपभोक्ताओं पर पड़ेगा।विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने कहा कि सरकार लगातार बिजली दरों में वृद्धि कर रही है जिससे आम उपभोक्ता और किसान परेशान है जब कांग्रेस की सरकार थी तब बिजली उपभोक्ताओं को 50 प्रतिशत सब्सिडी दी जाती थी जबकि सरकार लगातार बिजली दर बढ़ाकर आम जनता पर बोझ डाल रही है। ब्लॉक अध्यक्ष डॉक्टर के के नायक ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कोयला और बिजली बनाने की सबसे बड़ी यूनिट हमारे प्रदेश में है फिर भी यहां की विद्युत दरों में बढ़ोतरी सरकार की नाकामी है गांव में जनता अघोषित बिजली कटौती से परेशान रहती है और उस पर विद्युत दरों में बढ़ोत्तरी से उनका बजट भी गड़बड़ा रहा है।

राज्यपाल के नाम सौंपा गया ज्ञापन

सभा के पश्चात कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस भवन से पैदल मार्च निकालकर कनिष्ठ अभियंता देवांगन को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम में पार्षद याकूब कुरैशी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष हिरेंद्र कोसले, पूर्व पार्षद दशरथ चंद्राकर, सुनीता यादव, अयूब खान, रंजीत सोनवानी, रमेश घृतलहरे, मोहन गायकवाड, दाऊराम यदु ,झाड़ू राम साहू, लाला वर्मा, हिम्मत शर्मा, नबी खान ,टीकाराम महिलांग, धन सिंह साहू, युनूस कुरेशी, रघुनाथ नवरंगे, गणेश बांदे, गिरिजा नौवरंगे, बांदेलाल कुर्रे सहित काफी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

जिपं सदस्यों को अधिकार, कर्तव्य विकास योजनाओं की दी गई जानकारी

महासमुंद। जिला पंचायत के सभा कक्ष में जिला पंचायत सदस्यों के लिए एक दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में नव निर्वाचित एवं वर्तमान सदस्यों को पंचायत से जुड़े अधिकारों, कर्तव्यों तथा विकास योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण में उपसंचालक पंचायत दीप्ति साहू ने 73वें संविधान संशोधन, जिला पंचायत सदस्यों की भूमिका, सामान्य सभा एवं स्थाई समिति की प्रक्रिया, 15वें वित्त आयोग, जिला पंचायत विकास योजना, सतत विकास लक्ष्य एवं इससे संबंधित 9 प्रमुख थीमों के संबंध में विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया।

आदिवासियों का पुनर्वास क्यों नहीं करना चाहती सरकार: राकेश

महासमुंद/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने कहा कि आदिवासियों के हितों की रक्षा करने में सरकार विफल साबित हुई है। सरकार कह रही है कि 31 मार्च 2026 तक नक्सल मुक्त कर देंगें पर सरकार जवाब दें कि जो लोग सलवा जुडूम विस्थापित हुए थे वे लोग आज कहां हैं? पुनर्वास के तहत जो कैंप में गए थे उनकी वस्तु स्थिति क्या है? सरकार स्पष्ट करें। जो गांव वीरान पड़े हैं वो लोग कहां गए और अगर उनका पुनर्वास नहीं हो पाया है तो सरकार ने क्या कदम उठाए? निश्चित ही सरकार की मंशा जंगल को किसी और के हाथ में देने की है, क्योंकि अगर पुनर्वास नहीं होते हैं तो इसका सीधा मतलब है कि किसी भी प्रकार के ग्राम सभा का आयोजन करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

हर विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर

आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने कहा है कि भाजपा राज में छत्तीसगढ़ के हर विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर है। उन्होंने बताया कि किस तरह क्रेडा से मंजूरी लिए बगैर ही दो साल में 30 करोड़ की स्ट्रीट लाइट की खरीदी की गई, इसमें गंभीर बात ये है कि मंजूरी सोलर स्ट्रीट लाइट की ली गई जबकि खरीदी स्ट्रीट लाइट की गई। फर्जीवाड़ा इतना बड़ा कि जिलों की ग्राम पंचायतों ने अपनी मर्जी से जिस कंपनी से जो चाहा खरीद लिया। बिना जांच कंपनी को भुगतान भी हो गया। पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन में 30 करोड़ से ज्यादा की खरीदी बिना किसी दस्तावेजों और परीक्षण कर ली गई। जांच करने वाली समिति का दावा है कि अधिकतर खरीदी कागजों में की गई।

खडमा में शिकायत बाद महामंत्री बदले कोपरा मंडल में नियम विरूद्ध अध्यक्ष नियुक्ति पर बने मूकदर्शक

कोपरा/नवापारा/नवप्रदेश। गरियाबंद भारतीय जनता पार्टी के गरियाबंद जिला संगठन में इन दिनों अंदरूनी घमासान मचा हुआ है। विवाद की जड़ है कोपरा मंडल अध्यक्ष पद पर हुई एक नियुक्ति, जो सीधे-सीधे पार्टी के राष्ट्रीय संगठन के निर्देशों की अवहेलना प्रतीत हो रही है। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर की कार्यशैली पक्षपातपूर्ण और नियमविरोधी हो गई है। कोपरा मंडल में 46 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को मंडल अध्यक्ष बना दिए जाने से पार्टी के भीतर असंतोष की आग सुलग रही है, जो अब खुलकर सामने आ गई है। वहीं खड़मा के कार्यकर्ताओं द्वारा मंडल महामंत्री गुलशन सिन्हा की शिकायत जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर के पास किया था। जिस पर कार्यवाही करते हुए चंद्राकर के द्वारा गुलशन सिन्हा के स्थान पर पुरषोत्तम गोस्वामी की नियुक्ति आदेश जारी किया गया। जबकि महामंत्री गुलशन सिन्हा के द्वारा अपने पद से त्याग पत्र दिया ही नहीं गया हैं। यह तो भाजपा अध्यक्ष की मनमानी हैं।यह कार्यकर्ताओं का कहना हैं। जब से जिला संगठन ने कोपरा मंडल की कार्यकारिणी की घोषणा की हैं।जिसमें उसी विवादित मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में पदाधिकारियों के नाम शामिल किए गए। इससे कार्यकर्ताओं का आक्रोश और बढ़ गया है।

अवैध रूप से गांजा तस्करी करते युवक पकड़ाया

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी एसपी के निर्देशन में जिले में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत थाना सिहावा पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की है। पुलिस थाना सिहावा को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ की एक व्यक्ति मोटरसाइकिल में बोरी के माध्यम से मादक पदार्थ गांजा का अवैध रूप से परिवहन कर रहा है। की सूचना की तस्दीक हेतु थाना प्रभारी निरीक्षक लेखराम ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस टीम रवाना हुई।मुखबिर के बताये हुलिये के आधार पर थाना सिहावा की टीम द्वारा फॉरेस्ट नाका, मेनरोड ग्राम सांकरा के समीप नाकाबंदी की गई थी।

न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया ने ई-हियरिंग का किया शुभारंभ

महासमुंद/नवप्रदेश। महासमुंद जिला आज ई-हियरिंग के माध्यम से पूरे भारतवर्ष से जुड़ गया। न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग द्वारा राज्य आयोग रायपुर से ई-हियरिंग का उद्घाटन वर्चुअल फीता काटकर किया। इस सुविधा के शुरू होने से उपभोक्ताओं को तकनीकी न्याय का लाभ मिलेगा जिससे समय और संसाधन दोनों की बचत होगी, इस सुविधा के शुरू होने से उपभोक्ता एवं अधिवक्तागण देश के किसी भी हिस्से से जिला उपभोक्ता आयोग महासमुंद से जुड़कर अपने प्रकरण की सुनवाई में भाग ले सकते हैं।

इस अवसर पर न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग, महासमुन्द में ई-हियरिंग के शुभारम्भ पर शुभकामनाएं प्रदान की व देश में छत्तीसगढ़ पहला राज्य होगा जो ई-हियरिंग के माध्यम से प्रकरणों की सुनवाई करेगा। इस तरह न्यायिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय और जुड़ गया।

निरीक्षण

कलेक्टर ने शिक्षकों की उपस्थिति एवं विद्यार्थियों की गतिविधियों की समीक्षा की

कलेक्टर ने छुईपाली व सिंघोड़ा में छात्रावास, आंगनबाड़ी केन्द्र एवं स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

महासमुंद/नवप्रदेश। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा जमीनी स्तर पर विभागीय कार्यां की क्रियान्वयन का जायजा लेने लगातार दूरस्थ ग्रामों में दौरा किया जा रहा हैं। इसी क्रम में आज सरायपाली विकासखण्ड का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक कार्यों की जमीनी हकीकत की जांच की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत एस. आलोक, एसडीएम श्रीमती नम्रता चौबे एवं मैदानी अमला मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान सरायपाली एफसीआई गोदाम, कलेण्डा (छिबर्रा) पहुंचकर उन्होंने धान भंडारण केन्द्र का निरीक्षण किया और बारिश के मौसम को देखते हुए तिरपाल की व्यवस्था, ड्रेनेज सिस्टम तथा भंडारण सुरक्षा पर समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी सुरक्षा उपायों को समय पर पूर्ण करते हुए धान की गुणवत्ता को सुरक्षित रखा जाए।

इसके पश्चात कलेक्टर ग्राम छुईपाली स्थित बालिका छात्रावास पहुँचे। यहां छात्रावास में रह रही बालिकाओं से बातचीत कर उन्होंने पोषण, शिक्षण सामग्री, स्वास्थ्य सेवाएं एवं सुरक्षा से संबंधित सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने छात्रावास प्रबंधन को इन सुविधाओं की सतत निगरानी एवं गुणवत्ता में सुधार के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत सिघोडा में कलेक्टर श्री लंगेह ने आंगनबाड़ी केन्द्र, पीएम श्री स्कूल और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी केंद्र में उन्होंने बच्चों की उपस्थिति, टीकाकरण की स्थिति, पोषण आहार की उपलब्धता, स्वच्छता आदि की जानकारी ली। उपस्थित सहायिका एवं कार्यकर्ताओं को नियमित रूप से बच्चों के हित में कार्य करने के निर्देश दिए।

पीएम श्री स्कूल सिंघोड़ा के निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता, शिक्षकों की उपस्थिति एवं विद्यार्थियों की गतिविधियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सतत निगरानी की जाए एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया जाए। तत्पश्चात कलेक्टर ने सिंघोड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की जानकारी ली।

न्यूज गैलरी

निपनिया स्कूल में अध्यापकों की कमी,सरपंच को सौंपा मांग पत्र

भाटापारा/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक निपनिया के छात्राओं ने शाला में शिक्षकों की कमी को दूर करने बाबत सरपंच ग्राम पंचायत निपनिया को ज्ञापन सोपा है।युक्ति युक्त के कारण हायर सेकेंडरी से चार शिक्षकों के अन्यत्र चले जाने से स्कूल में शिक्षकों का अभाव हो गया रसायन भौतिकी जीव विज्ञान भूगोल राजनीति इतिहास संस्कृत के व्याख्याता नही हैं,जिससे भविष्य में पढ़ाई की चिंता छात्र-छात्राएं एवं पालको को हो रही है । स्कूल में अध्यापकों की कमी को देखते हुए सरपंच नरेश नेताम ने कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी को इस संबंध में लिखित में शिकायत करते हुए शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की है यदि शिक्षको की व्यवस्था नहीं हुई तो जनप्रतिनिधि ग्रामीण जन छात्र छात्राएं एवं पालक गण द्वारा आंदोलन की जाएगी जिसकी सारी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।इस अवसर पर सरपंच नरेश नेताम सचिव शंभूनाथ ध्रुव पंच सोमेश वर्मा उदय राम ध्रुव पलक सदस्य राजेश वर्मा कलीराम ध्रुव शोभा वर्मा उपस्थित थे

इग्नाईट स्कूल बेहतर संसाधनों के साथ हो रहा संचालित

कसडोल/नवप्रदेश। विकासखंड कसडोल में इग्नाइट स्कूल अब नये भवन,फर्नीचर व संसाधनों के साथ बेहतर ढंग से संचालित हो रहा है। शिक्षकों क़ी वैकल्पिक व्यवस्था क़ी गई है जिससे शिक्षकों की कमी दूर होने से बच्चों क़ो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविन्द ध्रुव ने बताया कि इग्नाइट स्कूल कक्षा पहली से 8 वी तक सेजेस स्कूल परिसर में संचालित है। प्राथमिक स्कूल में बिद्यार्थियों क़ी दर्ज संख्या 83 है। प्राथमिक स्कूल में एक एवं मिडिल स्कूल में 2 शिक्षक पदस्थ है। वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में सेजेस स्कूल के शिक्षकों क़ो रिक्त कालखंड में पढ़ाने कहा गया है। इस तरह अब 6 शिक्षक यहां शिक्षण कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि डीएमएफसे लगभग 66 लाख रुपये क़ी लागत से नए स्कूल भवन का निर्माण हुआ है इसके साथ ही नये फर्नीचर आदि क़ी व्यवस्था क़ी गई है। अब स्कूल के विद्यार्थी और उनके पालक खुश हैं।

अवैध शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नवापारा पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 42 क्वार्टर शोले देसी शराब भी जब्त की गई है। दरअसल, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति अवैध शराब रखकर बेचने की फिराक में हैं। सूचना के बाद पुलिस सतर्क हो गई और मौके के लिए रवाना हो गई।

पुलिस ने ग्राम कुर्रा के चौक के पास अवैध शराब बेचते दो लोगों को पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम शिवराम तारक और रूपेश साहू बताया। दोनों कुर्रा के रहने वाले हैं। पुलिस ने दोनों के कब्जे से 42 क्वार्टर शोले देसी शराब मसाला शराब और 250 रुपये नकद जब्त किए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफआबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

तिलकेश्वर महादेव का जलाभिषेक व पूजन 22 को

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम खरोरा के नया तालाब स्थित तिलकेश्वर महादेव मंदिर के जीर्णोध्दार अवसर पर 22 जुलाई को विविध आयोजन किए जाएंगे। सुखनंदन धीवर ने बताया कि पं. पंकज तिवारी के मार्गदर्शन में पूजा व जलाभिषेक कार्यक्रम होगा। इसके अलावा भजन तथा रामायण का आयोजन संध्या बेला में किया गया है।

मजबूत नेतृत्व, दूरदृष्टि सोच, तब विकास भी दिशा बदलता है

कुरूद/नवप्रदेश। नगर पंचायत कुरूद को एक बार फिर बड़ी सौगात मिली है। नगर के पूर्व के स्वामी विवेकानंद इंडोर स्टेडियम परिसर को स्वास्थ्य विभाग को विधिवत 100 बिस्तरों के सिविल हॉस्पिटल विस्तार हेतु हस्तांतरित किए जाने के बाद, अब नगरवासियों और युवाओं के हित में नया इंडोर स्टेडियम बायपास रोड पर बनाया जाएगा। जिसकी स्वीकृति उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने विधायक अजय चंद्राकर की अनुशंसा पर दी है। यह परियोजना अधोसंरचना मद से वित्तपोषित होगी और नगर के युवाओं, खिलाड़ियों और सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों को नई दिशा देगी। पहले स्वामी विवेकानंद इंडोर स्टेडियम परिसर को 100 बिस्तरों वाले सिविल हॉस्पिटल को विस्तार देने के लिए स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरित किया गया था। अब बायपास रोड पर जेडी कॉलोनी के सामने बनने वाला यह नया स्टेडियम कुरूद के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। यह स्टेडियम न केवल खेल गतिविधियों को बढ़ावा देगा, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए भी एक आदर्श मंच प्रदान करेगा। वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर ने इस स्वीकृति के लिए सरकार का अभार जताया।

बायपास रोड पर 3 करोड़ की लागत से बनेगा इंडोर स्टेडियम

वरिष्ठ विधायक एवं कुरूद विधानसभा क्षेत्र के चहेते नेता अजय चन्द्राकर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा यह स्टेडियम कुरूद के युवाओं को उनकी प्रतिभा दिखाने का नया मंच देगा और खेल के क्षेत्र में प्रगति को गति प्रदान करेगा। नपं अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर ने भी नेतृत्वकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कुरूद जैसे उभरते नगर को यह बहुमूल्य सौगात दी। बायपास रोड पर बनने वाला यह आधुनिक इंडोर स्टेडियम न केवल खेल के क्षेत्र में नवाचार लाएगा, बल्कि सामाजिक-सांस्कृतिक आयोजनों और युवाओं की प्रतिभा को भी पंख देगा। खेल, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा लाभार्थीः खिलाड़ी, युवा और कुरूद नगर की जनता यह इंडोर स्टेडियम कुरूद के विकास में एक नया अध्याय जोड़ेगा और युवाओं की प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन तिरंगा चौक पर ईडी का पुतला फूंका

गरियाबंद/नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की ईडी द्वारा गिरफ्तारी के विरोध में गरियाबंद जिला कांग्रेस कमेटी और युवा कांग्रेस ने शनिवार को तिरंगा चौक पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए केंद्र सरकार और ईडी का पुतला दहन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर ईडी की कार्रवाई को राजनीतिक प्रतिशोध और लोकतंत्र पर हमला बताया।

कार्यकर्ताओं का आरोप था कि भाजपा सरकार के इशारे पर ईडी विपक्ष की आवाज को दबाने का काम कर रही है। युवा कांग्रेस नेताओं ने कहा कि, कभी देवेंद्र यादव के जन्मदिन पर, कभी भूपेश बघेल के जन्मदिन पर और अब चैतन्य बघेल के जन्मदिन पर छापा मारकर भाजपा लोकतंत्र का मज़ाक बना रही है। ये केवल विपक्ष नहीं, बल्कि जनता की

आवाज़ को दबाने की कोशिश है। प्रदर्शनकारियों ने कहा।

जितना दबाओगे, उतना उबालेंगे! कांग्रेस की चेतावनी

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ईडी की कार्रवाई को दुरुपयोग बताते हुए मुख्यमंत्री और गृहमंत्री के निवास घेराव की चेतावनी दी है।

हमारे दिलों में आग है। भाजपा जितनी ताकत लगाएगी, कांग्रेस उससे दोगुनी ताकत से जनता की आवाज़ को बुलंद करेगी।

नेताओं के तीखे बयान

पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने कहा, भाजपा सरकार अडानी की गुलाम बन चुकी है। रायगढ़ तमनार में पेड़ों की कटाई जैसे गंभीर मामले को दबाने के लिए यह गिरफ्तारी की गई। वहीं, जिला कांग्रेस अध्यक्ष भाव सिंह साहू ने कहा, जब भी विधानसभा सत्र आता है, कांग्रेस को डराने धमकाने के लिए भाजपा सरकार केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करती है। पहले बघेल जी के सलाहकार को निशाना बनाया गया, अब उनके बेटे को गिरफ्तार कर लोकतंत्र को अपमानित किया गया है।

ये रहे उपस्थित

भाव सिंग साहू ,संजय नेताम,युगल किशोर पांडेय , प्रेम सोनवानी ,सन्नी मेमन ,छगन यादव , बीरू यादव नादिर कुरैशी ,अमित मिरी चंद्रभूषण चौहान रमेश मेशराम गुंजेश कपिल राजेश साहू अवध यादव निखिल चंद्राकर वेदांत शर्माहरि नारायण गुप्ता चन्द्रहास सिन्हा गजेंद्र साहू प्रहलाद यादव देवेंद्र यादव रमन कुकरेजा मुकेश यादव अमान ख़ान अमन यदु तरुण सौरभ अज्जू झंकार टंकेश्वर गोपी नंचू मोहित अँजोर ध्रुव आदि उपस्थित रहे।

पृष्ठभूमि : चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी

ज्ञात हो कि शुक्रवार सुबह ईडी की टीम ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर छापेमारी कर उनके बेटे चैतन्य बघेल को गिरफ्तार किया, जिन्हें पांच दिन की रिमांड पर लिया गया है। भूपेश बघेल ने ट्वीट कर इस कार्रवाई को जन्मदिन का भाजपा-शैली तोहफ़ा बताया था।

आबकारी पुलिस की बड़ी कार्यवाही

106 पेटी नकली शराब के साथ 1 गिरफ्तार

भाटापारा/ सिमगा /नवप्रदेश। आबकारी आयुक्त श्याम धावडे के निर्देश के तारतम्य में कलेक्टर दीपक सोनी एवं जिला आबकारी अधिकारी मुकेश अग्रवाल जिला बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में आबकारी पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर ग्राम चौरेंगा निवासी चूरन वर्मा के कोठार (बाडी) में कमरा की तलाशी ली गई द्य तलाशी दौरान आरोपी कोठार (बाडी) के कमरा में 106 पेटियो (प्रत्येक में 48) कुल 5088 पावो में 508800 रुपए किमत की कुल 915.84 बल्क लीटर नॉन ड्यूटी पेड देसी मसाला मदिरा जप्त की गई।

आबकारी विभाग की टीम नेआरोपी चूरन वर्मा से पूछताछ की,लेकिन कोई संतोष जनक जवाब उसने नहीं दिया ।आबकारी पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2),59 (क) और 36 के तहत आरोपी पर प्रकरण दर्ज़ कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालयीन अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

उपरोक्त कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश सिंह, सिमगा सर्किल प्रभारी मनराखन नेताम ,भाटापारा सर्किल प्रभारी दिनेश कुमार साहू, प्रधान आरक्षक श्रीमती राधा गिरी गोस्वामी, वाहन चालक ओमप्रकाश धीवर और रजत कुमार सहित आबकारी विभाग बलौदाबाजार-भाटापारा का विशेष योगदान रहा।

रसेला ग्राम का बेटा प्रदेश के साथ अब विदेशों में कर रहा नाम रोशन

छुरा/नवप्रदेश। ग्राम रसेला के निवासी जाकिर हुसैन माता नगम हुसैन के पुत्र आसिफहुसैन ने छत्तीसगढ़ के साथ अब बैंकाक थाईलैंड मे जाकर अपना कलाकारी प्रस्तुत किया गया। भारतीय कलाकार आसिफ हुसैन और राजस्थान के राजेंद्र कुमार को थाइलैंड में द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय कला और संस्कृति महोत्सव 2025 तारीख 18 जुलाई को भरतनाट्यम कलाकार और शिक्षक को महासरखम विश्वविद्यालय थाईलैंड में आयोजित हुई द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय कला और संस्कृति महोत्सव (आईएफ?एसीएस 2) में भाग लिया गया। आसिफ और राजेंद्र दोनों को इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ छत्तीसगढ़ के पूर्व छात्र है, और प्रसिद्ध गुरु प्रेमचंद होम्बल के शिष्य है, जिन्हें संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, और वे बीएचयू के पूर्व प्रोफेसर हैं। डॉ मेदिनी होम्बल, आईकेएसवी खैरागढ़ में सहायक प्रोफेसर, ने भी उनकी कलात्मक यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दोनों कलाकारों को सीसीआरटी और भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय से राष्ट्रीय छात्रवृति प्रदान की गई है। आईएफ?एसीएस 2 में, आसिफ और राजेंद्र भारत का प्रतिनिधित्व किया और अपने भाषणों, सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों और आकर्षक प्रदर्शनियों के माध्यम से अपनी विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया गया। अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए, आसिफऔर राजेंद्र ने अपने गुरुजनों के प्रति हार्दिक व्यक्त किया।

उन्होंने बैंकाक के बडित्पटनसिल्पा इंस्टीट्यूट के कालेज आफ ड्रामेटिक आर्ट्स नु निओन और महासरखम विश्वविद्यालय थाईलैंड के प्रति भी आभार व्यक्त किया है। यह भागीदारी न केवल भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को उजागर करती है, ब्लिक अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सहयोग को भी मजबूत करती है। यह एक गर्व की बात है कि वनांचल क्षेत्र के ये कलाकार अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं और अपनी कला के माध्यम से अपनी संस्कृति को दुनिया भर में फैला रहे हैं। यहां दर्शाता है कि कला, विशेष रूप से शास्त्रीय नृत्य, एक शक्तिशाली माध्यम है जो सीमाओं को पार करके लोगों को एक साथ लाता है।

महादेव का किया जाएगा सहस्त्र जलधारा अभिषेक

महासमुंद/नवप्रदेश। सिरपुर के गंधेश्वर महादेव मंदिर में 27 जुलाई की शाम 6:30 बजे महानदी तट पर चित्रोत्पला गंगा आरती की जाएगी। इसी तरह 1 अगस्त को भोलेनाथ का महानदी तट से मानव श्रृंखला बनाकर सहस्त्र जलधारा अभिषेक किया जाएगा। उक्त जानकारी श्री गंधेश्वरनाथ महादेव ट्रस्ट सिरपुर के मैनेजिंग ट्रस्टी दाऊलाल चंद्राकर, मंगलू ढीमर ने दी।

विज्ञान क्लब छात्रों ने भेंट किए सीडबॉल

संयुक्त संचालक ने कहा नवाचारी प्रयास

गरियाबंद/नवप्रदेश। राज्य शासन में नवपदस्थ संयुक्त संचालक संजीव श्रीवास्तव द्वारा सेजेस राजिम का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था, भौतिक संसाधनों एवं गतिविधियों का अवलोकन किया तथा विद्यालय की कार्यप्रणाली पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के विज्ञान क्लब के विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अभिनव पहल के तहत स्वयं द्वारा निर्मित सीड बॉल (बीज गोले) संयुक्त संचालक महोदय को भेंट किए। क्लब प्रभारी व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़ ने उन्हें बताया कि ये सीड बॉल पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने की दिशा में एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण कदम हैं, जिन्हें वे आसपास के क्षेत्रों में वितरित करने की योजना बना रहे हैं। संयुक्त संचालक द्वारा प्रभारी शिक्षिका और छात्रों की इस सोच और प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि छात्रों का यह नवाचार न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रेरक है, बल्कि यह उनकी सृजनात्मकता और सामाजिक जिम्मेदारी का भी परिचायक है। इस तरह की गतिविधियाँ बच्चों में वैज्ञानिक सोच, पर्यावरणीय चेतना और सामाजिक सरोकार को मजबूत करती हैं। इस अवसर पर उपस्थित बीईओ रामेन्द्र जोशी, बीआरसीसी सुभाष शर्मा, व्याख्याता विवेक शर्मा राष्ट्रीय आईटी सेल प्रभारी, शाला विकास समिति अध्यक्ष सुजाता शर्मा, सदस्य लोकेश पाण्डेय, खुशी साहू, सोमनाथ पटेल, विजेता देवानी, विनय साहू,सलमा कौसर, महेंद्र कश्यप आदि ने इसे अनुकरणीय पहल बताया।

शराब दुकान के खिलाफ कलेक्टोरेट के सामने प्रदर्शन

■ शराब दुकान न खोलने की मांग महिलाओं ने सीएम के नाम कलेक्टर को सौंपा आवेदन

महासमुंद/नवप्रदेश। तेंदूकोना के आश्रित ग्राम साल्हेभाठा में देशी और विदेशी शराब दुकान के विरोध और बंद कराने की मांग को लेकर ग्रामीण और महिलाओं ने कलेक्टोरेट पहुंच जमकर प्रदर्शन किया। शराब दुकान न खोलने की मांग को लेकर उन्होंने सीएम के नाम कलेक्टर को आवेदन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि गांव की शीतला स्व सहायता समूह की महिलाएं शुरू से ही

शराब दुकान खोलने का विरोध कर रही हैं। ग्राम प्रमुख, सरपंच और गांव वालों ने प्रस्ताव पारित कर शासन के बिना जानकारी के गांव की वन भूमि में शराब दुकान का निर्माण भी करा दिया है। महिलाओं की शिकायत पर नायब तहसीलदार बागबाहरा ने स्थल निरीक्षण किया था। जांच के दौरान खुलासा हुआ कि सरपंच ने हल्का पटवारी से बिना चिह्नांकित किए व तहसीलदार के बिना अनुमति निर्माण कार्य कराया ।

शराब दुकान बंद न होने तक जारी रहेगा आंदोलन

गांव में शराब दुकान न खोलने की मांग को लेकर महिलाओं ने आंदोलन की चेतावनी दी है। जब तक मांग पूरी नहीं हो जाती तब तक आंदोलन जारी रखने की बात कही है। महिलाओं के आंदोलन को अब विद्यार्थियों का भी साथ मिल गया है। विद्यार्थियों ने भी शराब दुकान के विरोध में आवेदन दिया है।

भूमिपूजन | शासन को 3 हजार करोड़ का सिकासेर बांध का डीपीआर भेजा

सिकासेर बांध के पानी से किसानों की बढ़ेगी आमदनी : विधायक

महासमुंद/नवप्रदेश। कोडार परियोजना अंतर्गत महासमुंद जल संसाधन संभाग एवं उप संभाग के समस्त कार्यालय एवं आवासीय भवन का 240 लाख की लागत से जीर्णोद्धार व उन्नयन कार्य का विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने भूमि पूजन किया।

सिंचाई कॉलोनी में आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा शामिल हुए । कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने की। विशेष अतिथि के रूप में वार्ड के पार्षद विजय साव, मुन्ना साहू, संदीप घोष, प्रकाश शर्मा, रोहित चंद्राकर, आनंद गिरी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा सावन महीना साल का पावन महीना है। भगवान भोलेनाथ को एक लोटा जलभिषेक करने से उसकी कृपा सब पर बनी रहती है। इस लिए छत्तीसगढ़ समेत महासमुंद में कभी जल संकट नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि जल संसाधन के मंत्री केदार कश्यप ऐसा मंत्री है जिसके रहते विकास कार्यों के लिए राशि की कभी कोई कमी नहीं होगी। उन्होंने कहा क्षेत्र में किसानों को कभी भी पानी की कमी नहीं हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 2047 विकसित भारत का विज़न साकार होने लगा है तब छत्तीसगढ़ भी विकसित होगा। विधायक सिन्हा ने कहा छत्तीसगढ़ में सब से ज्यादा नहर लाइनिंग का काम महासमुंद में हो रहा।

26 सौ से 3 हजार करोड़ का सिकासेर बांध का डीपीआर तैयार हो गया है। सिकासेर बांध से पानी मिलने से महासमुंद क्षेत्र के किसान दो फसल ले सकते हैं जिससे क्षेत्र का विकास के साथ किसानों की आर्थिक उन्नति होगी, और आने वाले दिनों में महासमुंद क्षेत्र में पानी की समस्या नही होगा।

उन्होंने कहा कि कोडार जलाशय नहर लाइनिंग कार्य 620 लाख की लागत से किया जा रहा है। कोडार हॉल रोड निर्माण कार्य 140 लाख, कोडार के 78 चैन पर कासबे निर्माण कार्य 48 लाख, चिंगरौद वितरक नहर का लाइनिंग कार्य 6 करोड़, बम्हनी वितरक निर्माण कार्य 58 लाख, बडगांव में 18 करोड़ की लागत से वितरक नहर का लाइनिंग कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने कहा कि छपोराडीह जलाशय 499 लाख, कौंदकेरा वितरक नहर 436 लाख, परसदा जलाशय 421 लाख, परसाडीह कोसम नाला स्टाप डेम 470 लाख, बेलटूकरी एनिकेट 10 करोड़, अछोली एनिकेट 13 करोड़, मुढैना वितरक नहर 13 करोड़, केशवा एनिकेट 9 करोड़, धरमपुरा जलाशय 32 करोड़ का कार्य मंत्रालय में लंबित है।

सांप, बिच्छू और कुत्ता काटने पर इलाज के बारे में विस्तार पूर्वक दी जानकारी

छुरा/नवप्रदेश। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रसेला में सांप, बिच्छू, कुत्ता और मौसमी बिमारियों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रसेला के डॉ राहुल नेताम ने टीवी के माध्यम से कौन-सा सर्फजहरीले और कौन-सी सर्फजहरीले नही होते हैं, और सर्पदंश होने पर हमें क्या करना चाहिए और क्या नहीं और कभी भी बैगा गुनिया या झाड़ फूंक के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। सभी सर्फ जहरीले नही होते लेकिन सर्पदंश होने पर पीड़ित को घबराहट होती है ।जो ऐसी स्थिति में जानलेवा हो सकती है। लोगों को बरसात के समय में जमीन पर नहीं सोना चाहिए। साथ ही कुत्ता काटने पर बताया कि जिस जगह पे कुत्ता काटा है उस जगह को अच्छी तरह साबुन से धोएं और सर्फकाटने पर उस जगह के थोड़े ऊपर गमछा या पट्टी से बांधना है। और तुरंत पीड़ित को शीघ्र निकट के स्वास्थ्य केंद्र में ईलाज के लिए लेकर आना चाहिए। साथ ही साथ अपने आस-पास के माहौल का ध्यान रखें, अपने घर के आसपास और बगीचे में घास पूस झाड़ियां, लकड़ी के ढेर और कूड़ा कचरा साफरखें।

महारानी अहिल्याबाई ने समाज में अनुकरणीय व्यवस्था एवं उदाहरण प्रस्तुत किए : सीएम

रायपुर/नवप्रदेश। पुण्यश्लोक लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होलकर का संपूर्ण जीवन समाज कल्याण हेतु समर्पित रहा। वह इंदौर की न केवल महारानी थीं, बल्कि न्यायप्रिय, धार्मिक एवं निष्पक्ष प्रशासक भी थीं। उन्होंने देशभर में धार्मिक स्थलों एवं मंदिरों के जीर्णोद्धार और पुनर्निर्माण के क्षेत्र में जो कार्य किए, वे आज भी हम सबके लिए प्रेरणादायक हैं। उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, रायपुर में विश्व मांगल्य सभा द्वारा आयोजित पुण्यश्लोक लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होलकर की जीवनी पर आधारित नाट्य मंचन समारोह में कही।

श्री साय ने आगे कहा कि हम सभी लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती मना रहे हैं। इस अवसर पर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पूरे देश एवं प्रदेश में उनकी स्मृति में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन, सनातन और संस्कृति के लिए समर्पित लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जी के जीवन पर आधारित यह नाट्य प्रस्तुति लोगों तक उनके महान कृतित्व को पहुंचाने में सहायक होगी। राजमाता अहिल्याबाई होलकर हमारे गौरवशाली इतिहास की महान प्रेरणापुंज हैं। उनके जीवन चरित्र से वर्तमान एवं भावी पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने रामराज्य की अवधारणा को साकार किया। तीन दशकों तक उन्होंने होलकर राजवंश का नेतृत्व किया। उन्होंने प्रशासन, न्याय और जनकल्याण की अनुकरणीय व्यवस्था प्रदान की। दक्षिण में कांची, उत्तर में बद्रीनाथ, पूर्व में पुरी और पश्चिम में द्वारका तक, हर स्थान पर उनके पुण्य कार्यों की छाप मिलती है। वे इंदौर की महारानी थीं, परंतु उन्होंने अपने को किसी भौगोलिक सीमा में नहीं बाँधा। देश के विभिन्न हिस्सों में उन्होंने मंदिरों का निर्माण, धर्मशालाओं की स्थापना की और धर्म की पताका सदैव लहराई।वह सनातन की ध्वजवाहिका रहीं। जब महारानी अहिल्याबाई का नाम आता है तो हाथों में शिवलिंग लिए हुए उनकी तस्वीर सजीव हो उठती है। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक चेतना के प्रतीक काशी विश्वनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण कराया। जब औरंगजेब ने काशी विश्वनाथ मंदिर को नष्ट किया, तब यह घटना हिंदू समाज के लिए अत्यंत आघातकारी थी। उस समय माता जीजाबाई ने शिवाजी महाराज से कहा था कि काशी विश्वनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण हमारा सर्वोच्च लक्ष्य होना चाहिए।

डिप्टी डायरेक्टर माया तिवारी हुई ९० लाख ठगी की शिकार

रायपुर/नवप्रदेश । नया रायपुर के सेक्टर 27, ब्लॉक की निवासी माया तिवारी (61 वर्ष) ने थाना राखी में 90 लाख रुपए की ऑनलाइन धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। उनकी शिकायत के आधार पर राखी पुलिस ने भा.न्या.सं. की धारा 318(4) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय में पदस्थ डिप्टी डायरेक्टर माया तिवारी ने आरोप लगाया कि फर्जी ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी बुल मार्केट और easinegyan.pro के जरिए उनसे 89,67,855.72 रुपये की ठगी की गई। माया तिवारी ने बताया कि 3 मार्च 2025 को उनके फेसबुक पर easinegyan.pro का एक विज्ञापन दिखा, जिसमें The Times of India के नाम से शासन के समर्थन से भारी मुनाफे का दावा किया गया था। विज्ञापन में लिखा था, "Thrive Even in a Crisis! How Revolutionary Technology will Allow You to Earn Over Rs. 1,95,000 a Month with Government Support." लिंक क्लिक करने पर एक वीडियो दिखा, जिसमें अधिक रिटर्न का लालच दिया गया. इसके बाद उन्होंने फ्री रजिस्ट्रेशन के लिए अपना नाम, ईमेल और मोबाइल नंबर दर्ज किया. रजिस्ट्रेशन के बाद, जारा अली खान नाम की एक महिला ने उनसे संपर्क कर बुल मार्केट कंपनी में निवेश का लालच दिया. इसके बाद कई खाता प्रबंधकों, जिनमें अनिता शर्मा, सुनीता शर्मा, विग्नेश कुमार (कोच्ची), संजीव कपूर, और दक्ष अग्रवाल शामिल हैं।

■ न्यूज गैलरी

प्रदेश में अब तक 422.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 422.0 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 719.3 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 229.9 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर संभाग में रायपुर जिले में 411.2 मि.मी., बलौदाबाजार में 426.2 मि.मी., गरियाबंद में 348.8 मि.मी., महासमुंद में 385.9 मि.मी. और धमतरी में 337.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों से गुणवत्ता सुधार करने रोडमैप मांगा कुलपतियों के साथ विचार-विमर्श

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल और विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति श्री रमेन डेका ने शैक्षणिक गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए कुलपतियों से दो माह के भीतर रोडमैप मांगा है। उन्होंने आज राजभवन में कुलपतियों के साथ विचार-विमर्श कर छात्रों के हित के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया। बैठक में राज्यपाल के सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना, उच्च शिक्षा विभाग के सचिव डॉ.एस. भारती दासन विशेष रूप से उपस्थित थे।राज्यपाल ने कुलपतियों को निर्देशित किया है कि जिस कोर्स में छात्र और शिक्षक नहीं है, उन्हें बंद किया जाएं। उन्होंने निजी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से कहा कि वे मैनेंजमेंट के साथ बैठक कर गुणवत्ता सुधार की कार्ययोजना बनाकर सितम्बर माह में उपलब्ध कराएं। उन्होंने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मापदंडों एवं नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए।

आर्थिक नाकेबंदी के ऐलान पर मंत्री केदार कश्यप का पलटवार

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस की 22 जुलाई को प्रदेश में आर्थिक नाकेबंदी के ऐलान पर मंत्री केदार कश्यप ने तंज कसा है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने तो प्रदेश का धन गांधी परिवार के लिए अधिग्रहित कर लिया था. पहले उस बात को स्पष्ट करें, तब आर्थिक नाकेबंदी की बात करें. जनता ने जो कांग्रेस को रास्ता दिखाया है, आने वाले समय में उससे बदतर रास्ता दिखाएगी। मंत्री केदार कश्याप ने ईडी की कार्रवाई को लेकर कहा कि पहले भी इसकी जांच चल रही थी. बहुत से लोग संदेह के घेरे में हैं. सवाल-जवाब हो रहे थे। इस पर कुछ मामले स्पष्ट होने चाहिए. उसको स्पष्ट करने की कोशिश ईडी कर रही है। वहीं नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत के हमारी एकता को खंडित करने की कोशिश वाले बयान पर मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि भाजपा ने कभी किसी की एकता को खंडित करने की कोशिश नहीं की. कांग्रेस का इतिहास रहा वह खुद आपस में फूट डालकर अलग-अलग अपना नेतृत्व खड़ा करते हैं. एक दल बनाकर प्रस्तुत करते हैं. बीजेपी जब पैदा नहीं हुई थी, तब से ऐसा चल रहा है।

थैलेसीमिया मुक्त बचपन की ओर कदम

रायपुर /नवप्रदेश । जिला अस्पताल पंडरी में आज थैलेसीमिया से जूझ रहे मासूम बच्चों के लिए प्रोजेक्ट जीवन के अंतर्गत निशुल्क परामर्श और उपचार हेतु विशेष शिविर का सफल आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन और कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर का उद्देश्य उन बच्चों को राहत देना है, जो थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारी के कारण लगातार रक्त चढ़वाने को विवश हैं। शिविर के माध्यम से ऐसे बच्चों को मुफ्त इलाज और बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सुविधा देकर एक बेहतर और स्वस्थ जीवन देने की पहल की गई।

विकास की नई इबारतः धमतरी में बदलते ग्रामीण परिदृश्य की कहानी

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी ज़िला आज छत्तीसगढ़ के प्रगतिशील जिलों में अपनी सशक्त पहचान बना रहा है। कृषि, सिंचाई, पशुपालन, तकनीक, बैंकिंग से लेकर ईको-फ्रेंडली खेती तक, जिले में विकास का पहिया तेज़ी से घूम रहा है। यह बदलाव न सिर्फ प्रशासन की योजनाओं का परिणाम है, बल्कि किसानों, पंचायतों और स्थानीय समुदायों की सहभागिता का प्रमाण भी है। विशेष रूप से कलेक्टर श्री अभिनाश मिश्रा की दूरदर्शी सोच और ज़मीनी काम ने जिले में सकारात्मक परिवर्तन को गति दी है।

फसलों में विविधताः नारियल, मखाना और औषधीय खेती

नगरी क्षेत्र में 4000 नारियल के पौधों का रोपण किया गया है और एक नारियल नर्सरी की स्थापना की जा रही है, जो लंबी अवधि में किसानों की आय बढ़ाने में मदद करेगी। यह न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर है, बल्कि महानदी के तटीय क्षेत्र में हरित पट्टी के विकास से पारिस्थितिकी तंत्र सुदृढ़ होगा और स्थानीय समुदायों की आजीविका के नए द्वार खुलेंगे। शासन का उद्देश्य आने वाले समय में इस अभियान को और भी व्यापक स्तर पर विस्तार देना है, जिससे महानदी सदैव स्वच्छ, समृद्ध और संजीवनी बनी रहे।

वहीं दूसरी ओर, औषधीय पौधों की खेती को 200 एकड़ में बढ़ावा दिया गया है। इस योजना में बाय-बैक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जिससे किसान अपनी उपज की बिक्री को लेकर आश्वस्त रहेंगे।

तालाबों और डुबान क्षेत्रों में मखाना की खेती को भी प्रोत्साहन मिल रहा है, जिसे इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। यह खासतौर पर मछुआरा समुदाय के लिए नए रोज़गार और आय का स्रोत बन रहा है।

सिंचाई और बैंकिंगः बुनियादी सुविधाओं का विस्तार

जहां-जहां अब तक सिंचाई की सुविधाएं नहीं पहुंची थीं, वहां सूक्ष्म सिंचाई योजनाओं की शुरुआत की जा रही है।

तकनीक से खेतीः कुरुद का एआई और आईओटी प्रयोग

कुरुद क्षेत्र के 20 गांवों में 200 किसानों के खेतों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इंटरनेट ऑफ थिंग्स तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है। ये तकनीकें मिट्टी की नमी, तापमान, फसल की वृद्धि और कीट नियंत्रण की रियल टाइम जानकारी प्रदान करती हैं। इसके अलावा, 5 पंचायतों में मौसम केंद्र (वेदर स्टेशन) लगाए जा रहे हैं जो किसानों को मौसम के पूर्वानुमान उपलब्ध कराएंगे। यह एक पायलट प्रोजेक्ट है, और इसकी सफलता के बाद इसे पूरे जिले में लागू किया जाएगा। यह भविष्य की स्मार्ट खेती की नींव रख रहा है।

भंडारण और मंडियों में सुधारः किसान सशक्तिकरण की दिशा में कदम

किसानों की सबसे बड़ी ज़रूरत उनकी उपज का सुरक्षित भंडारण और बेहतर विपणन है। इसी सोच के तहत धमतरी की समितियों में नए गोदामों का निर्माण कराया जा रहा है, ताकि किसानों को उपज खराब होने के डर से जल्दबाज़ी में बेचने की मजबूरी से राहत मिले। साथ ही, धमतरी, कुरुद और नगरी की मंडियों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है, जिससे किसानों को साफ-सुथरा वातावरण, उचित तौल, डिजिटल भुगतान जैसी सुविधाएं मिलेंगी। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी।

कोपेडीही में नहीं मिला रहा राशन , ग्रामीण परेशान

पाटन/नवप्रदेश। कोपेडिही। सरकारी राशन दुकान के महीने में दो या तीन दिन ही खुलता है जिसका भी कोई समय सीमा निर्धारण नहीं है जिससे कोपेडीही के ग्रामीणों का खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अवस्थित राशन वितरण प्रणाली से ग्रामीणों में नाराजगी भी है।

कोपेडीही निवासियों ने बताया कि सरकारी राशन की दुकान महीने में दो या तीन दिन ही खुलता है जिस पर भी उसका कोई समय सीमा नहीं है ग्रामीणों को कई बार पता भी नहीं चलता कि आज सरकारी राशन का दुकान खुला हुआ है। जिसको राशन मिल गया तो मिल गया नहीं तो फिर वह दूसरी जगह से ले सकते हैं या फिर आने वाले महीने का इंतजार करते हैं। ग्रामीणों में कमल यादव,महेंद्र कुमार यादव,केदारनाथ साहू, चंदन साहू,लेखराम यादव, राजू यादव,अंजलि टंडन,कौशल्या साहू,रेनू यादव,राधा साहू, राधा देवांगन,श्याम बाई कोसले सहित ग्राम वासियों ने कहा कि सरकारी राशन का वितरण सही समय पर होना चाहिए और किस दिन राशन की दुकान खुलेगा इसका भी समय सीमा निर्धारण होना चाहिए। ग्राम वासियों ने कहा कि अचानक पता चलने पर वह अपना सारा कार्य छोड़कर सरकारी राशन दुकान की ओर दौड़ते हैं ताकि उन्हें राशन मिल सके उन्होंने बताया कि विगत कई महीनो से यह स्थिति बनी हुई है।

पावर टिलर बन रहा है बदलाव का आधार

■ **75 प्रगतिशील किसानों और महिला स्व-सहायता समूहों को पावर टिलरों का वितरण**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ का दंतेवाड़ा जिला अब जैविक खेती के साथ-साथ आधुनिक खेती के उपकरण को अपनाने के लिए भी तेजी से आगे आ रहा है। जिला प्रशासन ने हाल ही में यहां के 75 प्रगतिशील किसानों और महिला स्व-सहायता समूहों को पावर टिलरों का वितरण किया है।

सबसे बड़ी बात है कि इन आधुनिक खेती के उपकरणों का उपयोग व्यक्तिगत खेती में ही नहीं किया जा रहा है, बल्कि महिला स्व-सहायता समूह के माध्यम से इनके सामूहिक उपयोग मॉडल पर भी जोर दिया गया है, जिससे गांव के अन्य किसान भी इसका लाभ उठा सकें।

पावर टिलर के माध्यम से किसान खेतों की गहरी जुताई करने के साथ-साथ मिट्टी को बारीक करने और जैविक खादों को समरस रूप से मिलाने में कर रहे हैं। जहां पहले पारंपरिक हल से खेत की जुताई में दो से तीन दिन लगते थे, वहीं अब यह काम कुछ ही घंटों में पूरा हो रहा है। पावर टिलर का आकार छोटा और संचालन सरल होने के कारण यह छोटे जोत के किसानों के लिए भी उपयुक्त है।

ग्राम हीरानार के किसान लूदरुराम और ग्राम कासौली के सुरेश नाग बताते हैं कि पावर टिलर के उपयोग से खेती करना अब पहले से ज्यादा आसान हो गया है। समय की बचत हो रही है। उत्पादन में भी सुधार देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह मल्टीपरपज मशीन न केवल जुताई के काम आती है, बल्कि मिट्टी पलटने, कतार बनाने, निंदाई-गुड़ाई, खाद मिलाने और ट्रॉली से परिवहन जैसे कार्यों में भी सहायक है। इससे श्रम लागत में कमी आई है और जैविक खेती भी टिकाऊ और लाभदायक बना है। विशेषकर युवा किसान भी अब आधुनिक कृषि तकनीकों की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की उपसमिति की बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की अध्यक्षता में 18 जुलाई को विशुद्ध रूप से राजनीतिक आंदोलनों से सम्बंधित दर्ज अपराधों पर मंत्रिपरिषद की उपसमिति की बैठक विधानसभा परिसर, रायपुर में सम्पन्न हुई। बैठक में मंत्रिपरिषद के उप समिति के सदस्य उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव, कृषि मंत्री श्री राम विचार नेताम एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े उपस्थित रहे। मंत्रिपरिषद उपसमिति की बैठक में विभिन्न जिलों से प्राप्त विशुद्ध रूप से राजनीतिक आंदोलनों से सम्बंधित दर्ज प्रकरणों में से 15 प्रकरणों की समीक्षा की गई। मंत्रिपरिषद उपसमिति द्वारा इन अनुशंसाओं को मंत्रिपरिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत करेगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने बताया कि अब तक मंत्रिमण्डलीय उपसमिति की बैठक में 139 विशुद्ध रूप से राजनीतिक आंदोलनों से सम्बंधित दर्ज प्रकरणों को प्रस्तुत किया जा चुका है जिसमे से 126 प्रकरणों को कैबिनेट की बैठक में अनुशंसा प्राप्त की जा चुकी है।

आंगनबाड़ियों में दिख रहा बदलाव, बच्चों को मिल रहा खेल-खेल में ज्ञान, संस्कार और पोषण

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की आंगनबाड़ियाँ अब बच्चों के पोषण के साथ-साथ शिक्षा, संस्कार और स्वास्थ्य के नए केंद्र बन रही हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा है कि ÷राज्य सरकार का लक्ष्य आंगनबाड़ियों को नवाचारयुक्त बाल विकास केंद्र के रूप में स्थापित करना है, जहां बचपन संवरता है और भविष्य मजबूत होता है।

राज्य के अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्र अब पारंपरिक स्वरूप से निकलकर प्री-स्कूल प्ले लर्निंग स्पेस के रूप में विकसित किए जा रहे हैं। यहां बच्चों को कहानियों, चित्रों, लोकगीतों और गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता, भाषा विकास और नैतिक मूल्यों की शिक्षा दी जा रही है। बेमेतरा जिले का बोइरकछरा आंगनबाड़ी केंद्र राज्य में एक उत्कृष्ट मॉडल बनकर उभरा है। यहां बच्चों का शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक और रचनात्मक विकास सुनियोजित तरीके से हो रहा है। दीवारों पर शैक्षणिक चित्रों और बालगीतों की प्रस्तुति, ÷मोर जन्म दिन÷ कैलेंडर और बच्चों के लिए तैयार किए गए ÷कैरी बैग÷ जैसे नवाचार बच्चों में आत्मविश्वास और सामाजिकता का संचार कर रहे हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों में किशोरी बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता, आत्मरक्षा, पोषण और आत्मनिर्भरता के गुर सिखाए जा रहे हैं। वहीं गर्भवती महिलाओं को स्तनपान, नवजात देखभाल और संतुलित आहार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी जा रही हैं। पूरक पोषण आहार योजना के तहत बच्चों और महिलाओं को पौष्टिक भोजन जैसे हरे साग, मुनगा भाजी पाउडर, फल, रोटी-सब्जी और दाल-भात प्रदान किया जा रहा है। बेमेतरा की जिला कार्यक्रम अधिकारी ने जानकारी दी कि बोइरकछरा केंद्र में महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना, सुकन्या समृद्धि योजना और महिला सक्षम कोष सहित सभी प्रमुख योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस सफलता के पीछे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती प्यारी ध्रुव और सहायिका की अहम भूमिका रही है।

छत्तीसगढ़ की खेल प्रतिभाएं छुएंगी आकाश आधुनिक तकनीक से होंगे खिलाड़ी पारंगत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की खेल प्रतिभाएं अब आकाश को छूएंगी। राज्य के खिलाड़ी प्रारंभिक स्तर से ही आधुनिक तकनीकों के माध्यम से दक्ष बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से आज उनके निवास कार्यालय में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता शूटर श्री अभिनव बिंद्रा ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री बिंद्रा से छत्तीसगढ़ में ओलंपिक वैल्यू एजुकेशन, स्पोर्ट्स इंजरी रिकवरी एवं स्पोर्ट्स साइंस डेवलपमेंट के विषय में विस्तारपूर्वक चर्चा की।मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने श्री बिंद्रा का पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने श्री बिंद्रा से छत्तीसगढ़ में खेल गतिविधियों के विकास एवं खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने संबंधी योजनाओं पर गहन चर्चा की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने चर्चा के दौरान कहा कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है। प्रदेश के युवाओं में खेलों के प्रति स्वाभाविक रुचि एवं नैसर्गिक प्रतिभा है, विशेषकर आदिवासी अंचलों के युवाओं में अत्यधिक संभावनाएं हैं। इस परिप्रेक्ष्य में श्री बिंद्रा ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि वे छत्तीसगढ़ में ओलंपिक वैल्यू एजुकेशन, स्पोर्ट्स इंजरी रिकवरी और स्पोर्ट्स साइंस कार्यक्रम प्रारंभ करना चाहते हैं।

न्यूज गैलरी

सेंसेक्स लाल निशान में खुला बैंकिंग शेयरों में बिकवाली

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में खुला। सुबह 9ः44 पर सेंसेक्स 242 अंक या 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,014 और निफ्टी 64 अंक या 0.26 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 25,044 पर था।बिकवाली का नेतृत्व बैंकिंग शेयरों की ओर से किया जा रहा है। शुरुआती कारोबार में निफ्टी बैंक 323 अंक या 0.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ 56,490 पर था।लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप में सपाट कारोबार हो रहा है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 68 अंक या 0.11 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 59,450 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 21 अंक या 0.11 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 19,095 पर था।निफ्टी में ऑटो, पीएसयू बैंक, मेटल, रियल्टी और कमोडिटी हरे निशान में थे। आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, एफएमसीजी, एनर्जी, प्राइवेट बैंक और इन्फ्रा लाल निशान में थे।सेंसेक्स पैक में एमएंडएम, टाटा स्टील, पावर ग्रिड, एलएंडटी, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंफोसिस, टाटा मोटर्स, बीईएल, एनटीपीसी, टीसीएस, ट्रेंट और मारुति सुजुकी टॉप गेनर्स थे। एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, इटरनल (जोमैटो), एचयूएल, सन फार्मा, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन और बजाज फिनसर्व टॉप लूजर्स थे।जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार डॉ. वीके विजयकुमार ने कहा, जुलाई में अब तक भारत ज्यादातर बाजारों के मुकाबले कमजोर प्रदर्शन कर रहा है, निफ्टी में 1.6 प्रतिशत की गिरावट आई है।

एएमपी 2047 उप-समितियों की उद्घाटन बैठक उद्देश्यों की रूपरेखा तैयार करने के लिए आयोजित की गई

केंद्र ने भारत के ऑटोमोटिव मिशन प्लान 2047 के लिए शुरू किया काम

नई दिल्ली। भारी उद्योग मंत्रालय ने ऑटोमोटिव मिशन प्लान 2047 (एएमपी 2047) तैयार करने की पहल की है। इसका उद्देश्य 2047 तक भारत को ग्लोबल ऑटोमोटिव सेक्टर में अग्रणी बनाने के लिए इनोवेशन, वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता और सस्टेनेबल डेवलपमेंट को बढ़ावा देना है। गुरुवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

बयान में बताया गया कि यह पहल विकसित भारत 2047 विजन के अनुरूप एक रणनीतिक रोडमैप है, जो पिछली ऑटोमोटिव मिशन योजनाओं की उपलब्धियों पर आधारित है, जिन्होंने हितधारकों के सहयोग से भारत के ऑटोमोटिव सेक्टर में वृद्धि को बढ़ावा दिया था।एएमपी 2047 उप-समितियों की उद्घाटन बैठक उद्देश्यों की रूपरेखा तैयार करने के लिए आयोजित की गई।भारी उद्योग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव हनीफ कुरैशी ने कहा, 2047 का विजन कोई आकांक्षा नहीं, बल्कि एक रणनीतिक रोडमैप है, जो सेक्टर के विकास, निर्यात और उद्योग उन्नति के ठोस लक्ष्यों पर आधारित है। हमें विशिष्ट तकनीकों या कंपनियों से आगे बढ़कर 2047 में भारत की वैश्विक स्थिति पर ध्यान केंद्रित करना होगा, जिसका लक्ष्य इनोवेशन और गुणवत्ता के माध्यम से ग्लोबल ऑटोमोटिव व्यापार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाना है।ऊर्जा मंत्रालय, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, वाणिज्य मंत्रालय, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, डीपीआईआईटी, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और एसआईएएम, एसीएमए, सीआईआई, फिक्की जैसे उद्योग निकायों, शैक्षणिक संस्थानों, शोध थिंक टैंक और परीक्षण एजेंसियों सहित विभिन्न मंत्रालयों के प्रतिनिधियों ने एएमपी

2047 को आकार देने के लिए उद्योग-नेतृत्व वाले प्रयास की शुरुआत करने के लिए इस बैठक में भाग लिया।यह पहल तकनीकी प्रगति और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी चुनौतियों का समाधान करने के लिए ऑरिजिनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स (ओईएम), ऑटो कंपोनेंट निर्माताओं, नीति निर्माताओं, शिक्षाविदों और एंड यूजर्स सहित हितधारकों के सामूहिक दृष्टिकोण को इंटीग्रेट करने का प्रयास करती है। सरकार, उद्योग और शिक्षा जगत के विशेषज्ञों वाली सात उप-समितियां 2030, 2037 और 2047 के लक्ष्यों को लक्षित करते हुए एक व्यापक योजना के विकास का मार्गदर्शन करेंगी।केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी के मार्गदर्शन में मंत्रालय एक आत्मनिर्भर, इनोवेटिव और सस्टेनेबल ऑटोमोटिव इकोसिस्टम के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता पर जोर देता है। बयान में आगे कहा गया है कि उप-समितियों की कई बैठकों में विचारों और आंकड़ों को कंसोलिडेट किया जाएगा ताकि भारी उद्योग मंत्रालय के सचिव कामरान रिजवी की अध्यक्षता वाली शीर्ष समिति के समक्ष प्रस्तुतिकरण किया जा सके।

भारत में निर्मित आईफोन के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका सबसे बड़ा गंतव्य

एप्पल ने भारत में 2025 की पहली छमाही में बनाए रिकॉर्ड तोड़ आईफोन

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने गुरुवार को कहा कि एप्पल ने भारत में स्मार्टफोन निर्माण में एक नया मानक स्थापित किया है और 2025 की पहली छमाही के दौरान आईफोन उत्पादन के साथ-साथ निर्यात में अब तक की सबसे तेज वृद्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने इस उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए ग्लोबल टेक मैन्युफैक्चरिंग में देश की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डालते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, एप्पल ने भारत में रिकॉर्ड आईफोन उत्पादन हासिल किया। मार्केट रिसर्च फर्म

कैनालिस के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी और जून 2025 के बीच भारत में आईफोन उत्पादन सालाना आधार पर 53 प्रतिशत बढ़कर 23.9 मिलियन यूनिट तक पहुंच गया। 2017 में देश में स्मार्टफोन असेंबलिंग शुरू करने के बाद से यह एप्पल का सबसे बड़ा विस्तार है। इस वृद्धि को खासकर चीनी वस्तुओं पर अमेरिका द्वारा उच्च टैरिफ के मंडराते खतरे के बीच एप्पल की चीन पर निर्भरता कम करने की रणनीति के तहत देखा जा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि निर्यात में भी इसी तरह की वृद्धि देखी गई, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 53 प्रतिशत अधिक है। भारत में निर्मित आईफोन के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका सबसे बड़ा गंतव्य था, जहां कुल निर्यात का 78 प्रतिशत निर्यात हुआ, जो एक साल पहले 53 प्रतिशत था। नीदरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, यूके और जापान जैसे अन्य बाजारों में भारतीय आईफोन शिपमेंट में उनकी हिस्सेदारी में गिरावट देखी गई।

कंपनी ने अपनी इलेक्ट्रिक गोल्फ कार्ट में 95 प्रतिशत भारतीय पार्ट्स का किया इस्तेमाल

नई दिल्ली। काइनेटिक ग्रीन की सीईओ सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी ने कहा कि कंपनी द्वारा टोनिनो लेम्बोर्गिनी एसपीए के साथ साझेदारी में वैश्विक बाजार के लिए पेश की गई इलेक्ट्रिक गोल्फ कार्ट में 95 प्रतिशत भारतीय पार्ट्स का इस्तेमाल किया गया है।काइनेटिक ग्रीन की सीईओ सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी ने कहा, काइनेटिक ग्रुप हमेशा इनोवेटिव प्रोडक्ट्स को लाता है। हमने नई टेक्नोलॉजी लाने के लिए हमेशा बड़ी कंपनियों जैसे मर्सिडीज-बेंज, होंडा मोटर कंपनी, हुंडई ताइजिन और कई अन्य के साथ साझेदारी की है और मार्केट में बड़ा बदलाव लाया है।उन्होंने आगे कहा कि यह भी एक ऐसा ही प्रयास है ,जिसमें हमने तेजी से बढ़ रहे गोल्फ और लाइफस्टाइल सेगमेंट में ध्यान केंद्रित किया है और टोनिनो लेम्बोर्गिनी एसपीए के साथ साझेदारी की है।

इसमें भारतीय इंजीनियरिंग और मैन्युफैक्चरिंग के साथ इटली के डिजाइन का एक मिश्रण देखने को मिलेगा। मोटवानी ने बताया, यह पहली बार है जब भारत में बने ईवी प्रोडक्ट्स को दुनिया के सामने पेश किया गया है। मुझे गर्व है कि इसे

बनाने में हमने 95 प्रतिशत भारतीय पार्ट्स का इस्तेमाल किया है और सही मायनों में यह मेड इन इंडिया प्रोडक्ट है।

काइनेटिक ग्रीन एनर्जी ने गुरुवार को 'मेड इन इंडिया' इलेक्ट्रिक गोल्फ कार्ट का ग्लोबल लॉन्च किया था। इस गोल्फ कार्ट को कंपनी ने इटली के ब्रांड टोनिनो लेम्बोर्गिनी एसपीए के साथ मिलकर तैयार किया है।उन्होंने आगे कहा कि इस प्रोडक्ट के लॉन्च के साथ ही काइनेटिक ग्रीन की एंट्री दोपहिया और तिपहिया वाहनों से बढ़कर चारपहिया वाहन सेगमेंट में हो गई है।कंपनी द्वारा लॉन्च की गई गोल्फ और लग्जरी कार्ट की मुख्य फीचर्स में सुगमता के लिए अनुकूलित मैकफर्सन सस्पेंशन और स्थिरता के लिए उन्नत चार-पहिया ब्रेक के साथ हाइड्रोलिक शामिल हैं। पावर यूनिट 45 एनएम टॉर्क और 30 प्रतिशत ग्रेडेबिलिटी उत्पन्न करने में सक्षम है।

सोनी सब के 'इत्ती सी खुशी' में ऋषि सक्सेना की एंट्री

मुंबई। सोनी सब का आगामी फैमिली ड्रामा 'इत्ती सी खुशी' अपनी अनोखी कहानी और दमदार कलाकारों की टीम के कारण दर्शकों में उत्साह बढ़ा रहा है। शो में सुम्बुल तौकीर खान (अन्विता दिवेकर), वरुण बडोला (सुहास दिवेकर) और रजत वर्मा (विराट) जैसे कलाकार पहले से जुड़े हैं।

स्कोडा ऑटो ने भारत में हासिल की एक नई उपलब्धि

बिलासपुर। भारत में 25 साल और दुनिया भर में 130 साल की शानदार विरासत के साथ स्कोडा ऑटो नए मुकाम गढ़ रही है। कंपनी ने इस महीने 2025 की पहली छमाही में अपनी अब तक की सबसे ज़बरदस्त बिक्री दर्ज की है – और अब एक और बड़ी उपलब्धि के रूप में ब्रांड ने देश के 172 शहरों में 300 से अधिक ग्राहक टचपॉइंट्स का आंकड़ा पार कर लिया है। ग्राहक अनुभव को बेहतर से बेहतरीन बनाना स्कोडा ऑटो की भारत में तेज़ रफ्तार विकास रणनीति का मूल मंत्र है। देशभर में तेज़ी से बढ़ता यह नेटवर्क, न केवल स्कोडा की बढ़ती पहुँच का प्रमाण है, बल्कि भारतीय ग्राहकों के बीच उसके मज़बूत होते भरोसे की कहानी भी कहता है।

न्यायालय नायब तहसीलदार 04 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00003 नगपुरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430105900037

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00003 के अंतर्गत ग्राम अंजोरा के वर्तमान भूमिस्वामी स्वप्निल श्रीवास्तव पिता/पति राजकुमार श्रीवास्तव पता एमआईजी 762 बड़े पानी टंकी के पास पद्मनाभपुर दुर्ग, किरण श्रीवास्तव पिता/पति राजकुमार श्रीवास्तव पता एमआईजी 762 बड़े पानी टंकी के पास पद्मनाभपुर दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 785(0.3400) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता स्वप्निल श्रीवास्तव पिता/पति राजकुमार श्रीवास्तव पता एमआईजी 762 बड़े पानी टंकी के पास पद्मनाभपुर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 01.08.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 04 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.07.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल कोहका, तहसील व जिला-दुर्ग
-: सूचना पत्र:-

क्रमांक/62/रा.नि. 2025 कोहका

प्रति,

आवेदक 1. हेमनंदनी चंद्राकर पति भूधरलाल चंद्राकर निवासी मीलपारा दुर्ग, 3 फहीम खान

विषय :- सीमाकंन/स्थल जांच के संबंध में सूचना बाबत्।

ग्राम कुरुद प.ह.नं. 46 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला-दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 34/4, 35/2 रकबा 0.210, 0.105 हे. का सीमांकन/स्थल जांच हेतु न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर/अधीक्षक भू-अभिलेख/ सिविल न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर/ अधीक्षक भू-अभिलेख शाखा दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक दिनांक 12.06.2025 के परिपालन में दिनांक 21.07.2025 को समय 11 से 5 बजे के बीच में सीमांकन/स्थल जांच किया जाना है। अतः आप सभी हितबद्ध पक्षकार अपने दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवे, बाद की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

मुहर — **राजस्व निरीक्षक कोहका**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202507100700099 /अ-06/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक राजेश कुमार टिकरिहा पिता स्व. योगानन्द टिकरिहा निवासी एस.एम. 4 मुकुट नगर तितुरडीह दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम तितुरडीह स्थित भूमि खसरा नंबर 32/13 का टुकडा रकबा 3000 वर्गफीट भूमि को आवेदक के पिता वाय.एन. टिकरिहा पिता सेवाराम के द्वारा विक्रेता छ.ग. विकास गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित भिलाई-3, चरोदा, अध्यक्ष-श्री चन्द्रभान टिकरिहा पिता सेवाराम टिकरिहा से पंजीकृत बैनामा दिनांक 28/05/1987 को कय किया गया है। किन्तु क्रेता वाय.एन. टिकरिहा पिता सेवाराम की मृत्यु दिनांक 13/03/2023 को हो चुकी है। केता द्वारा आवेदित भूमि का भूलवश प्रमाणीकरण नहीं कराये जाने तथा आवेदक के पिता की मृत्यु हो जाने पर पंजीकृत बैनामा के आधार पर नामांतरण करते हुए केता के विधिक वारिसनों का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 31.07.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.07.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार 04 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00003 नगपुरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430105900038

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00003 के अंतर्गत ग्राम अंजोरा के वर्तमान भूमिस्वामी किरण श्रीवास्तव पिता/पति राजकुमार श्रीवास्तव पता एमआईजी 762 पद्मनाभपुर दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 467/3(0.8600), 787/1(0.1700), 787/2(0.1800), 788(0.3700), 789/1(0.2300) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता स्वप्निल श्रीवास्तव पिता/पति राजकुमार श्रीवास्तव पता एमआईजी 762 पद्मनाभपुर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 01.08.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 04 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.07.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक ऐतिहासिक भारत के लिए नए युग की शुरुआत करेगा

नई दिल्ली। अरुणाचल पश्चिम से लोकसभा सांसद 53 वर्षीय रिजिजू ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा कि वह इस विधेयक के शीघ्र ही कानून बनने की उम्मीद कर रहे हैं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू का मानना है कि सोमवार से शुरू हो रहे मानसून सत्र में पेश होने वाला राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक भारत में खेलों के लिए एक नए युग की शुरुआत करेगा।

नाम-परिवर्तन

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शबनम बेगम पति स्व. जमील अहमद, उम्र 40 वर्ष, निवासी-शांतिपारा एकता चौक, भिलाई-3, जिला-दुर्ग (छ.ग.) की हूं। मेरे पुत्र मो. असलान (MD ASLAN) आ. स्व. जमील अहमद की जन्मतिथि 05.01.2010 व आधार कार्ड नंबर-5179 6123 8801 है जो वर्तमान में नाबालिक है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पासबुक, राशन कार्ड में उसका त्रुटिपूर्ण नाम मोहम्मद असलान (MOHAMMAD ASLAN) आ. स्व. जमील अहमद उल्लेखित है। जबकि उसके समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों, निवास प्रमाण पत्र व जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र का शार्टकट नाम मो. असलान (MD ASLAN) आ. स्व. जमील अहमद उल्लेखित है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पास बुक, राशन कार्ड में उल्लेखित त्रुटिपूर्ण नाम मोहम्मद असलान (MOHAMMAD ASLAN) आ. स्व. जमील अहमद व उसके समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों, निवास प्रमाण पत्र व जन्म प्रमाण पत्र में उल्लेखित सहीं नाम मो. असलान (MD ASLAN) आ. स्व. जमील अहमद दोनों एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे पुत्र का नाम है। अत: मेरे पुत्र मो. असलान (MD ASLAN) आ. स्व. जमील अहमद के आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पासबुक, राशन कार्ड में त्रुटिपूर्ण नाम, मोहम्मद असलान (MOHAMMAD ASLAN) आ. स्व. जमील अहमद को संशोधित कर आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पासबुक, राशन कार्ड सहित समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं अन्य अभिलेखों / दस्तावेजों में परिवर्तित / संशोधित सहीं नाम मो. असलान (स्ब्ह स्प्रह) आ. स्व. जमील अहमद लिखना चाहती हूं।

शपथकर्ती
शबनम बेगम

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा अर्चना बघेल घ.प. अतुल कुमार बघेल, निवासी वार्ड नं. 08, छुरियाकला, तहसील छुरिया, जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) ने मो. युनुस आ. मो. शाहाबुद्दीन से एक जमीन, जिसका खसरा नं. 144/2, रकबा 0.0240 हेक्टयर = 2613 वर्गफीट, जो कि ग्राम घोघरे, प.ह.नं. 19, रा.नि.म. छुरिया, तहसील छुरिया, जिला राजनांदगाँव (छ.ग.), संपत्ति ग्राम पंचायत अंतगर्त में स्थित है, रजिस्टर्ड बयनामा दिनांक 27.04.2022 के तहत क्रय किया था। उक्त संपत्ति को मो. युनुस आ. मो. शाहाबुद्दीन व श्रीमती शगुफ्ता परवीन घ.प. श्री आरिफ मेमन से रजिस्टर्ड बयनामा दिनांक 06.07.2018 के तहत क्रय किया था। उक्त संपत्ति को श्रीमती शगुफ्ता परवीन ध.प. श्री आरिफ मेमन व मेराज शरीफ आ. अहमद शरीफ से रजिस्टर्ड बयनामा दिनांक 30.03.2017 के तहत क्रय किया था। उक्त संपत्ति को मेराज शरीफआ. अहमद शरीफव मो. आरिफमेमन आ. स्व. इसुव मोहम्मद मेमन से रजिस्टर्ड बयनामा दिनांक 28.01.2016 के तहत क्रय किया था। उक्त दोनों बयनामा की मूलप्रति (मेराज शरीफआ. अहमद शरीफव मो. आरिफ मेमन आ. स्व. इसुव मोहम्मद मेमन दिनांक 28.01.2016 एवं श्रीमती शगुफ्ता परवीन घ.प. श्री आरिफ मेमन व मेराज शरीफआ. अहमद शरीफदिनांक 30. 03.2017) मेरी पक्षकारा से गुम हो गया था। इस बाबत् मेरी पक्षकारा द्वारा दिनांक 11.07.2025 को पुलिस थाना में शिकायत प्रस्तुत की जा चुकी है। अत: किसी व्यक्ति को उपरोवर्णित दोनों मूल रजिस्टर्ड बयनामा दिनांक 28.01.2016 व 30.03.2017 अगर कहीं भी किसी भी प्रकार से प्राप्त होता है तो वे मेरे कार्यालय में आकर मुझे या मेरे स्टॉफ को सुपुर्द करने का कष्ट करें। आगे किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्था, शासकीय व अर्धशासकीय निकाय, कंपनी, निगम, ग्राम पंचायत, साहूकार, फर्म आदि को किसी भी कारण उक्त दोनों मूल रजिस्टर्ड बयनामा से कोई भी दावा आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं उपस्थित होकर लिखित में दावा आपत्ति दर्ज करावे। समयावधि में आपत्ति नहीं होने पर मेरे पक्षकार अग्रिम कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र होगा। अस्तु सूचना जाने।

शुभ्रा चक्रवर्ती
अधिवक्ता, वास्ते अश्विनी सिंह एंड एसोसिएट्स 12, नगर निगम परिसर सुपेला भिलाई (छ.ग.)
मो. 9302887265

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता ओमकार निषाद पिता मिलाऊ राम निषाद निवासी वार्ड नं. 01 विनोवा नगर परिया पारा, जुनवानी बस्ती, मोतीलाल नेहरू नगर भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूँ जो कि निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरे पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र, पहली से पांचवी तक के अंकसूची में मेरी पुत्री का नाम नीलम निषाद (NEELAM NISHAD) पिता का नाम ओमकार निषाद (OMEKAR NISHAD) तथा माता का नाम सुमन निषाद (SUMAN NISHAD) दर्ज हो गयी है जो कि सही व सत्य है। यह कि मेरे पुत्री के आधार कार्ड, में मेरी पुत्री का नाम लीलम निषाद (LEELAM NISHAD) पिता ओमकार निषाद (OMEKAR NISHAD) दर्ज है जो कि गलत दर्ज हो गया है जिसका आधार क्रमांक 8728 6301 4123 है। यह कि मैं अपनी पुत्री के आधार कार्ड मे अपनी पुत्री का नाम लीलम निषाद (LEELAM NISHAD) के स्थान पर मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र, पहली से पांचवी तक के अंकसूची के अनुसार मेरी पुत्री का नाम नीलम निषाद (NEELAM NISHAD) दर्ज कराना चाहता हूं। यह कि यह शपथ पत्र उक्त कथनों के समर्थन में श्रीमान समक्ष अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत करता हूं। अत: यह शपथ पत्र गजट प्रकाशन बाबत् यह शपथपत्र श्रीमान सक्षम अधिकरी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
ओमकार निषाद
पिता मिलाऊ राम निषाद
निवासी वार्ड नं. 01 विनोवा नगर परिया पारा, जुनवानी बस्ती, मोतीलाल नेहरू नगर भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मै शपथकर्ता अरविन्द यादव (ARAVID YADAV) पिता बरातू यादव (BARTU YADAV) उम्र. 37 निवासी मकान न 230 वार्ड न 36 गंजपारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं कि मेरा नाम दाखिला पंजी में श्रुटिवंश अरूण कुमार यादव पिता का नाम बरातू यादव पता निवासी मकान न 230 वार्ड न 36 गंजपारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. जो कि गलत है। जिसे सुधार का सही नाम जो कि मेरे तथा मेरे परिवार के सदस्यों के आधार में दर्ज अनुसार अरविन्द यादव (ARAVID YADAV) पिता- बरातू यादव (BARTU YADAV) निवासी मकान न 230 वार्ड न 36 गंजपारा दुर्ग, से जाना जावे तथा दर्ज किया जायें। यह कि अपने इस निश्चय को प्रकट करने के प्रयोजनार्थ घोषणा करता हूँ, कि मैं अपने नाम इसके बाद समस्त समयो पर अभिलेखो, विलेखों में और समस्त कार्यवाहियों तथा संव्यवहारों से चाहे वे प्रायवेट हो या सरकारी हो या समस्त अवसरों पर मेरे दाश्विला पंजी में दर्ज नाम अरूण कुमार यादव पिता बरातू यादव (BARTU YADAV) के स्थान पर मेरा नाम अन्य दस्तावेजों में दर्ज नाम अरविन्द यादव (ARAVID YADAV) बरातू यादव (BARTU YADAV) का उपयोग करेगी और इसी नाम से हस्ताक्षर पिता करेगी। यादव 03 यह कि समस्त व्यक्तियों को आगे व्यक्तिगत रूप से प्राधिकृत करती हुँ तथा निवेदन करती हूँ कि इसके पश्चात् समस्त समयों पर मेरा नाम अंगीकृत संशोधित अरविन्द (ARAVID YADAV) पिता- बरातू यादव (BARTU YADAV) से ही दर्ज करें। यह कि जिसके साक्ष्य में मैनें अपना आधार कार्ड में दर्ज नाम अरविन्द यादव (ARAVID YADAV) पिता - बरातू यादव (BARTU YADAV) से इस विलेख पर हस्ताक्षर कर दिया है जिसे हेतु यह शपथ पत्र गजट प्रकाशन के लिये श्रीमान् अनुविभागीयदण्डाधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर रही हैं।

शपथकर्ता
अरविन्द यादव

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम अनिता — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202506100400205/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका अनिता आ./पति श्री राजकुमार निवासी प्रेमनगर सुपेला भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कुरुद प.ह.न. 46 तह. व जिला दुर्ग	1028/37	0.0099 हें वर्गफीट 1070	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

एनएमडीसी सीएसआर प्रायोजित कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं

नि:शुल्क पाठ्यक्रम

एनएमडीसी NMDC RESPONSIBLE MINING

एनएमडीसी हैदराबाद स्थित केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) में कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए दंतेवाड़ा व बस्तर से 500 जनजातीय उम्मीदवारों को प्रायोजित कर रहा है।

प्रस्तावित पाठ्यक्रम	अवधि	पात्रता मापदंड
मशीन ऑपरेटर - एनएसक्यूएफ स्तर IV पाठ्यक्रम	6 महीने	8वीं पास
प्लास्टिक प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा	3 वर्ष	10वीं पास
प्लास्टिक मोल्ड प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा	3 वर्ष	10वीं पास
प्लास्टिक प्रसंस्करण और परीक्षण में स्नातकोत्तर डिप्लोमा	2 वर्ष	विज्ञान में स्नातक

प्रवेश पहले आओ पहले पाओ के आधार पर 20 जुलाई से 30 जुलाई तक होगा

पात्रता मानदंड और आवेदन जमा करने के लिए: के सुबह : 10.30 से शाम 5.30 तक

दंतेवाड़ा के लिए: ऑडिटोरियम हॉल, बीआईओपी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीआईओएम किरन्दुल कॉम्प्लेक्स, एनएमडीसी किरन्दुल श्री सुखराम नागदे : 8305547737

बस्तर के लिए: एनएमडीसी डीएवी प्राइवेट इण्डस्ट्रियल ट्रेनिंग इन्स्टिट्यूट नगरनार पंचायत भवन के पास, नगरनार जिला - बस्तर श्री अभिषेक पवार : 9424281754 श्री सचिन तिवारी : 9340136656 श्री विनोद पान्डेय : 8718888144

खुशियां बिखेरते हुए एनएमडीसी

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र./202507101200013 /अ-74/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश कुमार पिता स्व. सेमउराम निवासी अण्डा के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि उनके भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम अण्डा प.ह.न. 32 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 385 रकबा 0.00100 हे. भूमि दर्ज है। उक्त भूमि का मूल ऋण पुस्तिका गुम हो गया है जिसका द्वितीय प्रति में ऋण पुस्तिका प्राप्त करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25.07.2025 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10.07.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र//अ-06/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनील बंजारे पिता स्व. गोविंद जाति सतनामी पता- ग्राम डूमरडीह तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि मौजा- डूमरडीह प.ह. नं. 51 स्थित भूमि खसरा नंबर 633 रकबा 0.1000 हेक्टेयर लगान 0.12 पैसा भूमि भूमिस्वामी गोविंद पिता रामसिंग पता- डूमरडीह के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी गोविंद पिता रामसिंग की मृत्यु दिनांक 04/10/2018 को हो चुकी है, मृतक भूमिश्वामी गोविंद पिता रामसिंग के मृत्यु उपरांत राजस्व अभिलेख से नाम विलोपित कर उनके वारिसानों सुनील बंजारे (पुत्र), संजय बंजारे (पुत्र), धनराज बंजारे (पुत्र) दाऊलाल बंजारे (पुत्र), सीत बाई जोशी (पुत्री), उत्तरा बाई बंजारे (पत्नि) का नाम दर्ज किये जाने फौती नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21.07.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.07.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202505104500082
विषयः अ-06/सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

कानाकोट प.ह.न. 00028 (हे.)

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- हीराराम
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राग कानाकोट प.ह.नं. 28 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक हीराराम पिता जगतराम निवासी कानाकोट द्वारा ग्राम कानाकोट प.ह.नं. 28 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित खाताधारक जगदेव पिता आधारी के नाम दर्ज भूमि खसरा नंबर 511 रकबा 0.15 हे. को खाताधारक जगदेव के गोद पुत्र आवेदक के नाम नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत आधार पर न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा आपत्ति हो तो सुनवाई हेतु नियत तिथि 08.08.2025 तक स्वयं अथवा अपगै द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार पाटन (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र./202507100700107 /अ-06/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती रमशीला बाई यादव अन्य पिता/पति स्व. राधेश्याम यादव निवासी ग्राम कसाराडीह तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 763/1 का टु. रकबा 700 वर्गफीट भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार क्रेता मेहत्तर उर्फ लल्ला की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक क्रेता के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 08.08.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.07.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र./202507100700108 /अ-06/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती रमशीला बाई यादव अन्य पिता/पति स्व. राधेश्याम यादव निवासी ग्राम कसाराडीह तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 763/1 का टु. रकबा 840 वर्गफीट भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार क्रेता लल्ला उर्फ मेहत्तर की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक क्रेता के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 08.08.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.07.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक - यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com